वर्ष-07 - अंक 293
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
गुरुवार, 30 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

swatantraprabhat.com

# स्वतंत्र प्रभात

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या, प्रयागराज, मिर्जापुर, गोरखपुर, बरेली, बुंदेलखंड, उत्तराखंड, देहरादून गाज़ियाबाद, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, झारखण्ड, बिहार, मध्य प्रदेश, असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

गोशालाओं को उत्कृष्ट व आत्मनिर्भर बनाने की नई पहल................ 3
कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से विश्व कप तक उन्नाव की........... 4
10 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी प्रयागराज की सड़कें ......... 11

## काशी से सीएम योगी की घोषणा

# भदोही का नाम होगा संत रविदास नगर

**वाराणसी(एजेंसी)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर बुधवार को वाराणसी के सीर गोवर्धन स्थित संत रविदास जन्मस्थली मंदिर में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि भदोही जनपद का नाम पुनः 'संत रविदास नगर' किया जाएगा। उन्होंने इसी अवसर पर 'समरसता संकल्प अभियान' का शुभारंभ भी किया और संत रविदास के समता, मानवता एवं सामाजिक सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से पहले संत रविदास की जन्मस्थली पर दर्शन-पूजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास ने ऐसे समय में समाज को समानता, समरसता और मानवता का संदेश दिया, जब सामाजिक भेदभाव और ऊंच-नीच की भावना समाज को विभाजित कर रही थी। उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण और सामाजिक एकता के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार संत रविदास की विरासत के संरक्षण और उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संत रविदास की तपोभूमि और कर्मभूमि से जुड़ी ऐतिहासिक पहचान को



सम्मान देने के उद्देश्य से भदोही का नाम फिर से संत रविदास नगर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज को यह संदेश दिया कि किसी व्यक्ति का मूल्य उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म और चरित्र से तय होता है। उनके आदर्श आज भी सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता के लिए मार्गदर्शक हैं। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने बताया कि संत रविदास जन्मस्थली की पावन मिट्टी का विधिवत पूजन कर उसे 131 कलशों में संग्रहित किया गया है। यह पवित्र मिट्टी देशभर के 20 हजार से अधिक स्थानों तक पहुंचाई जाएगी, ताकि संत रविदास के विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने कहा कि संत रविदास की 'बेगमपुरा' की अवधारणा ऐसे समाज की परिकल्पना है, जहां किसी प्रकार का भेदभाव, दुख या असमानता न हो और प्रत्येक व्यक्ति सम्मान के साथ जीवन जी सके। भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि संत रविदास ने अपने जीवन और वाणी से समाज को समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया। उन्होंने संत रविदास की प्रसिद्ध वाणी 'एकै माटी के सभ भांडे' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समस्त मानव समाज की एकता और समानता का प्रतीक है तथा जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोच्च मानने की प्रेरणा देती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों में 'रविदास जी सबके हैं और हम सब रविदास जी के हैं।' उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार सामाजिक परिवर्तन और समानता के प्रतीक हैं तथा भाजपा सरकार संतों और महापुरुषों की विरासत को संरक्षित करने के साथ उनके संदेशों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में पहले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के शामिल होने का कार्यक्रम था, लेकिन बिहार विधानसभा उपचुनाव की व्यस्तताओं के कारण उनका दौरा निरस्त हो गया। हालांकि प्रशासन और भाजपा संगठन ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थीं। समारोह में बड़ी संख्या में संत समाज, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से संत रविदास के समरसता, समानता और मानव कल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

# देश का पहला सैन्य चिकित्सा विभाग शुरू, युद्ध तैयारी को मिलेगी नई मजबूती

## लखनऊ कमांड अस्पताल में विभाग का उद्घाटन, राजनाथ सिंह बोले- अनुसंधान और आधुनिक तकनीक से बढ़ेगी सेना की क्षमता

**लखनऊ(एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को वर्चुअल माध्यम से लखनऊ स्थित कमांड अस्पताल (केंद्रीय कमान) में डिपार्टमेंट ऑफ मिलिट्री मेडिसिन का उद्घाटन किया। यह देश का पहला समर्पित सैन्य चिकित्सा विभाग है, जिसका उद्देश्य युद्धकालीन चिकित्सा तैयारियों, अनुसंधान, प्रशिक्षण और भविष्य की सैन्य चुनौतियों से निपटने की क्षमता को मजबूत करना है। रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सुरक्षा उसकी सेना की शक्ति और मनोबल पर आधारित होती है। यह नया विभाग सैनिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ राष्ट्रीय सुरक्षा को भी नई मजबूती देगा। उन्होंने कहा कि विभाग अनुसंधान एवं विकास तथा उत्कृष्टता केंद्र के रूप में उभरते सुरक्षा खतरों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने प्रौद्योगिकी आधारित निवारक स्वास्थ्य सेवाओं पर बल देते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), पहनने योग्य उपकरण, भविष्यसूचक विश्लेषण और उन्नत निदान तकनीकों की सहायता से सैनिकों के स्वास्थ्य की वास्तविक समय में निगरानी और संभावित स्वास्थ्य जोखिमों की समय रहते पहचान संभव होगी। नया विभाग युद्ध चिकित्सा,



आघात एवं क्षति नियंत्रण, युद्ध मनोचिकित्सा, पर्यावरण एवं परिचालन चिकित्सा, रासायनिक, जैविक, विकिरणीय, परमाणु एवं विस्फोटक (सीबीआरएनई) चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर), टेलीमेडिसिन तथा सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में कार्य करेगा। यहां सैन्य चिकित्सा में स्नातकोत्तर शिक्षा, स्वदेशी अनुसंधान और सेना चिकित्सा कोर के चिकित्सकों का विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कार्यक्रम में सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ, रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह, सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, केंद्रीय कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता, सर्जन वाइस एडमिरल



आरती सरीन सहित सेना और रक्षा मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सरकार के अनुसार, यह विभाग रक्षा रणनीति विजन 2026-30 के अनुरूप स्थापित किया गया है और भविष्य की रक्षा चुनौतियों के लिए भारत की तैयारी को और मजबूत करेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भारतीय नाविकों के लिए डीजीएमए की एडवाइजरी जारी

**नई दिल्ली।** अदन की खाड़ी और अफ्रीका के हॉर्न क्षेत्र से गुजरने वाले समुद्री मार्गों पर बढ़ते सुरक्षा जोखिमों के बीच समुद्री प्रशासन महानिदेशालय (डीजीएमए) ने भारतीय नाविकों की सुरक्षा को लेकर नई एडवाइजरी जारी की है। यह सलाह उन सभी भारतीय तथा विदेशी ध्वज वाले जहाजों के लिए जारी की गई है, जिन पर भारतीय नाविक तैनात हैं। डीजीएमए ने जहाज मालिकों, जहाज संचालकों, कप्तानों, कंपनी सुरक्षा अधिकारियों (सीएसओ) तथा भर्ती एवं नियुक्ति सेवा लाइसेंस (आरपीएसएल) एजेंसियों को निर्देश दिया है कि इस संवेदनशील समुद्री क्षेत्र से गुजरते समय अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए और समुद्री डकैती व अन्य सुरक्षा खतरों से बचाव के लिए बेस्ट मैनेजमेंट प्रैक्टिस (बीएमपी-5) के नवीनतम दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। एडवाइजरी ऐसे समय जारी की गई है, जब अप्रैल 2026 से अदन की खाड़ी और अफ्रीका के हॉर्न क्षेत्र में समुद्री डकैती की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन घटनाओं को देखते हुए समुद्री सुरक्षा एजेंसियों ने जहाजों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर दिया है। महानिदेशालय ने निर्देश दिया है कि उच्च जोखिम वाले क्षेत्र (एचआरए) में प्रवेश करने से पहले प्रत्येक जहाज की सुरक्षा से जुड़े संभावित खतरों का व्यापक आकलन किया जाए।

### 12 वर्ष से जेल में बंद इंडियन मुजाहिदीन के दो आरोपितों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने आतंकवादी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़े मामले में वर्ष 2014 से जेल में बंद दो आरोपितों मोहम्मद साकिब अंसारी और वकार अजहर को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि मुकदमे में अत्यधिक देरी के कारण उनकी लगातार हिरासत संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत प्रदत्त व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि दोनों आरोपित लगभग 12 वर्षों से न्यायिक हिरासत में हैं, जबकि मुकदमे के शीघ्र पूरा होने की कोई संभावना दिखाई नहीं देती। अदालत ने माना कि मुकदमे की प्रगति बेहद धीमी रही है और इस स्थिति में अनिश्चितकाल तक हिरासत उचित नहीं ठहराई जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी उल्लेख किया कि मामले के एक सह-आरोपी को पहले ही जमानत मिल चुकी है। अदालत ने पाया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ दिल्ली और राजस्थान में दर्ज मामलों में कई आरोप समान प्रकृति के हैं।

# दिव्यांगों के लिए सुलभता नियम मजबूत करने के निर्देश

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** सर्वोच्च न्यायालय ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सार्वजनिक स्थानों और सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह दिव्यांगजन अधिकार (आरपीडब्ल्यूडी) अधिनियम, 2016 के तहत तैयार किए गए नियमों के मसौदे पर विशेषज्ञों और याचिकाकर्ताओं द्वारा दिए गए सुझावों पर गंभीरता से विचार करे। अदालत ने कहा कि नियमों को अंतिम रूप देने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें कोई कमी न रह जाए और वे अधिनियम के उद्देश्य को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि राजपत्र



में अधिसूचना जारी करने से पहले प्राप्त सुझावों का समुचित परीक्षण किया जाए। अदालत ने कहा कि मजबूत और व्यावहारिक नियम दिव्यांगजनों को सार्वजनिक सुविधाओं तक बेहतर पहुंच दिलाने में सहायक होंगे। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने यह भी पाया कि दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा अंडमान एवं

**अदालत ने कहा कि नियमों को अंतिम रूप देने से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि उनमें कोई कमी न रह जाए और वे अधिनियम के उद्देश्य को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरित सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा कि राजपत्र में अधिसूचना जारी करने से पहले प्राप्त सुझावों का समुचित परीक्षण किया जाए। अदालत ने कहा कि मजबूत और व्यावहारिक नियम दिव्यांगजनों को सार्वजनिक सुविधाओं तक बेहतर पहुंच दिलाने में सहायक होंगे।**

निकोबार सहित 11 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत राज्य आयुक्तों की नियुक्ति नहीं की गई है। इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए अदालत ने सभी संबंधित राज्यों को चार सप्ताह के भीतर राज्य आयुक्त नियुक्त करने का निर्देश दिया और कहा कि आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा मुख्य आयुक्त तथा उनकी सहायता के लिए दो आयुक्तों की नियुक्ति नहीं किए जाने पर भी नाराजगी जताई। अदालत ने चार सप्ताह के भीतर इन पदों पर नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही मामले में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने के आदेश देते हुए अगली सुनवाई अगले वर्ष जनवरी में तय की।

# ममता ने चुनाव आयोग से जल्द निर्णय की मांग की

**कोलकाता(एजेंसी)।** तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) में असली पार्टी को लेकर चल रहे विवाद के बीच पार्टी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग से मामले का शीघ्र निस्तारण करने की मांग की है। उन्होंने आयोग को पत्र भेजकर कहा कि उनके गुट ने निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत कर दिया था, जबकि प्रतिद्वंद्वी गुट को दो बार समय बढ़ाए जाने के बावजूद अब तक जवाब दाखिल नहीं किया गया है। ममता बनर्जी ने अपने पत्र में कहा कि चुनाव आयोग ने उनके गुट को 6 जुलाई 2026 तक जवाब दाखिल करने का समय दिया था और उन्होंने तय समय के भीतर सभी तथ्य एवं दस्तावेज आयोग को उपलब्ध करा दिए। इसके बाद आयोग ने प्रतिद्वंद्वी गुट को पहले 10 जुलाई और फिर 25 जुलाई तक अतिरिक्त समय दिया,



लेकिन निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी उनकी ओर से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यदि दो बार समय बढ़ाने के बाद भी प्रतिद्वंद्वी पक्ष अपना जवाब दाखिल नहीं कर पाया है, तो यह माना जा सकता है कि उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और तर्कों का प्रभावी उत्तर उनके पास नहीं है। ऐसे में मामले में अनावश्यक देरी उचित नहीं है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि अतिरिक्त समय का उपयोग प्रतिद्वंद्वी गुट अपने पक्ष को मजबूत दिखाने के लिए कथित तौर पर नए और भ्रामक साक्ष्य तैयार करने में कर रहा है।

# संसदीय नियमों का पालन नहीं कर पाए राहुल : संबित पात्रा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रेस वार्ता के बाद भारतीय जनता पार्टी ने उनके आरोपों का जवाब देते हुए पलटवार किया। भाजपा सांसद एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी का यह दावा गलत है कि उन्हें संसद में अपनी बात रखने का अवसर नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी तथ्यों से ध्यान भटकाने और भ्रम की स्थिति पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में संबित पात्रा ने कहा कि पूरे दिन आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा, जबकि इस विषय पर चर्चा संसद के भीतर होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां ऐसी बनीं कि भाजपा को देर रात मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखना पड़ा। पात्रा ने कहा कि संसद में 45 सांसदों को अपनी बात रखने का अवसर मिला और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी अपनी बात रखी। ऐसे में राहुल गांधी को बोलने से रोके जाने का आरोप तथ्यहीन है। उनके अनुसार, राहुल गांधी को भी पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन वह संसदीय नियमों के अनुरूप अपनी बात नहीं रख सके।

# असम में बाढ़ से मौतों का आंकड़ा 75 पहुंचा, अमित शाह ने हिमंत से की बात

**गुवाहाटी(एजेंसी)।** असम में बाढ़ की स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। इस वर्ष बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 75 हो गई है। हालात की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा से फोन पर बातचीत कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि गृह मंत्री ने राज्य के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां तथा



आवश्यक संसाधन राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए उपलब्ध रहेंगे। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह के भीतर यह दूसरा अवसर है, जब अमित शाह ने असम की बाढ़ को लेकर मुख्यमंत्री से बातचीत की है। इससे पहले 23 जुलाई को भी उन्होंने हालात की समीक्षा की थी। इस बीच कांग्रेस ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग तेज कर दी है। कांग्रेस विधायक जॉय प्रकाश दास ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने की मांग करते हुए मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की मांग की। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य के सभी कांग्रेस विधायक अपना एक माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे। वहीं, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा में केंद्र सरकार से असम के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने की मांग की। उनका कहना है कि बाढ़ से राज्य में व्यापक जन-धन की हानि हुई है और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए अतिरिक्त आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। इधर, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की पत्नी एवं फिल्म निर्माता रिंकी भुइयां सरमा ने बाढ़ से क्षतिग्रस्त 50 विद्यालयों के पुनर्निर्माण और मरम्मत के लिए एक करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि यह राशि उनकी फिल्म 'कोकादेउता नाती अरु हाथी-2' से होने वाली आय से उपलब्ध कराई जाएगी।

# सीआईएसएफ का पहला महिला क्विक रिएक्शन टीम बैच पास आउट

**बेंगलुरु(एजेंसी)।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सुरक्षा अभियानों में महिलाओं की भूमिका को नई पहचान देते हुए अपना पहला महिला क्विक रिएक्शन टीम (क्यूआरटी) बैच तैयार कर लिया है। बेंगलुरु स्थित सीआईएसएफ की 10वीं रिजर्व बटालियन में आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड के साथ इस ऐतिहासिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन हुआ। इसी के साथ 10वीं रिजर्व बटालियन को आधिकारिक रूप से सीआईएसएफ का महिला क्यूआरटी प्रशिक्षण केंद्र घोषित किया गया है। इस पहले बैच की महिला कमांडो को उच्चस्तरीय सामरिक अभियानों, आमने-सामने की करीबी लड़ाई (क्लोज-क्वार्टर बैटल), आतंकवाद-रोधी कार्रवाई और आपातकालीन सुरक्षा अभियानों के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण



का उद्देश्य उन्हें किसी भी आकस्मिक सुरक्षा चुनौती का तेजी और प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान महिला कमांडो को जटिल शहरी क्षेत्रों में अभियान चलाने, बंधक संकट जैसी परिस्थितियों से निपटने, आतंकवादी हमलों का जवाब देने, त्वरित प्रतिक्रिया, आधुनिक हथियारों के संचालन और रिफ्लेक्स फायरिंग का गहन अभ्यास कराया गया। इसके अलावा देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए वास्तविक परिस्थितियों पर आधारित विशेष अभ्यास भी शामिल किए गए। पासिंग आउट परेड की मुख्य अतिथि सीआईएसएफ (एयरपोर्ट सेक्टर) की अपर महानिदेशक बिनीता ठाकुर ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा व्यवस्था में महिलाएं अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एक पाठ्यक्रम नहीं, बल्कि आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है। उन्होंने महिला कमांडो से अनुशासन, साहस और उत्कृष्टता का उदाहरण बनकर भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर बिनीता ठाकुर ने बटालियन परिसर में अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित समर्पित क्यूआरटी प्रशिक्षण क्षेत्र का उद्घाटन भी किया। यहां महिला कमांडो को वास्तविक संकट जैसी परिस्थितियों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनकी परिचालन क्षमता और अधिक मजबूत होगी। सीआईएसएफ लगातार महिलाओं को अग्रिम सुरक्षा मोर्चों और चुनौतीपूर्ण अभियानों में शामिल करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है।

# जूना अखाड़े ने कुंभ-2027 की प्रमुख तिथियां घोषित, एक दिसंबर को होगा भूमि पूजन

**प्रयागराज(एजेंसी)।** श्रीपंच दशनाम जूना अखाड़े ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महाकुंभ-2027 से जुड़े अपने पारंपरिक धार्मिक कार्यक्रमों की प्रमुख तिथियों की घोषणा कर दी है। अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरी गिरी महाराज की अध्यक्षता में ज्योतिषाचार्यों ने शुभ मुहूर्त के अनुसार सभी तिथियां निर्धारित कीं। घोषित कार्यक्रम के अनुसार 21 नवंबर 2026 को जूना अखाड़े के पंच परमेश्वर, रमता पंच एवं जमात गोधूलि बेला में नगर प्रवेश करेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 को शुभ अभिजीत मुहूर्त में कुंभ मेला प्रशासन द्वारा आवंटित भूमि पर विधि-विधान से भूमि पूजन किया जाएगा। अखाड़े की ओर से 23 दिसंबर 2026 को दत्तात्रेय जयंती के अवसर पर शुभ अभिजीत मुहूर्त में धर्म



ध्वजा स्थापित की जाएगी। वहीं 14 जनवरी 2027 को पारंपरिक शाही अंदाज में पेशवाई निकाली जाएगी, जो कुंभ मेले के प्रमुख धार्मिक आयोजनों में शामिल होती है। श्रीमहंत हरी गिरी महाराज ने कहा कि महाकुंभ-2027 की तैयारियां निर्धारित परंपराओं के अनुसार आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि मेला प्रशासन अखाड़ों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है, जिससे श्रद्धालुओं और संत समाज को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## संक्षिप्त खबरें

### चार गोवंशों की मौत से गौशाला में मचा हड़कंप

**खुले में पड़े रहे शव, कौवे-कुत्ते नोचते मिले; सीवीओ ने एनजीओ को लगाई कड़ी फटकार**

**उन्नाव।** सिकंदरपुर सरोसी विकास खंड की बृहद गौशाला में चार गोवंशीय पशुओं के मृत मिलने से बुधवार को हड़कंप मच गया। सबसे गंभीर बात यह रही कि मृत गोवंशों के शव खुले में पड़े रहे, जिन्हें कौवे और आवारा कुत्ते नोचते दिखाई दिए। इस अमानवीय दृश्य से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और गौशाला के संचालन पर गंभीर सवाल खड़े हो गए। ग्रामीणों के अनुसार गौशाला का संचालन पूजा सहकारी श्रम संविदा एवं निर्माण समिति लिमिटेड नामक एनजीओ द्वारा किया जा रहा है। आरोप है कि एनजीओ की घोर लापरवाही के चलते मृत गोवंशों के शव कई दिनों तक परिसर में ही पड़े रहे, जबकि उनके नियमानुसार निस्तारण की कोई व्यवस्था नहीं की गई। इससे गौशाला की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठने लगे। सूचना मिलते ही मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीवीओ) डॉ. विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृत गोवंशों का पोस्टमार्टम कराकर शवों को नियमानुसार दफन कराया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाएं देखकर सीवीओ ने संबंधित एनजीओ के जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई और कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी जताई। सीवीओ डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामले में एनजीओ की लापरवाही सामने आई है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि ग्राम प्रधान द्वारा गौशाला में ताला लगाए जाने की सूचना भी मिली है। पूरे प्रकरण की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है और जांच के आधार पर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उधर, ग्रामीणों ने मांग की है कि गौशाला संचालन में बरती गई लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में गोवंशों के साथ इस प्रकार की संवेदनहीनता दोबारा न हो।

### सरकारी धन पर 'सांठगांठ' का खेल, आरटीआई में खुली विकास घोटाले की परतें

**रुद्रपुर (देवरिया)।** ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों पर खर्च की जा रही सरकारी धनराशि को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी में ग्राम पंचायत महदहा में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का आरोप है कि कागजों में करोड़ों रुपये के विकास कार्य पूरे दिखाए गए, जबकि धरातल पर उनकी तस्वीर अलग है। सामाजिक संगठन से जुड़े अजय पांडेय और करण ने आरटीआई के माध्यम से ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्यों का ब्योरा मांगा था। आरोप है कि पंचायत विभाग ने अधूरी जानकारी उपलब्ध कराई, लेकिन उपलब्ध अभिलेखों से ही कई अनियमितताओं की ओर संकेत मिले। दस्तावेजों के अनुसार आरसीसी सड़क निर्माण, विद्युतीकरण, प्रकाश व्यवस्था, बेंच खरीद, मिट्टी भराई समेत विभिन्न मदों में भारी धनराशि खर्च दिखाई गई है। वहीं शिकायतकर्ताओं का दावा है कि पंचायत भवन आज भी जर्जर स्थिति में है और अधिकांश कार्य धरातल पर दिखाई नहीं देते। शिकायतकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और सरकारी धन के दुरुपयोग की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। इस सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी से मिलकर पक्ष लेने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# मुख्यमंत्री की योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही, बस्ती के बीएसए पर आरोप

**» पिछले साल का आत्मरक्षा प्रशिक्षण का अभी भी बकाया है मानदेय**

**» माननीय मुख्यमंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण की खिल्ली उड़ा रहे बेसिक शिक्षा के जिम्मेदार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत प्रदेश के समस्त जूनियर विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त बालिकाओं को प्रशिक्षित किया जाना है जिसके क्रम में राज्य परियोजना कार्यालय के आदेश, पत्रांक-GE-31/ आत्मरक्षा/ 2582/2026-27 के द्वारा समस्त जिले के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को एक आदेश जारी किया गया था कि जिले पर कार्यरत समस्त खेल अनुदेशकों/व्यायाम शिक्षकों को जनपद में जितने भी जूनियर विद्यालय है उन सभी विद्यालयों को इनकी संख्या के सापेक्ष प्रशिक्षण हेतु विद्यालय आवंटित किया जाय, परियोजना कार्यालय के पत्र में स्पष्ट लिखा है कि विद्यालयों का आवंटन पोर्टल पर दिनांक-08/07/2026 तक कर दिया जाय और प्रशिक्षण की शुरुआत प्रत्येक दशा में दिनांक-10/07/2026 से हो जाना चाहिए, किन्तु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बस्ती के द्वारा केवल खानापूर्ति के तौर पर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को जारी एक आदेश दिनांक-16/07/2026 पत्रांक-2704-11 के द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालय आवंटन हेतु एक पत्र जारी कर दिया गया किन्तु अभी तक उस आदेश का अनुपालन नही हो पाया और जनपद के सभी विकासखंडों में विद्यालयों का आवंटन भी नही हो पाया, जिसके कारण बालिकाओं का प्रशिक्षण अभी तक नही शुरू हो पाया और बालिकाएं प्रशिक्षित होने से वंचित है।

मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना का अधिकारियों की लापरवाही से धरातल पर क्रियान्वयन नही हो पा रहा है। जब इस संदर्भ में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और



बालिका शिक्षा का पटल देख रहे डीसी अमित सोनी से बात की गई तो उनके द्वारा कोई भी संतोषजनक जवाब नही दिया गया। इसी प्रकार की लापरवाही इन्हीं अधिकारियों के द्वारा पिछले सत्र 2025-26 के रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण मानदेय भुगतान को लेकर भी किया गया था जिसके परिणाम स्वरूप पीपीए को समय से बैंक न भेजने के कारण पीपीए फेल हो गया था, जिसके कारण व्यायाम प्रशिक्षकों के द्वारा पिछले सत्र में दिए गए प्रशिक्षण का भुगतान अभी तक नही हो पाया, जिससे यह परिलक्षित होता है कि इनके लिए माननीय मुख्यमंत्री और परियोजना कार्यालय उत्तरप्रदेश का आदेश कोई मायने नही रखता।

### मुसहा-बेलघाट मार्ग पर जलभराव व कीचड़ से राहगीर परेशान, मुख्यमंत्री से समाधान की मांग



**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड गौर के अंतर्गत मुसहा-बेलघाट मार्ग पर जलभराव और सड़क पर फैली कीचड़ के कारण आवागमन गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों को प्रतिदिन आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेषकर बारिश के दौरान सड़क पर फिसलन बढ़ जाने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। राहगीरों का कहना है कि लंबे समय से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर पानी जमा रहता है, जिससे आमजन, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जांच कराकर जलभराव की समस्या का तत्काल स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## लावारिस बैग में मिली नवजात, इलाके में मचा हड़कंप

**रोने की आवाज सुन महिला ने बचाई जान, पुलिस ने अस्पताल में कराया भर्ती; बच्ची स्वस्थ, छोड़ने वालों की तलाश तेज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सफीपुर (उन्नाव)।** उन्नाव जिले के सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। क्षेत्र के सफियापुर गांव स्थित खेत में एक बैग के भीतर जीवित नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिली। खेत की ओर जा रही एक महिला ने बच्ची के रोने की आवाज सुनकर बैग खोला तो अंदर नवजात को देखकर वह सन्न रह गई। महिला ने तत्काल शोर मचाकर ग्रामीणों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सफीपुर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और नवजात बच्ची को अपने संरक्षण में लेकर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सफीपुर पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सकीय देखभाल के लिए बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, सफियापुर गांव निवासी महिला राधिका सुबह करीब आठ बजे खेत की ओर गई थीं। इसी दौरान उन्हें किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज का पीछा करते हुए वह खेत में पड़े एक बैग तक पहुंचीं। बैग खोलते ही उसमें जीवित नवजात बच्ची मिली। यह दृश्य देखकर उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

बुलाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए।

**जिला अस्पताल में उपचार जारी** सीएचसी के चिकित्सकों ने नवजात का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची पूरी तरह स्वस्थ है, लेकिन नवजात होने के कारण उसे चिकित्सकीय निगरानी में रखने के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है, जहां उसका उपचार एवं देखभाल जारी है।

**पुलिस हर पहलू से कर रही जांच** घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों का अनुमान है कि सामाजिक बदनामी अथवा अन्य किसी कारण से जन्म के तुरंत बाद बच्ची को खेत में छोड़ दिया गया होगा। हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। सफीपुर कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि नवजात बच्ची सुरक्षित है और उसका उपचार कराया जा रहा है। बच्ची को खेत में छोड़ने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 'मिशन शक्ति संवाद' में एसपी ने महिलाओं को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** तहसील सभागार गौरीगंज में हिन्दुस्तान द्वारा आयोजित 'मिशन शक्ति संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने महिलाओं को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया किसी भी विपरीत स्थित में अपनी आवाज दबाने के बजाय बोलने की जरूरत होती है। जनपद के समस्त थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र बनाया गया है, जहां कोई भी महिला, छात्रा अपनी समस्या महिला पुलिसकर्मी/अधिकारी से गोपनीय तरीके से दर्ज करा सकती हैं। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के साइबर अपराध व उनसे बचने के उपाय जैसे साइबर अपराध होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, वित्तीय अपराध होने पर 24 से 48 घंटे के अंतराल में आपके धन को वापस करने की अधिक संभावना रहती है। सिम ब्लाक/संदेश प्राप्त होने पर दिये गये नम्बरों पर वार्तालाप न करें। किसी भी प्रकार के साइबर अपराध होने पर तत्काल हेल्पलाइन नं 1930 पर संपर्क करें अथवा वेबसाइट पर रिपोर्ट करें। सोशल



साइट पर अपनी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी जैसे- फोटो/वीडियो, मोबाइल नंबर, आदि शेयर न करें। डीप फेक एवं एआई का उपयोग करके साइबर अपराधी आपके साथ ठगी कर सकते हैं ।उपस्थित शिक्षकों को 'मिशन शक्ति' नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत महिला शिक्षा, सुरक्षा, अधिकार व आत्मरक्षा पर विशेष जोर देकर जानकारी दी गयी। आपात स्थिति में पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर फोन कर सकती हैं। छात्राओं को 1090-वीमेन पॉवर लाइन,181-महिला हेल्प लाइन,108-एम्बुलेंस सेवा,1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098-चाइल्ड लाइन् आदि के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### डीएपी की किल्लत, यूरिया की कथित कालाबाजारी और फार्मर रजिस्ट्री की बाध्यता से किसान परेशान

**भाकियू ने जिला कृषि अधिकारी को सौंपा ज्ञापन, खाद की पर्याप्त उपलब्धता व व्यवस्था में सुधार की उठाई मांग**

**उन्नाव।** खरीफ सीजन के बीच जनपद में डीएपी खाद की कमी, यूरिया की कथित कालाबाजारी और बिना फार्मर रजिस्ट्री किसानों को खाद न मिलने की समस्या को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के जिलाध्यक्ष किरन सिंह पटेल ने जिला कृषि अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि बड़ी संख्या में भूमिहीन किसान दूसरे किसानों की जमीन बंटाई अथवा ठेके पर लेकर खेती करते हैं। स्वयं के नाम पर भूमि न होने के कारण उनकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं बन पा रही है, जिससे उन्हें डीएपी खाद नहीं मिल रही है। भाकियू का कहना है कि इससे खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है और गरीब किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

## नायला डायग्नोस्टिक सेंटर की अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के सोशल मीडिया पर वायरल एक अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट को लेकर नायला डायग्नोस्टिक सेंटर की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल हैं। वायरल रिपोर्ट में अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में अल्ट्रासाउंड करने वाले किसी डॉक्टर का स्पष्ट हस्ताक्षर नहीं है और न ही अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट पर किसी डॉक्टर का नाम अंकित है बिना डॉक्टर के हस्ताक्षर वाली अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट मरीजों को जारी की जा रही है जिसको लेकर नायला डायग्नोस्टिक सेंटर पर जिले में तरह की चर्चाएं चल रही है कि अल्ट्रासाउंड व पैथालॉजी जांच रिपोर्ट पर रजिस्ट्रेशन नंबर भी अंकित नही है।

अब बड़ा सवाल यह है कि जब सरकार द्वारा सेंटर का लाइसेंस जारी है तो रिपोर्ट पर रजिस्ट्रेशन नंबर क्यों नहीं लिखा जा रहा है और जब नायला डायग्नोस्टिक सेंटर पर अल्ट्रासाउंड हेतु योग्य डाक्टर है तो अल्ट्रासाउंड पर डाक्टर का नाम व हस्ताक्षर क्यों नहीं किया जा रहा है। इस प्रकार स्पष्ट है कि नायला डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालन में कुछ न कुछ कमी तो अवश्य है तभी अधूरा रिपोर्ट मरीजों को दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं नियमानुसार रिपोर्ट जारी किए जाने की प्रक्रिया पर प्रश्न खड़ा हो रहा हैं। संबंधित सेंटर कुसौरा बाजार में झिनकू लाल इंटर कॉलेज के सामने स्थित है। सूत्रों की माने तो नायला डायग्नोस्टिक सेंटर के कारनामों को लेकर उच्च अधिकारियों से कई बार शिकायत भी किया जा चुका है लेकिन



स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं जिसके चलते पूरे जिले में स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। लोगों का दावा है कि जब सीएमओ बस्ती डा0 राजीव निगम व डिप्टी सीएमओ डा0 ए0 के0 चौधरी जिले में रहेंगे तब तक स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार खत्म नही होगा।

## बरहटा कम्पोजिट विद्यालय में तीन शिक्षिकाएं ड्यूटी से नदारद

**» मिथिलेश अग्रहरि, इन्द्रावती चौधरी एवं कुसुमलता मिश्रा ड्यूटी है गायब**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खण्ड कप्तानगंज के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरहटा स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहटा में तीन शिक्षिकाएं के ड्यूटी से गायब चल रही है। मीडिया टीम के पड़ताल में शिक्षिकाएं मिथिलेश अग्रहरि, इन्द्रावती चौधरी एवं कुसुमलता मिश्रा नियमित रूप से विद्यालय में अनुपस्थित मिली। मीडिया टीम के पड़ताल में पता चला कि शिक्षिका मिथिलेश अग्रहरि लगभग 10 दिनों से विद्यालय से गायब हैं। अभिभावकों का कहना है कि शिक्षिकाओं की अनुपस्थिति के कारण विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा छात्रों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा विद्यालय की औचक जांच कर वास्तविक स्थिति का पता लगाया जाए और यदि आरोप सही पाए जाएं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

वहीं, खण्ड शिक्षा अधिकारी कप्तानगंज प्रभात कुमार श्रीवास्तव की कार्यशैली पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि वे नियमित रूप से केवल उन्हीं विद्यालयों का निरीक्षण करते हैं जहां व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित होती है, जबकि जिन विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति अथवा अन्य अनियमितताओं की शिकायतें मिलती हैं, वहां निरीक्षण के लिए नहीं पहुंचते जिससे ड्यूटी से गायब रहने में शिक्षक- शिक्षिकाएं सफल हैं। कुसुमलता मिश्रा सुबह 11 बजे विद्यालय पर पहुंचकर हस्ताक्षर बनाकर बिना किसी स्टाफ को सूचना दिये ड्यूटी से गायब हो गई है और ऐसे ही प्रतिदिन ड्यूटी करती है। बिना अध्यापक के बच्चों को शिक्षा कैसे दी जाएं जिसको लेकर जिले में तरह- तरह की चर्चाएं चल रही है प्रभारी



प्रधानाध्यापक शंभूनाथ ने बताया कि आप स्वयं विद्यालय में देख लीजिए कि कितने अध्यापक उपस्थित है और कितने अध्यापक अनुपस्थित है एक शिक्षक मीता सोती में प्रशिक्षण में है और दो लोगो के बारे में हम नही जानते हैं मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक शंभूनाथ व दौलत राम चौधरी विद्यालय में उपस्थित मिले। जब इस प्रकार शिक्षक - शिक्षिकाएं ड्यूटी से गायब रहेंगी तो परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था कैसे सुचारू रूप से चल पायेगी? अब देखना यह है कि उक्त प्रकरण में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है?

## गुरु पूर्णिमा पर संतों और पुजारियों का सम्मान





**115 मठ-मंदिरों में आयोजित हुए कार्यक्रम, 65 दीप प्रज्वलित कर दिया सामाजिक समरसता का संदेश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** गुरु पूर्णिमा (महर्षि वेदव्यास जयंती) एवं संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से जनपद के विभिन्न मठों और मंदिरों में सम्मान समारोह आयोजित किए गए। भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव के मार्गदर्शन तथा जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव एवं सुरेश कन्नौजिया के संयोजन में आयोजित कार्यक्रमों में संतों, महंतों और पुजारियों को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 65 दीप प्रज्वलित कर सामाजिक समरसता, समानता और सद्भाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, गुरु परंपरा और संतों के योगदान को स्मरण किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव ने कार्यक्रम संयोजक प्रमोद वर्मा के साथ कटेहरी विधानसभा क्षेत्र के उतरेथू बाजार स्थित हनुमान मंदिर में महंत का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु भारतीय संस्कृति के आधार स्तंभ हैं। महर्षि वेदव्यास ने वेदों, पुराणों और महाभारत जैसे महान ग्रंथों की रचना कर मानवता को ज्ञान का अमूल्य प्रकाश प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास ने सामाजिक समरसता, समानता, प्रेम और मानव सेवा का संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। ऐसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जनपद के 115 मठ-मंदिरों में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने संतों, महंतों एवं पुजारियों का सम्मान किया। कार्यक्रमों में विधान परिषद सदस्य डॉ. हरिओम पाण्डेय, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, विधायक धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### यूरिया की कालाबाजारी से किसान बेहाल, एमआरपी से दोगुनी कीमत वसूलने के आरोप


**असोहा ब्लॉक के कई गांवों से शिकायतें, प्रशासन की कार्यशैली पर उठे सवाल**

**उन्नाव।** खरीफ सीजन के बीच असोहा ब्लॉक क्षेत्र में यूरिया खाद की कथित कालाबाजारी को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों का आरोप है कि निर्धारित मूल्य पर यूरिया उपलब्ध न होने से उन्हें मजबूरन दोगुनी कीमत तक चुकानी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो इसका असर आगामी विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है। किसानों के अनुसार असोहा ब्लॉक के कांथा, सहरावां, मिर्री कला, मंगतखेड़ा, जोरावरगंज, असोहा, चंदनखेड़ा, कालूखेड़ा सहित कई गांवों में खाद विक्रेताओं द्वारा खुलेआम मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। आरोप है कि 268 की एमआरपी वाली इफको यूरिया की बोरी 600 तक बेची जा रही है। वहीं अन्य कंपनियों की यूरिया भी 500 से 600 प्रति बोरी तक किसानों को उपलब्ध कराई जा रही है। किसानों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। कुछ किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों की उदासीनता के कारण कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और किसान आर्थिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रीय किसानों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी खाद विक्रेताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा सभी सहकारी समितियों और निजी दुकानों पर निर्धारित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है। यदि किसानों के आरोप सही हैं, तो सवाल यह है कि आखिर एमआरपी से दोगुनी कीमत पर खाद बेचने वालों पर कार्रवाई कब होगी और किसानों को राहत कौन दिलाएगा?


# पंच सम्मेलन में अधिनियम-2025 पर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधु वर्मा की उपस्थिति में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता तथा मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभागार में 'पंच सम्मेलन' का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 'विकसित भारत-जी-राम-जी (VB-G RAM G) अधिनियम, 2025' की अवधारणा, उद्देश्य, प्रमुख प्रावधानों, विशेषताओं एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा ने कहा कि इतिहास में पहली बार ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया गया है, जिसके लिए उन्होंने सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी प्रशासकों से अपील की कि वे योजना की जानकारी जन-जन तक पहुंचाकर अधिकाधिक पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाएं। उन्होंने बताया कि योजना में किसानों के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है तथा कृषि कार्यों के प्रमुख समय को ध्यान में रखते हुए 60 दिनों का कृषि अवकाश निर्धारित किया गया है, जिससे खेती और रोजगार दोनों के बीच संतुलन बना रहेगा। उन्होंने सभी से प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार








करने हेतु योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने योजना के उद्देश्य एवं प्रावधानों की जानकारी देते हुए निर्देशित किया कि विकास खंड स्तर पर भी कार्यशालाओं का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों एवं आमजन को योजना की विशेषताओं से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि योजना से संबंधित सभी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने योजना की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह अधिनियम, 1 जुलाई, 2026 से पूरे देश में लागू किया गया है। योजना के अंतर्गत अब ग्रामीण परिवारों को 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के अकुशल रोजगार की गारंटी तथा ?300 प्रतिदिन मजदूरी का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्व की 266 प्रकार की अनुमन्य परियोजनाओं के स्थान पर अब 318 प्रकार के कार्य शामिल किए गए हैं, जिन्हें जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत ढांचा, ग्रामीण आजीविका तथा आपदा आधारित कार्यों की चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है।

उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों का श्रेणीवार वर्गीकरण, पूर्व से धन आवंटन की व्यवस्था, कंटीजेंसी व्यय को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत करना, योजना को पीएम गति शक्ति से जोड़ना तथा जॉब कार्ड के स्थान पर जनता कार्ड की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता और गति सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया गया कि वे योजना की जानकारी प्रत्येक ग्राम तक पहुंचाकर ग्रामीणों को इसके लाभों से जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाएं, और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में ग्राम पंचायतों की सहभागिता और अधिक सुदृढ़ बनाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योत्स्ना बंधु, ब्लॉक प्रमुख/प्रशासकगण, ग्राम प्रशासकगण, ग्राम पंचायत सचिव, डीसी विकसित भारत-जी-राम-जी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, बांगरमऊ रोड से दबोचा गया आरोपी





**उन्नाव।** अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत उन्नाव पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। फतेहपुर चौरासी थाना पुलिस ने बांगरमऊ रोड स्थित टाडमीता तिराहे से वांछित आरोपी कुलदीप राठौर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त कुलदीप राठौर थाना माखी में दर्ज मुकदमा संख्या 192/2026 में धारा 3(1), उत्तर प्रदेश समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 (गैंगस्टर एक्ट) के तहत वांछित चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मंगलवार दोपहर करीब दो बजे उसे दबोच लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह के निर्देशन में जिलेभर में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त कुलदीप राठौर, निवासी पिड़ना, थाना बेहटामुजावर, जनपद उन्नाव का रहने वाला है। पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।


## महावीरन धाम में गुरु पूर्णिमा पर चला स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार, अमेठी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर शुकुल बाजार स्थित आस्था एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र अति प्राचीन महावीरन धाम हनुमान मंदिर परिसर में, एवं राम जानकी मंदिर कूटी हरखूमऊ में वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य महाराज पंडित सतीश दास जी का वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश चंद्र शुक्ला तथा उद्योगपति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह ने अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरु परंपरा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए गुरुजनों का सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर महाराज सतीश दास जी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में मनाया जाता है, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। महर्षि वेदव्यास 18 पुराणों और चारों वेदों के रचयिता हैं तथा उन्हें प्रथम गुरु का स्थान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि 'गुरु' वह है जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। गुरु पूर्णिमा केवल आध्यात्मिक गुरुओं का ही नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाले प्रत्येक गुरु के प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है।

उन्होंने आगे बताया कि योग परंपरा के अनुसार इसी दिन भगवान शिव ने आदिगुरु के रूप में सप्तऋषियों को योग का प्रथम उपदेश दिया था। इसलिए यह दिन भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण पर्व माना जाता है।कार्यक्रम में



वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र विजय सिंह, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अवधेश मिश्रा,भाजपा मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष शंकर बक्श सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक अशोक शुक्ला, पत्रकार दीपक पाठक, संजय कौशल, अनुज शुक्ला, अरुण शंकर शुक्ला सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन गुरु वंदना, आशीर्वचन और समाज में स्वच्छता, संस्कार एवं सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

# गोशालाओं को उत्कृष्ट व आत्मनिर्भर बनाने की नई पहल, प्रदेशभर में होगी प्रतिस्पर्धा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गोवंश संरक्षण को अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने नई कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत प्रदेश की गोशालाओं को केवल गोवंश संरक्षण केंद्र तक सीमित न रखकर उन्हें उत्कृष्ट, सुव्यवस्थित, उत्पादक और आत्मनिर्भर इकाइयों के रूप में विकसित किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक जनपद की गोशालाओं के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कराकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली गोशालाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। बुधवार को आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष अतुल सिंह एवं महेश शुक्ल के साथ सदस्य राजेश सिंह सेंगर, रमाकांत उपाध्याय और दीपक गोयल ने गोशालाओं के समग्र विकास तथा किसानों को गो-आधारित प्राकृतिक खेती से जोड़ने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक जिले की गोशालाओं का निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें गोशालाओं की व्यवस्थाएं, वैज्ञानिक प्रबंधन, स्वच्छता, गोवंश के स्वास्थ्य एवं पोषण, नस्ल संवर्धन, दुग्ध उत्पादन, जनसहभागिता तथा आत्मनिर्भरता के लिए किए जा रहे प्रयास प्रमुख आधार होंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली गोशालाओं को सम्मान एवं पुरस्कार देकर उनके मॉडल को प्रदेश की अन्य गोशालाओं में भी लागू करने का प्रयास किया जाएगा। आयोग ने मूल्यांकन के लिए कई महत्वपूर्ण मानक तय करने का निर्णय लिया है। इनमें वर्षभर हरे चारे की उपलब्धता, भूसा एवं चोकर का समुचित भंडारण, गुणवत्तापूर्ण पशु आहार का उपयोग, उसके निर्माण एवं उपयोग की अंतिम तिथि का स्पष्ट उल्लेख, नर-मादा गोवंश एवं बछड़े-बछियों का वैज्ञानिक वर्गीकरण, नस्ल सुधार तथा दुग्ध उत्पादन जैसे बिंदुओं को शामिल किया जाएगा। इसके अलावा नर गोवंश के लिए अलग नंदीशाला की व्यवस्था तथा चयनित नंदियों के माध्यम से वैज्ञानिक प्रजनन प्रणाली को भी बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे गोवंश की गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार हो सके। बैठक में गोवंश के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सिंक वार्ड, नियमित पशु चिकित्सा, कमजोर एवं बीमार गोवंश तथा छोटे बछड़े-बछियों की अलग देखभाल सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। साथ ही कम ऊंचाई वाली पानी की नांद, पर्याप्त भोजन व्यवस्था, गोवंश की संख्या के अनुरूप शेड, स्वच्छ परिसर, चूना युक्त पानी का उपयोग, सुरक्षित बाउंड्री, अभिलेखों का संधारण, सीसीटीवी निगरानी और सफाईकर्मियों व केयरटेकर के लिए आवश्यक सुविधाओं को भी मूल्यांकन का हिस्सा बनाया जाएगा। आयोग का लक्ष्य गोशालाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना भी है। इसके लिए गोबर गैस संयंत्र स्थापित करने, गोबर एवं गोमूत्र के वैज्ञानिक उपयोग, जैविक खाद तथा अन्य मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही आसपास के किसानों को गो-आधारित प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण देकर उन्हें जैविक कृषि अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। गोशालाओं के मूल्यांकन में स्वस्थ एवं दूध पीने वाले बछड़े-बछियों की संख्या को भी महत्वपूर्ण मानक बनाया जाएगा। आयोग का मानना है कि इससे गोवंश संरक्षण के साथ नस्ल सुधार और दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# श्रावण मास की तैयारियों का महापौर ने लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** आगामी श्रावण मास को देखते हुए लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार को चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर एवं बुद्धेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने भगवान शिव के दर्शन-पूजन कर प्रदेश एवं शहरवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मंदिर परिसरों एवं आसपास की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और नगर आयुक्त गौरव कुमार को निर्देश दिए कि श्रावण मास में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी प्रमुख शिव मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों के आसपास नियमित सफाई, कूड़ा उठान, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि श्रावण मास आस्था और श्रद्धा का महत्वपूर्ण पर्व है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन के लिए मंदिरों में पहुंचते हैं। नगर निगम की प्राथमिकता मंदिर परिसरों एवं आसपास स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक और सुविधाजनक ढंग से पूजा-अर्चना कर सकें। कोनेश्वर महादेव मंदिर में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर महापौर ने मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित शिव प्रकाश पाण्डेय से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गुरु परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान पार्षद अनुराग मिश्रा 'अन्नू', पार्षद धर्मेंद्र यादव, पूर्व महानगर महामंत्री भाजपा राम अवतार कन्नौजिया, नगर आयुक्त गौरव कुमार, जोन-6 के जोनल अधिकारी अमरजीत यादव, लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कपूर सहित नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# वेदप्रकाश श्रीवास्तव उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित

## खाकी का समान, न्याय की मिसाल बना सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव का सराहनीय काम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)।** जनपद सीतापुर के महमूदाबाद सर्किल में तैनात पुलिस क्षेत्राधिकारी वेदप्रकाश श्रीवास्तव को तमाम विवेचनाओं में उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए गृहमंत्रालय द्वारा उन्हें उत्कृष्ट विवेचक पदक देकर सम्मानित किया गया। एक सादे समारोह में पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल ने उन्हें उत्कृष्ट विवेचक पदक पहना कर उनका सम्मान करते हुए उनकी सराहना की। उन्हें यह सम्मान एक अंधे कत्ल का सटीक पर्दाफाश करने पर गृहमंत्रालय द्वारा दिया गया है।

एसटीएफ में तैनाती के दौरान इस अत्यंत जटिल संवेदनशील तथा इलेक्ट्रानिक सर्विलांस आधारित अंधे केस का संक्षिप्त समय में सटीक व वैज्ञानिक ढंग से अनावरण करने और आकाट्य साक्ष्य जुटाने के लिए तत्कालीन एसटीएफ निरीक्षक वह वर्तमान क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव के उत्कृष्ट विवेचनात्मक कौशल की उच्च स्तर पर सराहना की गई एवं इसी उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु गृहमंत्रालय,भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट विवेचक पदक दिया गया है जिसे पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा उन्हें पहना कर सम्मान किया गया। घटना की पृष्ठभूमि में विगत 30 अगस्त 2023 को सावन मेला ड्यूटी के लिए बावर्दी मनिकापुर से अयोध्या आ रही महिला मुख्य आरक्षी को ट्रेन में अकेला पाकर अभियुक्तों ने आपराधिक बल प्रयोग करते हुए बर्बर हमला किया था। पीड़िता पर जानलेवा हमला कर, गंभीर रूप से घायल कर तथा मृत समझकर अभियुक्त उनका सामान बैग व नगदी आदि लूटकर फरार हो गये थे। उनको यह सम्मान मिलने की खबर मिलते ही क्षेत्र में उनके शुभचिंतकों में खुशी छा गई। मित्रों और शुभचिंतकों ने श्री श्रीवास्तव को इस उपलब्धि के लिए फोन पर तथा उनसे मिलकर उन्हें बधाइयां दीं। बधाइयां देने वालों में अशोक श्रीवास्तव, राकेश कुमार नंद, अमन श्रीवास्तव, लवी श्रीवास्तव, विशाल नंद,शिवम् गुप्ता पोला, डा0 वकील अहमद खान, सबाहुद्दीन, संतोष कुमार वर्मा, हरगोविंद वर्मा व विजय कुमार श्रीवास्तव सहित दर्जनों लोगों ने उन्हें बधाइयां दीं हैं।

## गुरु पूर्णिमा पर सुशील कुमार बच्चा सम्मानित, नीम व बेल के पौधे लगाए।

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर जवाहर भवन-इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें गुरु दक्षिणा स्वरूप नीम एवं बेल के पौधे भेंट किए गए, जिन्हें बाद में नेहरू पार्क में रोपित किया गया। महासंघ के उपाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि संगठन द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यकारी महामंत्री सुशील कुमार बच्चा का सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से 'एक पेड़ गुरु के नाम' अभियान के तहत नीम और बेल के पौधे भेंट किए गए। सम्मान ग्रहण करने के उपरांत सुशील कुमार बच्चा ने पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ नेहरू पार्क में पौधे लगाए तथा उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री बच्चा ने अमित कुमार शुक्ला के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरु का सम्मान करना चाहिए और समय-समय पर उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ खैराबाद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खैराबाद सीतापुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा जनपद-सीतापुर के निर्देशन मे विकास क्षेत्र-खैराबाद, सीतापुर ईकाई का निर्वाचन 14 मई 2026 को सम्पन्न हुआ था जिसमे पवन कुमार सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय रस्यौरा विकास क्षेत्र-खैराबाद, सीतापुर को 100 मतों के भारी अन्तर से विजय प्राप्त हुई थी उसी के क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ खैराबाद सीतापुर की कार्यसमिति का गठन एवं नव चयनित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह शिक्षक भवन कार्यालय भगौतीपुर रोड बिजवार सीतापुर मे सम्पन्न हुआ जहां विकास क्षेत्र-खैराबाद के सैकड़ो शिक्षको ने उपस्थित होकर आपसी सहमति से कार्यसमिति के पदाधिकारियो का मनोनयन किया । कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन अर्चन से हुई सर्व प्रथम ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने कार्यसमिति के संरक्षक के रूप मे बृजेन्द्र प्रताप सिंह(टीज़पीज़ सिंह), वन्दना दीक्षित व राजेश कुमार गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा जिसे सभी शिक्षक शिक्षिकाओ ध्वनि-मत से पारित किया तदुपरान्त कार्यसमिति के विभिन्न पदो पर पदाधिकारियो का मनोनयन किया गया जो इस प्रकार है। जमशेद आलम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी को मंत्री सौरभ जायसवाल को कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह यादव को संयुक्त मंत्री जीनत अंसारी को लेखाकार अनिल कुमार यादव आडीटर दिनेश कुमार शुक्ल, रश्मि शर्मा,प्रियंका चौधरी,पीर मोहम्मद, योगेश पाण्डेय, रूबीना बानो,राकेश प्रसाद अरविन्द त्रिपाठी, विनोद कुमार वर्मा, अभिषेक मिश्र, अनुभूति सिंह, एवं सगीर अहमद को उपाध्यक्ष अखिलेश कुमार यादव, हसीन फातिमा,अभिषेक मिश्र, जावेद अख्तर, सुशील कुमार गौतम, धर्मेन्द्र पाल,साबरून निशा,सरिता रानी,रूचि तिवारी,अल्का अवस्थी, फरहत इनाम व प्रतिभा को संगठन मंत्री तथा मुकेश कुमार, रीना वर्मा,प्रियासेन गुप्ता, आदित्य मौर्य,रेनू सिंह, मोहम्मद आलम, हसन जमाल रिजवी, त्रिभुवन विश्वकर्मा, अमन बाजपेई, जीतेन्द्र कुमार, सिराज अहमद व जिलेदार को प्रचार मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया । इसके उपरान्त श्री राजेश गुप्ता जी द्वारा सभी पदाधिकारियो को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी एवं संरक्षक श्रीमती वन्दना दीक्षित व बृजेन्द्र प्रताप सिंह जी द्वारा सभी पदाधिकारियो को शुभकामनाये ज्ञापित करते हुए ईमानदारी से सेवा करने का आग्रह किया गया इसके उपरान्त ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार सिंह द्वारा सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओ एवं नव चयनित शिक्षक पदाधिकारियो का धन्यावाद एवं आभार प्रकट किया गया तथा सूक्ष्म जलपान के बाद सभा विसर्जित कर दी गयी।

## संक्षिप्त खबरें

### सारनाथ में धम्मचक्क पवत्तन दिवस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**वाराणसी/लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग तथा महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया, सारनाथ के संयुक्त तत्वावधान में सारनाथ स्थित मूलगंध कुटी विहार में 29 एवं 30 जुलाई को 'धम्मचक्क पवत्तन दिवस का महत्व' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह होंगे, जबकि इसकी अध्यक्षता महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया, सारनाथ के प्रभारी वेन आर. सुमित्थानन्द थेरो करेंगे। आयोजकों के अनुसार संगोष्ठी में देश-विदेश के बौद्ध भिक्षु, विद्वान, शोधकर्ता और बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान भगवान बुद्ध के प्रथम उपदेश धम्मचक्क पवत्तन के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर विभिन्न विशेषज्ञ अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

### हर बच्चे को मिलेगी निःशुल्क कानूनी सहायता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की 'चाइल्ड-फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रेन स्कीम-2024' के तहत अब 18 वर्ष से कम आयु के प्रत्येक पात्र बच्चे को निःशुल्क, सुलभ, सुरक्षित और बाल-अनुकूल विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), लखनऊ ने योजना का व्यापक लाभ जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाने के लिए लोगों से आगे आने की अपील की है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के प्रभारी सचिव जीवक कुमार सिंह ने बताया कि यह योजना कानून का उल्लंघन करने वाले बालकों, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों, बाल श्रमिकों, मानव तस्करी के शिकार बच्चों, दुर्व्यवहार एवं लैंगिक हिंसा से पीड़ित बच्चों, बाल विवाह, दिव्यांग, अनाथ, परित्यक्त, गुमशुदा तथा अन्य कमजोर एवं संवेदनशील परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करती है।

# ऐतिहासिक संगत में धार्मिक अनुष्ठान न होने से श्रद्धालुओं में मायूसी

## प्रशासन और आस्था के बीच संतुलन पर उठे सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद-सीतापुर।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर महमूदाबाद की पुरानी और प्रतिष्ठित संगत में गुरु पूजन और दर्शन का लाभ न मिलने के कारण स्थानीय श्रद्धालुओं में भारी निराशा और रोष व्याप्त है। पर्व के दौरान संगत परिसर में पुलिस और पीएसी बल की भारी तैनाती के चलते प्रवेश और पूजा-अर्चना को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का मुख्य विषय बन गई है। क्षेत्रीय निवासियों और संभ्रांत नागरिकों का मानना है कि यदि संगत प्रबंधन अथवा वर्तमान महंत को लेकर किसी प्रकार का विधिक या प्रशासनिक विवाद चल रहा है, तो उसका समाधान न्यायसंगत तरीके से होना चाहिए। गुरुपूर्णिमा का पर्व सीधे तौर पर आस्था और गुरु-शिष्य की सनातन परंपरा से जुड़ा है। ऐसे में कानून-व्यवस्था की रक्षा के साथ-साथ आम जनता की धार्मिक भावनाओं और वर्षों पुरानी पूजा-परंपराओं का भी समुचित ध्यान रखा जाना आवश्यक है। महमूदाबाद की इस ऐतिहासिक संगत से लोगों की गहरी आत्मीय और धार्मिक आस्था जुड़ी हुई है। हर साल इस दिन यहां गुरु वंदना, दर्शन, परिसर की साफ-सफाई और भंडारे जैसे आयोजन होते आए हैं। इस बार इन परंपराओं के बाधित होने से भक्तों के मन में टीस है। बुद्धजीवियों और सामाजिक संगठनों का सुझाव है कि इस गतिरोध को दूर करने के लिए प्रशासन, संगत से जुड़े पक्षों और स्थानीय गणमान्य लोगों को मिलकर संवाद का मार्ग अपनाना चाहिए। विवाद चाहे जो भी हो, उसका शांतिपूर्ण समाधान निकालते हुए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि संगत की पवित्रता, साफ-सफाई और धार्मिक आयोजन बाधित न हों। स्थानीय जनता ने जिला प्रशासन से यह पुरजोर मांग की है कि भविष्य में इस तरह के बड़े धार्मिक पर्वो पर सुरक्षा प्रबंध कड़े करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की भावनाओं का भी पूरा सम्मान किया जाए, ताकि आपसी सौहार्द और परंपरा दोनों की रक्षा हो सके।

# धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस पर आनंद बुद्ध विहार में वर्षावास प्रारंभ, भिक्खुनी अत्तदीपा ने लिया वर्षावास संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 9 जुलाई आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर मानसरोवर योजना स्थित आनंद बुद्ध विहार, औरंगाबाद खालसा, सेक्टर-पी में धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस एवं वर्षावास प्रारंभ कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूज्या भिक्खुनी अत्तदीपा जी ने वर्षावास का शुभारंभ करते हुए आगामी तीन माह तक इसी विहार में निवास कर साधना, अध्ययन एवं धम्म प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने बताया कि आषाढ़ पूर्णिमा के दिन ही भगवान बुद्ध ने बोधगया में ज्ञान प्राप्ति के पश्चात सारनाथ में अपने पांच पूर्व साथियों को प्रथम उपदेश देकर धम्मचक्र प्रवर्तन किया था। इसी ऐतिहासिक घटना की स्मृति में बौद्ध समाज इस दिन को धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के रूप में मनाता है। इसी दिन बुद्ध संघ की स्थापना भी हुई थी, जिसके कारण यह दिन बौद्ध परंपरा में गुरु पूर्णिमा के रूप में भी विशेष महत्व रखता है। आनंद बुद्ध विहार समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. लाल, सचिव जी.पी. भारतीय, कोषाध्यक्ष कालीचरण तथा समिति सदस्य राजेश दोहरे, सत्यभान सिंह, राजेंद्र एवं सी.एल. कुरील सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अंबेडकर विचार मंच, साउथ सिटी के ओम नारायण अहिरवार, डॉ. आनंद स्वरूप, के.एम. कौशल एवं उनके सहयोगियों, वृंदावन योजना के आर.के. गौतम तथा बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया के बौद्धाचार्य जगदीश एवं बौद्धाचार्य वीर बहादुर बौद्ध का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ भिक्खु संघ द्वारा बुद्ध वंदना से हुआ। इसके उपरांत धम्मदेशना का आयोजन किया गया तथा भिक्खु संघ को भोजन दान अर्पित किया गया। अंत में उपासक-उपासिकाओं को भोजन कराकर सभी के मंगल एवं कल्याण की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाएं, बाढ़ राहत में न हो लापरवाही: मुख्य सचिव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जिलाधिकारी नियमित निगरानी कर किसानों के पंजीकरण की गति और तेज करें तथा शत-प्रतिशत किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन जिलों में प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, वहां विशेष अभियान चलाकर भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा किया जाए। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रदेश में अब तक 2 करोड़ 45 लाख 94 हजार 831 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है, जो निर्धारित लक्ष्य का 85 प्रतिशत है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्तर पर 10वें स्थान पर पहुंच गया है। गाजियाबाद और रामपुर ने लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री पूरी कर ली है। वहीं गाटों के अंश निर्धारण का कार्य प्रदेश में 88.92 प्रतिशत पूरा हो चुका है। अमरोहा, हरदोई, पीलीभीत, शाहजहांपुर, महोबा, बहराइच, हमीरपुर, मुरादाबाद और ललितपुर इस कार्य में अग्रणी जिलों में शामिल हैं। मुख्य सचिव ने बताया कि 16 अगस्त 2026 से खरीफ फसलों की ई-खसरा पड़ताल (डिजिटल क्रॉप सर्वे) शुरू होगी। इसके लिए सभी जिलाधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने, पर्याप्त संख्या में सर्वेयरों का चयन एवं प्रशिक्षण कराने तथा सर्वे शुरू होने से पहले उन्हें कार्य आवंटित करने के निर्देश दिए गए। नंद बाबा दुग्ध मिशन की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाए रखने के लिए प्रत्येक गांव में दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मिशन की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाए तथा जनपदवार निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में बताया गया कि मिशन के तहत अब 35 प्रतिशत बैंक ऋण की अनिवार्यता समाप्त कर दी गई है। इच्छुक लाभार्थी स्वयं की वित्तीय व्यवस्था से भी इकाई स्थापित कर सकेंगे तथा स्वीकृत अनुदान की राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी। अगस्त माह में प्रत्येक जिले में दुग्ध कॉन्क्लेव आयोजित कर किसानों को योजनाओं की जानकारी देने और उनकी समस्याओं के समाधान की व्यवस्था की जाएगी। मुख्य सचिव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य पूरी तत्परता, समन्वय और संवेदनशीलता के साथ किए जाएं। प्रभावित परिवारों तक समय पर राशन किट पहुंचाने, जिलाधिकारियों द्वारा नियमित क्षेत्र भ्रमण करने तथा राहत कार्यों की लगातार निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।


## कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-2

**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 635/EE-2/LJS    दिनांक -29/7/2026

**(अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

निम्नलिखित कार्य / आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदा दि05/08/2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन शायं काल 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दि0 05.08 2026 को समय 2.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ0डी0आर0 सी0डी0 आर0 / एन0एस0सी0 के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-2 के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्ट मनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समययानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।

| Sr.no | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | GST18% | कुल योग | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Reboring of 1.5HP Submersible pump near Unchi Mawaiya crossing gate No. 2 infront of Shop of Shaktikendra Sanyojak Sri Dharmendra | 3350.00 | 200.00 | 36.00 | 236.00 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त :** 1. निविदादाता का जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ एवं जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-2**
**जलकल विभाग, नगर निगम,**
**लखनऊ**

# संपादकीय



## लंबित मुकदमे : न्याय में देरी की भारी कीमत

भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसकी न्यायपालिका मानी जाती है। संविधान प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष और समयबद्ध न्याय का अधिकार देता है। लेकिन जब किसी व्यक्ति का मुकदमा वर्षों या दशकों तक अदालतों में लंबित रहता है, तो यह अधिकार केवल कागजों तक सीमित होकर रह जाता है। भारत में करोड़ों मुकदमे विभिन्न अदालतों में लंबित हैं। विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार (08 दिसंबर 2025 तक): सुप्रीम कोर्ट: 90,897 मामले लंबित उच्च न्यायालय: 63,63,406 मामले लंबित जिला एवं अधीनस्थ न्यायालय: 4,84,57,343 मामले लंबित कुल लंबित मामले: लगभग 5.49 करोड़ (5,48,11,646)। इन लंबित मामलों का सबसे अधिक दुष्प्रभाव केवल पीड़ित पक्ष पर ही नहीं, बल्कि उन आरोपियों पर भी पड़ता है, जिनका अपराध अभी तक अदालत में सिद्ध नहीं हुआ है। 'जब तक अपराध सिद्ध न हो, तब तक व्यक्ति निर्दोष है' – भारतीय न्याय व्यवस्था का यह मूल सिद्धांत व्यवहार में कई बार कमजोर पड़ जाता है। वर्षों तक मुकदमे झेलने वाला आरोपी सामाजिक, आर्थिक और मानसिक रूप से ऐसी सजा भुगतता है, जो कई बार अदालत द्वारा दी जाने वाली वास्तविक सजा से भी अधिक कठोर साबित होती है। लंबित मुकदमों का बढ़ता बोझ– देश की विभिन्न अदालतों में करोड़ों मामले वर्षों से लंबित हैं। जिला अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय तक मुकदमों का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इसके पीछे कई कारण हैं— न्यायाधीशों के हजारों पद रिक्त होना। मुकदमों की लगातार बढ़ती संख्या। बार–बार स्थगन मिलना। पुलिस जांच और चार्जशीट दाखिल करने में देरी। गवाहों का समय पर उपस्थित न होना। आधुनिक तकनीक का सीमित उपयोग। इन कारणों से न्याय की प्रक्रिया लंबी होती चली जाती है। आरोपी की सबसे बड़ी पीड़ा– जब किसी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज होता है, तो उसके जीवन में अनेक कठिनाइयाँ एक साथ आ जाती हैं। यदि उसे गिरफ्तार कर लिया जाए तो उसे जेल में समय बिताना पड़ सकता है। जमानत मिलने के बाद भी उसकी परेशानियाँ समाप्त नहीं होतीं। आरोपी को बार–बार अदालत में पेश होना पड़ता है। हर तारीख पर नौकरी या व्यवसाय छोड़कर अदालत जाना पड़ता है। कई बार मुकदमे की सुनवाई आगे नहीं बढ़ती और केवल अगली तारीख मिल जाती है। यह प्रक्रिया वर्षों तक चलती रहती है। सामाजिक बदनामी समाज में किसी व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज होने मात्र से उसकी छवि प्रभावित हो जाती है। भले ही बाद में अदालत उसे पूरी तरह निर्दोष घोषित कर दे, लेकिन उस पर लगा आरोप लोगों की स्मृति में बना रहता है। ऐसे व्यक्ति को नौकरी मिलने में कठिनाई होती है। कई सरकारी नौकरियों में लंबित मुकदमे भी परेशानी का कारण बन जाते हैं। परिवार को भी सामाजिक तिरस्कार का सामना करना पड़ता है। आर्थिक नुकसान– लंबे मुकदमों की सबसे बड़ी मार आर्थिक होती है। वकीलों की फीस, अदालत आने–जाने का खर्च, दस्तावेजों पर होने वाला खर्च, काम–धंधे में नुकसान, नौकरी छूटने का खतरा, कई परिवार मुकदमे लड़ते–लड़ते आर्थिक रूप से कमजोर हो जाते हैं। मानसिक तनाव– वर्षों तक मुकदमा झेलने वाला व्यक्ति लगातार तनाव में रहता है। उसे हर समय फैसले की चिंता सताती रहती है। परिवार के सदस्यों पर भी इसका गहरा असर पड़ता है। कई मामलों में मानसिक अवसाद, स्वास्थ्य समस्याएँ और पारिवारिक विवाद बढ़ जाते हैं। यदि अंत में आरोपी निर्दोष निकले तो ?0यह सबसे गंभीर प्रश्न है। कई बार अदालत वर्षों बाद आरोपी को यह कहते हुए बरी कर देती है कि उसके खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले। उसके जीवन के कई वर्ष बीत चुके होते हैं। आर्थिक नुकसान हो चुका होता है। मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ चुकी होती है। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि यदि व्यक्ति निर्दोष था, तो उसके खोए हुए वर्षों की भरपाई कौन करेगा ? पीड़ित पक्ष भी प्रभावित– न्याय में देरी केवल आरोपी के लिए ही नहीं, बल्कि पीड़ित के लिए भी कष्टदायक होती है। पीड़ित वर्षों तक न्याय की प्रतीक्षा करता है। गवाह कमजोर पड़ जाते हैं, साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं और कई बार न्याय का उद्देश्य ही कमजोर पड़ जाता है। सुधार की आवश्यकता– न्याय व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई सुधार आवश्यक हैं— न्यायाधीशों के रिक्त पदों को शीघ्र भरना, नई अदालतों की स्थापना, ई–कोर्ट और डिजिटल सुनवाई का विस्तार,अनावश्यक स्थगन पर सख्ती, पुलिस जांच की गुणवत्ता में सुधार, छोटे मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष अदालतें, वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) को बढ़ावा, गवाह संरक्षण प्रणाली को मजबूत करना, न्याय में देरी, न्याय से वंचित करना अंग्रेज़ी की प्रसिद्ध उक्ति है— 'Justice delayed is justice denied.' अर्थात न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के समान है। यह बात आरोपी और पीड़ित—दोनों पर समान रूप से लागू होती है। यदि किसी निर्दोष व्यक्ति को वर्षों तक मुकदमा झेलना पड़े, तो वह भी न्याय से वंचित है। यदि पीड़ित को वर्षों तक निर्णय का इंतजार करना पड़े, तो उसके साथ भी न्याय अधूरा रह जाता है। भारतीय न्यायपालिका पर जनता का विश्वास आज भी मजबूत है, लेकिन बढ़ते लंबित मुकदमे इस विश्वास की सबसे बड़ी परीक्षा बन गए हैं। न्याय केवल निष्पक्ष होना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समय पर मिलना भी उतना ही आवश्यक है। अदालतों में लंबित मामलों को कम करना, न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाना, तकनीक का अधिक उपयोग करना और मुकदमों के त्वरित निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था करना समय की मांग है। एक लोकतांत्रिक व्यवस्था की सफलता तभी मानी जाएगी, जब निर्दोष व्यक्ति वर्षों तक आरोपी बनकर न जीए और पीड़ित को न्याय के लिए अनंत प्रतीक्षा न करनी पड़े। न्याय व्यवस्था का उद्देश्य केवल फैसला सुनाना नहीं, बल्कि समय पर और प्रभावी न्याय सुनिश्चित करना होना चाहिए।

**राजीव शुक्ला -(संपादक)**




**मेष राशि**-मेष राशि के जातकों के लिए आज का दिन उत्साह और उपलब्धियों से भरा रहने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत का सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा और आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में अधिक मजबूत हो सकती है।

**वृष राशि**-वृष राशि के लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टि से अनुकूल रहने वाला है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। व्यापार में साझेदारी से लाभ मिलेगा और संपत्ति से जुड़े मामलों में सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं।

**मिथुन राशि**-मिथुन राशि के जातकों के लिए आज नई संभावनाओं का द्वार खुल सकता है। व्यापार में आ रही बाधाएं दूर होंगी और आय के नए स्रोत बनने के संकेत हैं।

**कर्क राशि**-कर्क राशि के लिए आज का दिन लाभदायक रहने की संभावना है। व्यापार में नई उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं और महत्वपूर्ण समझौते आपके पक्ष में जा सकते हैं।

**सिंह राशि**-सिंह राशि के जातकों के लिए आज का दिन विशेष सफलता लेकर आ सकता है। कार्यक्षेत्र में नए अवसर प्राप्त होंगे और किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति का सहयोग आपके भविष्य के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

**कन्या राशि**-कन्या राशि के लिए आज का दिन उन्नति और सम्मान का संकेत दे रहा है। आपकी प्रतिभा और कार्यशैली से लोग प्रभावित होंगे। नौकरी करने वालों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला राशि**-तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन समझदारी और संतुलन बनाए रखने का है। कठिन परिस्थितियों में भी आपका विवेक आपको सफलता की ओर ले जाएगा।

**वृश्चिक राशि**-वृश्चिक राशि वालों के लिए आज का दिन इच्छापूर्ति और सफलता का संकेत दे रहा है। शिक्षा, प्रतियोगिता और कानूनी मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है। व्यापार में किए गए नए प्रयास लाभदायक सिद्ध होंगे।

**धनु राशि**-धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन प्रसन्नता और पारिवारिक सुख लेकर आएगा। नौकरीपेशा लोगों को वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और कार्यक्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि**-मकर राशि के लिए आज का दिन नई संभावनाओं से भरा रहेगा। रोजगार से जुड़े शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बनी रहेगी और कार्यस्थल पर आपकी कार्यक्षमता की सराहना होगी।

**कुंभ राशि**-कुंभ राशि के जातकों को आज अपनी मेहनत का उचित फल मिलने की संभावना है। भूमि, भवन या वाहन से जुड़े रुके हुए कार्य आगे बढ़ सकते हैं।

**मीन राशि**-मीन राशि वालों के लिए आज का दिन संतुलित और सकारात्मक रहेगा। भूमि या संपत्ति से जुड़े किसी भी निर्णय में सावधानी बरतना लाभदायक रहेगा। व्यापार में निवेश भविष्य के लिए लाभकारी साबित हो सकता है, हालांकि अपेक्षित परिणाम मिलने में कुछ समय लग सकता है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय से विश्व कप तक उन्नाव की दो बेटियों ने लिखी सफलता की नई इबारत

*ऐसी ही प्रेरणादायी कहानी है जनपद उन्नाव की दो बेटियों कु0 अर्चना देवी और कु0 निशा वर्मा की, जिन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, औरास से निकल कर क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। इन दोनों बेटियों की सफलता केवल व्यतिगत उपलधि नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के मुयमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बालिका शिक्षा, खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन और समग्र शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जीवंत मिसाल भी है। यह कहानी बताती है कि जब शिक्षा के साथ अवसर और प्रोत्साहन जुड़ते हैं, तब साधारण परिवारों की बेटियां भी असाधारण उपलधियाँ हासिल कर सकती हैं। हाल ही में 20 जुलाई को दोनों खिलाड़ियों ने लखनऊ स्थित राज्य परियोजना कार्यालय में महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती मोनिका रानी से भेंट की।*

प्रतिभा कभी संसाधनों की मोहताज नहीं होती। उसे केवल सही अवसर, उचित मार्गदर्शन और अपने सपनों पर अटूट विश्वास की आवश्यकता होती है। उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालयों से निकल रही अनेक प्रेरणादायी कहानियां आज इस सत्य को बार–बार सिद्ध कर रही हैं। कभी आर्थिक अभाव, सामाजिक चुनौतियों और सीमित संसाधनों के बीच जीवन बिताने वाली बेटियां आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। ऐसी ही प्रेरणादायी कहानी है जनपद उन्नाव की दो बेटियों कु0 अर्चना देवी और कु0 निशा वर्मा की, जिन्होंने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, औरास से निकल कर क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है। इन दोनों बेटियों की सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बालिका शिक्षा, खेल प्रतिभाओं के प्रोत्साहन और समग्र शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जीवंत मिसाल भी है। यह कहानी बताती है कि जब शिक्षा के साथ अवसर और प्रोत्साहन जुड़ते हैं, तब साधारण परिवारों की बेटियां भी असाधारण उपलब्धियाँ हासिल कर सकती हैं। हाल ही में 20 जुलाई को दोनों खिलाड़ियों ने लखनऊ स्थित राज्य परियोजना कार्यालय में महानिदेशक स्कूल शिक्षा श्रीमती मोनिका रानी से भेंट की। यह मुलाकात केवल सम्मान का अवसर नहीं थी, बल्कि सरकारी विद्यालयों में विकसित हो रही प्रतिभाओं की सफलता का प्रतीक भी थी। इस अवसर ने यह संदेश दिया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय अब केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बन चुके हैं।

### गांव की मिट्टी से विश्व कप विजेता बनने तक कु0 अर्चना का सफर

जनपद उन्नाव के एक साधारण ग्रामीण परिवार में जन्मी अर्चना देवी का बचपन संघर्षों से भरा रहा। कम उम्र में पिता का साया सिर से उठ गया और आर्थिक कठिनाइयों ने जीवन को और चुनौतीपूर्ण बना दिया। ऐसे हालातों में क्रिकेट जैसे खेल के बारे में सोचना भी उनके लिए आसान नहीं था। जीवन ने तब नई दिशा ली जब उनका प्रवेश जनपद उन्नाव के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, औरास में हुआ। विद्यालय की शिक्षिका पूनम मैम ने खेल के मैदान में अर्चना की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें नियमित प्रशिक्षण के लिए प्रेरित किया। यही वह क्षण था जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी। निरंतर अभ्यास, अनुशासन और अथक मेहनत के बल पर अर्चना ने अपनी प्रतिभा को निखारा और आगे चलकर आईसीसी अंडर–19 महिला टी–20 विश्व कप 2023 विजेता भारतीय टीम की सदस्य बनने का गौरव प्राप्त किया। यह उपलब्धि केवल उनके परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय बनी। अर्चना का कहना है कि यदि उन्हें केजीबीवी जैसा वातावरण और शिक्षकों का मार्गदर्शन नहीं मिला होता, तो शायद उनका सपना कभी साकार नहीं हो पाता। आज वे मानती हैं कि खेल की दुनिया में पहचान केवल प्रतिभा, मेहनत और प्रदर्शन से बनती है।

### कु0 निशा वर्मा ने तानों को बनाया अपनी ताकत

इसी विद्यालय की दूसरी होनहार खिलाड़ी निशा वर्मा की कहानी भी उतनी ही प्रेरणादायक है। क्रिकेट खेलने के निर्णय पर उन्हें समाज की अनेक टिप्पणियों और तानों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी अपने लक्ष्य से समझौता नहीं किया।

लगातार अभ्यास और दृढ़ संकल्प के बल पर निशा उत्तर प्रदेश अंडर–19 महिला क्रिकेट टीम की महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनीं। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अक्टूबर 2024 में राष्ट्रीय नॉकआउट प्रतियोगिता के लिए उनका चयन हुआ। यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत और समर्पण का परिणाम है। निशा का मानना है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो परिस्थितियां कभी सफलता का रास्ता नहीं रोक पाती। अर्चना और निशा अपनी सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपनी शिक्षिका पूनम मैम को देती हैं। उन्होंने केवल क्रिकेट की तकनीक नहीं सिखाई, बल्कि दोनों छात्राओं के भीतर आत्मविश्वास, अनुशासन और कठिन परिस्थितियों से संघर्ष करने का साहस भी विकसित किया। उन्होंने यह विश्वास जगाया कि प्रतिभा किसी भी परिस्थिति से बड़ी होती है और सही मार्गदर्शन मिलने पर हर सपना साकार हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा समग्र शिक्षा एवं बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शिक्षा के साथ–साथ खेल, व्यक्तित्व विकास तकनीकी कौशलविकास और नेतृत्व क्षमता को भी विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। परिणामस्वरूप आज इन विद्यालयों की छात्राएं शिक्षा, खेल, विज्ञान, तकनीकी शिक्षा, प्रशासन और अन्य अनेक क्षेत्रों में नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। अर्चना और निशा की सफलता इस बात का प्रमाण है कि सरकारी विद्यालयों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल ऐसे वातावरण की है, जहां प्रत्येक बच्चे को अपनी क्षमता पहचानने और उसे विकसित करने का अवसर मिल सके। उन्नाव की इन दोनों बेटियों की सफलता हर उस बालिका के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखती है। यह कहानी बताती है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि संकल्प मजबूत हो, मेहनत निरंतर हो और सही मार्गदर्शन मिले, तो सफलता निश्चित होती है। आज अर्चना देवी और निशा वर्मा केवल सफल क्रिकेट खिलाड़ी नहीं हैं, बल्कि लाखों बेटियों के आत्मविश्वास, साहस और नई उड़ान का प्रतीक बन चुकी हैं। उनकी उपलब्धियां यह संदेश देती हैं कि उत्तर प्रदेश के सरकारी विद्यालय अब केवल शिक्षा देने वाले संस्थान नहीं, बल्कि भविष्य गढ़ने वाले ऐसे केंद्र बन रहे हैं, जहां से निकलकर देश की बेटियां विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़ा रही हैं।

**सम्पर्क सूत्र - धर्मवीर खरे**

# बागपत में महिला सशक्तिकरण की धुरी बना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन

*जनपद बागपत में जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए स्वयं सहायता समूहों को अधिक से अधिक सशत बनाने, सुगम बैंक ऋण उपलध कराने, आधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण देने, उत्पादों के लिए व्यापक विपणन व्यवस्था (मार्केटिंग) सुनिश्चित करने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए निरंतर अत्यंत प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इन सुनियोजित और प्रतिबद्ध प्रयासों के ही बेहद सकारात्मक और उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं, जिसके फलस्वरूप जनपद में अब तक 64 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाएं आजीविका मिशन से सीधे जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से आगे बढ़ी हैं। प्रदेश सरकार की नीतियों की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि इनमें से 15 हजार 702 महिलाएं अब 'लखपति दीदी' के गौरवशाली मुकाम पर पहुंच चुकी हैं, जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपये से लेकर 19 लाख रुपये तक पहुंच गई है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के इस संयुत संकल्प को धरातल पर उतारते हुए जनपद बागपत में कुल 28 हजार महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी शीघ्र प्राप्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका मिशन से जुड़ी लगभग 40 हजार महिलाएं अपनी पारंपरिक सीमाओं को तोड़कर विविध प्रकार की आधुनिक और पारंपरिक स्वरोजगार गतिविधियों में सफलतापूर्वक भाग ले रही हैं। ये ऊर्जावान महिलाएं डेयरी विकास, उन्नत पशुपालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खेती, किराना एवं सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों का संचालन, यूटी पार्लर, आटा चकी, शुद्ध मसाला निर्माण, हैंडलूम और रेडीमेड वस्त्र निर्माण जैसे व्यवसायों में परचम लहरा रही हैं।*

उत्तर प्रदेश सरकार की लोककल्याणकारी मंशा और दूरदर्शी नीतियों के अनुरूप ग्रामीण अंचल की महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त, स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में संचालित उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) जनपद बागपत में सफलता की नई कहानी लिख रहा है। प्रदेश सरकार के निरंतर प्रयासों और मार्गदर्शन में यह मिशन जनपद की हजारों महिलाओं के लिए एक मजबूत संबल और महिला सशक्तिकरण का आधार बनकर उभरा है। जो ग्रामीण महिलाएं कभी अपने परिवार के भरण–पोषण और छोटी–छोटी बुनियादी जरूरतों के लिए पूर्णतः दूसरों पर निर्भर थीं, वे आज प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से जुड़कर न केवल स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के माध्यम से सफल स्वरोजगार स्थापित कर रही हैं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत भी बन रही हैं। जनपद बागपत में जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश सरकार के दिशा–निर्देशों का शत–प्रतिशत अनुपालन करते हुए स्वयं सहायता समूहों को अधिक से अधिक सशक्त बनाने, सुगम बैंक ऋण उपलब्ध कराने, आधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण देने, उत्पादों के लिए व्यापक विपणन व्यवस्था (मार्केटिंग) सुनिश्चित करने तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए निरंतर अत्यंत प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इन सुनियोजित और प्रतिबद्ध प्रयासों के ही बेहद सकारात्मक और उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं, जिसके फलस्वरूप जनपद में अब तक 64 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाएं आजीविका मिशन से सीधे जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से आगे बढ़ी हैं। प्रदेश सरकार की नीतियों की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि इनमें से 15 हजार 702 महिलाएं अब 'लखपति दीदी' के गौरवशाली मुकाम पर पहुंच चुकी हैं, जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपये से लेकर 19 लाख रुपये तक पहुंच गई है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार के इस संयुक्त संकल्प को धरातल पर उतारते हुए जनपद बागपत में कुल 28 हजार महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी शीघ्र प्राप्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका मिशन से जुड़ी लगभग 40 हजार महिलाएं अपनी पारंपरिक सीमाओं को तोड़कर विविध प्रकार की आधुनिक और पारंपरिक स्वरोजगार गतिविधियों में सफलतापूर्वक भाग ले रही हैं। ये ऊर्जावान महिलाएं डेयरी विकास, उन्नत पशुपालन, मशरूम उत्पादन, जैविक खेती, किराना एवं सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों का संचालन, ब्यूटी पार्लर, आटा चक्की, शुद्ध मसाला निर्माण, हैंडलूम और रेडीमेड वस्त्र निर्माण जैसे व्यवसायों में परचम लहरा रही हैं। इसके अतिरिक्त, पारंपरिक त्योहारों से जुड़े राखी निर्माण, इको–फ्रेंडली दोना–पत्तल उत्पादन, भगवान के श्रीविग्रहों के लिए आकर्षक कान्हा ड्रेस निर्माण तथा सिलाई–कढ़ाई जैसी गतिविधियों के माध्यम से ये महिलाएं प्रतिमाह 15 हजार रुपये से लेकर 60 हजार रुपये तक की शानदार नियमित आय अर्जित कर रही हैं। महिलाओं की इस बढ़ती क्रय शक्ति और आय से न केवल उनके परिवारों का जीवन स्तर उन्नत हुआ है और वे आर्थिक रूप से समृद्ध हुए हैं, बल्कि जनपद की स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी एक अभूतपूर्व गति और नई मजबूती मिली है। जनपद बागपत में आजीविका मिशन के तहत सामने आई सफलताओं में ग्राम नौरोजपुर गुर्जर की निवासी रजनी की प्रेरक कहानी महिला सशक्तिकरण और प्रदेश सरकार की प्रभावी कार्यप्रणाली की एक उत्कृष्ट मिसाल है। जीवन के एक पड़ाव पर अत्यंत कठिन परिस्थितियों और भारी आर्थिक तंगी का सामना करने के बाद, उन्होंने वर्ष 2019 में स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन के नए अध्याय की शुरुआत की। सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन का लाभ उठाते हुए उन्होंने वर्ष 2021 में 'विद्युत सखी' के रूप में कार्य प्रारंभ किया। शुरुआती समय में ग्रामीण क्षेत्रों की अनेक चुनौतियों के बावजूद, अपनी अदम्य मेहनत, निष्ठा और प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए प्रोत्साहन के बल पर वर्ष 2025 में उन्होंने 10 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बिजली बिल कलेक्शन कर पूरे उत्तर प्रदेश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी इस ऐतिहासिक और असाधारण उपलब्धि के लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है, जो गौरव का विषय है। आज वे प्रतिमाह 60 हजार रुपये से अधिक की निरंतर आय प्राप्त कर एक अत्यंत स्वाभिमानी और आत्मनिर्भर जीवन व्यतीत कर रही हैं। रजनी की ही भांति जनपद की अनेक अन्य ग्रामीण महिलाएं भी अपने हुनर और सरकार के सहयोग से सफलता की नई इबारत लिख रही हैं। ग्राम सिंघावली अहीर की निवासी उमा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से राखी निर्माण का बेहतरीन कार्य कर न केवल अपने हुनर को पहचान दे रही हैं, बल्कि एक सम्मानजनक आय भी अर्जित कर रही हैं। इसी प्रकार, पिलाना क्षेत्र की रीना प्रजापति उच्च गुणवत्ता वाले मसालों के निर्माण एवं बिक्री के माध्यम से एक बेहद सफल व्यवसाय संचालित कर रही हैं, जिससे उनके परिवार को आर्थिक संबल मिला है। वहीं, ख्वाजा नंगला की आरती मान ने अपनी कलात्मक सोच से स्वरोजगार का मार्ग चुना और वे श्रीकृष्ण एवं राधारानी की बेहद आकर्षक पोशाकें (कान्हा ड्रेस) तैयार कर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपये तक की सहज आय प्राप्त कर रही हैं। ये जीवंत उदाहरण इस बात को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण महिलाएं किस प्रकार स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों के बल पर 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को साकार करते हुए पूर्ण आर्थिक स्वतंत्रता हासिल कर रही हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद में स्वयं सहायता समूहों को निरंतर वित्तीय मजबूती और सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक सुदृढ़ तंत्र विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से महिलाओं को विभिन्न चरणों में आसान एवं त्वरित वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। समूहों की व्यावसायिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ), रिवॉल्विंग फंड तथा सुगम बैंक क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) के माध्यम से 20 लाख रुपये तक का ऋण बिना किसी जटिल प्रक्रिया के उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार की इस उदार एवं पारदर्शी वित्तीय सहायता के दम पर महिलाएं अब अपने छोटे व्यवसायों को बड़े उद्यमों में बदल रही हैं और ग्रामीण क्षेत्र में ही अन्य लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित कर रही हैं। स्वयं सहायता समूहों की इन उद्यमी महिलाओं को और अधिक सशक्त, स्थायी और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा एक अत्यंत अभिनव और सराहनीय पहल की गई है। इसके तहत जनपद के सभी प्रमुख सरकारी कार्यालयों में समूहों की महिलाओं को कैंटीन संचालन का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। प्रशासन की इस विशेष व्यवस्था से महिलाओं को अपने स्वयं के व्यवसाय के साथ–साथ नियमित आय का एक अतिरिक्त, सुरक्षित और स्थायी स्रोत प्राप्त हो रहा है, जिससे उनका सामाजिक व आर्थिक स्तर और अधिक उन्नत हुआ है। जिला प्रशासन प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने और अंतिम पायदान पर खड़ी महिला को भी समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्यरत है। राष्ट्रीय स्तर पर और राज्य सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आजीविका मिशन जनपद बागपत सहित पूरे प्रदेश के ग्रामीण अंचल की महिलाओं को सामाजिक मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य कर रहा है। मिशन का मुख्य ध्येय गाँव–गाँव और घर–घर तक स्वयं सहायता समूहों का एक सशक्त नेटवर्क तैयार कर महिलाओं को कौशल विकास के जरिए हुनरमंद बनाना और उन्हें आजीविका के स्थायी, दीर्घकालिक अवसरों से जोड़कर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'समृद्ध उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करना है। वित्तीय समावेशन की दिशा में केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'बीसी सखी' (बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट सखी) योजना ग्रामीण बागपत में एक क्रांतिकारी कदम साबित हुई है। इसके माध्यम से प्रशिक्षित महिलाएं अपने ही गाँव में घर–घर जाकर बुजुर्गों, दिव्यांगों और आम नागरिकों को सुलभ डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहुंचा रही हैं, जिससे ग्रामीण लेनदेन सुगम हुआ है। इसके साथ ही, 'बैंक सखी' के रूप में कार्यरत महिलाएं ग्रामीण परिवारों को छोटी बचत करने, आसान बैंक ऋण प्राप्त करने और वित्तीय साक्षरता से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही हैं, जिसने ग्रामीण साहूकारी प्रथा के चंगुल से गरीबों को हमेशा के लिए मुक्त कराने में बड़ी भूमिका निभाई है।

प्रदेश में महिला रोजगार और स्वास्थ्य सुरक्षा को एक साथ जोड़ते हुए कुपोषण उन्मूलन के क्षेत्र में भी स्वयं सहायता समूहों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार द्वारा जनपद एवं प्रदेश में 'टेक होम राशन' (टीएचआर) निर्माण इकाइयों का संचालन पूर्ण रूप से समूहों की महिलाओं को सौंपा गया है, जिससे नौनिहालों और गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण पोषाहार मिलने के साथ–साथ हजारों महिलाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इसके अतिरिक्त, 'प्रेरणा कैंटीन', 'सोलर दीदी' और 'प्रेरणा ब्रांड' के माध्यम से स्थानीय स्तर पर महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को प्रदेश और देश के व्यापक बाजारों तक पहुंचाने की ठोस व्यवस्था की गई है। प्रदेश सरकार की दूरदर्शी सोच और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की इन बहुआयामी, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी योजनाओं ने उत्तर प्रदेश के साथ–साथ विशेष रूप से बागपत जनपद के संपूर्ण ग्रामीण सामाजिक–आर्थिक परिदृश्य को सकारात्मक रूप से बदल दिया है। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं को केवल आर्थिक स्वतंत्रता ही नहीं दी है, बल्कि उनके आत्मविश्वास, सामाजिक सम्मान और परिवार तथा समाज में निर्णय लेने की क्षमता में अभूतपूर्व वृद्धि की है। बागपत जनपद में आजीविका मिशन की यह स्वर्णिम सफलता इस बात का द्योतक है कि प्रदेश सरकार राज्य की नारी शक्ति को स्वावलंबी, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाते हुए उत्तर प्रदेश को देश का सर्वोत्तम एवं सर्वाधिक समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में कर रही है।

**सूचनाधिकारी जनपद-बागपत/ डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्णिमा ज्ञान, संस्कार और कर्तव्य के प्रति समर्पण का पर्व- कनक लता



देवरिया। समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व्यास यादव तथा संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के साथ हुआ। जिलाध्यक्ष व्यास यादव ने कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति का जीवन सामाजिक समरसता, श्रम और सम्मान की संस्कृति का प्रेरक है। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय, समान अवसर और सभी वर्गों के सम्मान की विचारधारा के प्रति प्रतिबद्ध है। पूर्व राज्यसभा सांसद कनकलता सिंह ने कहा कि गुरु है। महाराजा दक्ष प्रजापति के आदर्श आज भी समाज को न्याय, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और सामाजिक न्याय के मूल्यों को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गुरु वह दिव्य प्रकाश है जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान प्रकाश देते- एसडीएम



सहजनवा/गोरखपुर: गुरु वह दिव्य प्रकाश है जो अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान संस्कार और सफलता का मार्ग दिखाते है।उनके मार्गदर्शन से ही जीवन को सही दिशा का उद्देश्य मिलता है। उक्त बाते उपजिलाधिकारी सहजनवा नमन मेहता ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही। वही तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया ने कहा कि गुरु का पद सबसे सर्वोपरि होता है। इनके ज्ञान से ही हम सबका विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत उपाध्याय को अधिवक्ताओं ने गुरु की मान्यता देते हुए फूलमालाओं से लाद कर स्वागत किया। कार्यक्रम संचालन तहसील बार एसोशिएसन अध्यक्ष के0के0 त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी मौजूद अधिवक्ताओं को मिष्ठान भी कराया गया। इस अवसर पर तहसील बार एसोशिएसन मंत्री राघवेंद्र सिंह,बुद्धिसागर यादव, अनिल कुमार त्रिपाठी सुधाकर त्रिपाठी, भूपेश त्रिपाठी, सतीश कुमार, पंकज श्रीवास्तव, जन्मेजय सिंह, गणेश, सतीश कन्नौजिया, सुग्रीव, तारकेश्वर चौरसिया, सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

### गुरु पूर्णिमा पर संत-महात्माओं का हुआ सम्मान

**श्री चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल रहे मुख्य अतिथि**



पडरौना। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को पडरौना नगर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में संत-महात्माओं एवं गुरुजनों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष भुवनेश्वर मिश्रा एवं मनोज शर्मा के नेतृत्व में चित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर एवं पूज्य महंत अजय श्री दास जी महाराज को अंगवस्त्र एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च है। गुरु समाज को ज्ञान, संस्कार और सदाचार का मार्ग दिखाते हैं तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गुरुजनों का सम्मान हमारी गौरवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है। कार्यक्रम में देवेंद्र मिश्रा, विष्णु जायसवाल, कन्हैया कुशवाहा, संतोष यादव, पिंटू साह सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत-महात्माओं का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# वैभव वर्मा को नम आंखों से अंतिम विदाई

**न्याय की आस लिए सीएम से मिलने निकले परिजन; सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में अयोध्या रवाना हुआ शव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




खज़नी/गोरखपुर। खजनी कस्बे के चर्चित वैभव वर्मा हत्याकांड के बाद बुधवार का दिन पूरे क्षेत्र के लिए बेहद भावुक और गमगीन रहा। 12 वर्षीय वैभव वर्मा का पोस्टमार्टम होने के बाद उसका शव भारी पुलिस सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी के बीच अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या रवाना किया गया। अंतिम यात्रा में उमड़े जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि इस दर्दनाक घटना ने सिर्फ एक परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। सैकड़ों की संख्या में लोग वैभव को अंतिम विदाई देने पहुंचे। हर आंख नम थी और हर जुबान पर एक ही मांग थी–मासूम को न्याय मिले। बुधवार सुबह से ही वैभव के आवास पर लोगों का तांता लगा रहा। रिश्तेदारों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने पहुंचकर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। घर का माहौल बेहद मार्मिक था। परिजनों के विलाप से वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें भर आई। इस बीच परिजनों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा और परिवार को न्याय दिलाने की मांग रखने का निर्णय लिया। इसी वजह से अंतिम यात्रा निर्धारित समय से शुरू नहीं हो सकी। मुख्यमंत्री से मिलने के लिए रवाना होने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे वैभव के शव को अंतिम यात्रा के लिए घर से बाहर निकाला गया।

घर से खजनी कस्बे तक परिजन और शुभचिंतक वैभव के पार्थिव शरीर को कंधे पर लेकर पैदल चले। पूरे रास्ते लोगों की भीड़ उमड़ती रही। जगह-जगह लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर मासूम को अंतिम विदाई दी। कई महिलाएं और बुजुर्ग भावुक होकर रो पड़े, जबकि युवाओं ने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग दोहराई। पूरे मार्ग पर शोक और संवेदना का वातावरण बना रहा। खजनी कस्बे में पहुंचने के बाद वैभव के शव को एक पिकअप वाहन में रखा गया, जहां से अंतिम संस्कार के लिए अयोध्या रवाना किया गया।

अंतिम यात्रा के दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था और वरिष्ठ अधिकारी लगातार पूरे घटनाक्रम की निगरानी करते रहे। उल्लेखनीय है कि वैभव वर्मा हत्याकांड ने पूरे पूर्वांचल को झकझोर दिया है। घटना के बाद से लोगों में गहरा आक्रोश है और लगातार दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठ रही है। प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच तेज गति से आगे बढ़ाई जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कानून के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, शोक में डूबे परिजनों का कहना है कि उनका बेटा अब वापस नहीं आएगा, लेकिन उसे न्याय अवश्य मिलना चाहिए, ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी असहनीय त्रासदी का सामना न करना पड़े। पूरे क्षेत्र की निगाहें अब प्रशासनिक कार्रवाई और न्यायिक प्रक्रिया पर टिकी हुई हैं।

## महुआ डाबर चौकी के नवागत प्रभारी आशीष यादव ने संभाला कार्यभार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



खज़नी/गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र की महुआ डाबर पुलिस चौकी के नवागत चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर आशीष यादव ने गुरुवार को विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि क्षेत्र में अपराध और अपराधियों के प्रति पुलिस की नीति पूरी तरह सख्त रहेगी तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। मीडिया से बातचीत में चौकी प्रभारी आशीष यादव ने कहा कि महुआ डाबर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपराधी किसी भी स्थिति में बख्शे नहीं जाएंगे, जबकि निर्दोष और पीड़ित लोगों को न्याय दिलाने के लिए पुलिस पूरी संवेदनशीलता और निष्पक्षता के साथ कार्य करेगी।

उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों, व्यापारियों और युवाओं से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अपराध या असामाजिक तत्वों की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक सूचना पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाएगी तथा सूचना देने वाले की गोपनीयता भी बनाए रखी जाएगी। गौरतलब है कि सब इंस्पेक्टर आशीष यादव इससे पहले बांसगांव थाने में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके अनुभव, कार्यशैली और सख्त छवि को देखते हुए पुलिस विभाग ने उन्हें महुआ डाबर चौकी की जिम्मेदारी सौंपी है। नवागत चौकी प्रभारी के कार्यभार संभालने के बाद क्षेत्र के व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों में नई उम्मीद जगी है। लोगों का मानना है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा, पुलिस की सक्रियता बढ़ेगी और आमजन को सुरक्षित एवं बेहतर कानून व्यवस्था का माहौल मिलेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर पारिजात का पौधा रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

भदोही। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रोफेसर कॉलोनी, बालिका इंटर कॉलेज रोड पर पारिजात के पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि गुरु के ज्ञान के बिना मनुष्य का जीवन अंधकारमय होता है। गुरु ही व्यक्ति को अज्ञान के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाते हैं और समाज व जनकल्याण के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने बताया कि अनवरत वृक्षारोपण अभियान के तहत यह 3212वें दिन का पौधारोपण है। कार्यक्रम में अधिवक्ता बृजेश पाण्डेय भी मौजूद रहे। वृक्षारोपण अभियान में जटाशंकर, विजय कुमार बादल सहित अन्य लोगों ने भी सहयोग किया। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

# छत की कुंडी से लटकता मिला किशोर का शव, मचा कोहराम

**रोजी-रोटी के लिए कानपुर गए हैं पिता और बड़ा भाई, मां का रो-रोकर बुरा हाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रतनपुर/महराजगंज। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में मंगलवार की रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक 17 वर्षीय किशोर ने घर के अंदर छत की कुंडी से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार निवासी रामरूप चौधरी का 17 वर्षीय पुत्र राजीत चौधरी मंगलवार की रात घर में अकेला था। उसकी मां कुशमावती देवी खेत में धान की सोहनी करने गई थी। देर शाम जब वह काम खत्म कर घर लौटी तो कमरे का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद मिला। उन्होंने बेटे राजीत को आवाज दी और दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। काफी देर तक चिल्लाने और प्रयास करने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो मां को किसी अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद जब उन्होंने कमरे की खिड़की से अंदर झांककर देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। राजीत कमरे के अंदर छत की कुंडी के सहारे रस्सी के फंदे से लटक रहा था। मां की चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों की मदद से तुरंत परसामलिक पुलिस को इस घटना की सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी विवेक कुमार सिंह ने पुलिस बल और फोरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू की। पुलिस ने बंद कमरे का दरवाजा तोड़कर किशोर के शव को फंदे से नीचे उतारा। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए, जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, कमाने गए पिता-भाई लौट रहे घर**

मृतक की मां कुशमावती देवी ने रोते हुए बताया कि राजीत थोड़ा मंदबुद्धि था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण मृतक के पिता रामरूप चौधरी और बड़ा भाई इंद्रजीत रोजी-रोटी कमाने के सिलसिले में कानपुर गए हुए हैं। घर पर राजीत और उसकी मां ही रहते थे। बेटे की मौत की खबर जैसे ही कानपुर में पिता और बड़े भाई को मिली उन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। दोनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे कानपुर से घर के लिए रवाना हो चुके हैं। वहीं, इकलौते छोटे बेटे को खोने के गम में मां कुशमावती बार-बार बेहोश हो जा रही है जिन्हें संभालने में ग्रामीण जुटे हैं।इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। शव को फंदे से उतारकर कब्जे में ले लिया गया है। पंचनामा की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पूरी तरह से पता चल सकेगा। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## सुल्तानपुर स्टेशन पर आधे-अधूरे फुट ओवरब्रिज पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**डीआरएम को ज्ञापन सौंपा, मेमो ट्रेन लखनऊ तक चलाने की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सुल्तानपुर। कांग्रेस नेताओं ने सुलतानपुर में बुधवार 3 बजे उत्तर रेलवे के डीआरएम, लखनऊ को संबोधित एक ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से सौंपा। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में रेलवे से जनहित से जुड़े दो प्रमुख मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सुलतानपुर रेलवे स्टेशन के पास पुलिस अधीक्षक आवास के सामने रेलवे क्रॉसिंग पर फुट ओवरब्रिज का निर्माण लंबे समय से अधूरा है। रेलवे ने क्रॉसिंग बंद कर दी है, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण विवेकनगर और करौंदिया के स्थानीय निवासी, स्कूली छात्र-छात्राएं और महिलाएं रोजाना अपनी जान जोखिम में डालकर रेलवे लाइन पार करने को मजबूर हैं।

नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्माण पूरा नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने अधूरे फुट ओवरब्रिज का निर्माण शीघ्र पूरा कराने की मांग की। ज्ञापन में उठाया गया दूसरा प्रमुख मुद्दा वाराणसी के शिवपुर से सुलतानपुर होते हुए चलने वाली मेमो ट्रेन को उतरेटिया तक सीमित रखने के बजाय लखनऊ जंक्शन तक संचालित करने का था। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि इससे प्रतिदिन यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और राजधानी तक सीधी रेल सुविधा उपलब्ध होगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार शुक्ला, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव विनय त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव राहुल मिश्रा, सूचना का अधिकार विभाग के जिलाध्यक्ष विवेक कुमार श्रीवास्तव, युवा नेता मोहम्मद कलीम, कांग्रेस नेता मोहम्मद अतीक तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहम्मद ऐश सहित कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सांप के काटने से महिला की मौत, कोहराम

**बखारी से गेहूं निकालते समय सांप ने काटा सांप**



लंभुआ। लम्भुआ कोतवाली के भगौतीपुर गांव में सांप के काटने से एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई है। हादसा उस वक्त हुआ, जब महिला लोहे की बखारी से गेहूं निकालने गई थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव निवासी किसान राजाराम की पत्नी भगनी (53) गृहणी हैं। मंगलवार की देर शाम वे घर के कमरे में रखे लोहे की बखारी से गेहूं निकालने गई थी। बताते हैं कि बखारी के नीचे ही सांप मौजूद थे। उसी वक्त वहां मौजूद एक विषधर सांप ने उन्हें काट लिया। सांप के काटने से उनकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन परिजन उन्हें लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे। पर, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। वे अपने पीछे पांच बेटे - बेटियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सुरत में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत



रूद्रपुर, देवरिया। रुद्रपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चनगहा निवासी एक युवक की कार्य के दौरान सूरत में करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चनगहा निवासी अवनीश निषाद पुत्र धर्मेंद्र निषाद उम्र 22 वर्ष रोजी-रोटी के तलाश में 22 जून को सूरत एक ठेकेदार के माध्यम से इलेक्ट्रीशियन के काम से गया था मंगलवार को कार्य के दौरान अवनीश करंट के चपेट में आ गया। करंट लगते ही वह वहीं गिर पड़ा जिसे आनन फानन में उसके साथी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अवनीश के मौत की सुचना मिलते ही घर पर कोहराम मच गया। मां ललिता देवी बेसुध होकर गिर पड़ी। मृतक घर में सबसे छोटा था। गांव वालों के अनुसार अवनीश बहुत मिलनसार मृदुलभाषी था।

## श्रावणी मेले की तैयारी पूरी,एक माह चलेगा मेला- सुधा

**नगर पंचायत का विशेष इंतजाम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रुद्रपुर, देवरिया। श्रावण मास में एक माह तक चलने वाले ऐतिहासिक कांवड़ मेले को लेकर दूधेश्वरनाथ मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन एवं नगर पंचायत ने व्यापक इंतजाम किए हैं। गुरुवार से श्रावण मास का शुभारंभ होने के साथ ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है, जिसके मद्देनजर पूरा प्रशासन अलर्ट मोड पर है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुधा निगम ने बताया कि मंदिर के दक्षिण द्वार पर श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए बैरिकेडिंग कराई गई है, जिससे पुरुष एवं महिला श्रद्धालु अलग-अलग कतारों से आसानी से मंदिर में प्रवेश कर सकेंगे। इसके अलावा मंदिर परिसर और आसपास के मार्गों की विशेष साफ-सफाई कराई गई है। पथ प्रकाश, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को भी दुरुस्त किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। नपं कर्मी ब्रजेश शर्मा को प्रभारी बनाया गया है।

श्रावण मास के प्रथम दिन क्षेत्र के अलावा आसपास के जनपदों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा दूधेश्वरनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। वहीं हजारों कांवड़िए बरहज स्थित सरयू नदी से पवित्र जल भरकर करीब 22 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी कर बाबा दूधेश्वरनाथ का जलाभिषेक करते हैं। प्रशासन ने भी अपने स्तर से सुरक्षा व्यवस्था की है। स्थानीय पुलिस के अलावा पीएसी के जवान भी तैनात रहेंगे।

# समय माता मंदिर से 10 किलो का घंटा चोरी

**श्रद्धालुओं में आक्रोश; अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सहजनवां गोरखपुर/ गीडा थाना क्षेत्र के भरसाड़ अंबेडकर चौराहे पर स्थित प्राचीन समय माता मंदिर में चोरी की घटना से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार देर रात अज्ञात चोर मंदिर में लगा लगभग 10 किलोग्राम वजनी पीतल का घंटा चुरा ले गए। सुबह जब श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो घंटा गायब देखकर सभी हैरान रह गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मंदिर परिसर में जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार सुबह एक महिला नियमित पूजा करने के लिए मंदिर पहुंची थी। मंदिर के अंदर प्रवेश करते ही उसकी नजर घंटा रखने वाली जगह पर पड़ी, जहां घंटा नहीं था। उसने तत्काल इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई। मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। मंदिर की देखरेख से जुड़ी रीता पांडेय ने गीडा थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर लगातार हो रही चोरी की घटनाएं चिंता का विषय हैं। लोगों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और मंदिर का घंटा बरामद करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं से




लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं और असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ते हैं। इस संबंध में गीडा थाना प्रभारी अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि रीता पांडेय की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर चोरी गए घंटे की बरामदगी का प्रयास किया जाएगा।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई का हुआ निर्विरोध गठन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



रतनपुर/महराजगंज। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की नौतनवां ब्लॉक इकाई के पुनर्गठन को लेकर बुधवार को नौतनवां ब्लाक के रतनपुर सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता व जिला महामंत्री पवन कुमार शुक्ला के नेतृत्व और जिला चुनाव अधिकारियों व पर्यवेक्षकों की देखरेख में सर्वसम्मति से ब्लॉक कार्यकारिणी का निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। पूरी चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ पूरा करने के बाद नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई, जिसमें ब्लॉक संरक्षक पद पर विनय कुमार सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अभिषेक जायसवाल, महामंत्री पद पर विवेक कुमार सिंह, संगठन मंत्री पद पर कृष्ण कुमार पाण्डेय, कार्यकारी अध्यक्ष पद पर महेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष पद पर अवधेश प्रजापति और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर संदीप वर्मा को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष पद पर इस्तियाक अंसारी, सनोज यादव, राविन सिंह, रमेश भारती, गुड्डू यादव व सुशील यादव, संयुक्त महामंत्री पद पर उमेश दिवाकर, संयुक्त मंत्री पद पर प्रदीप कुमार, अमरनाथ, आशीष राय व मनीष गुप्ता, लेखा परीक्षक पद पर हरप्रीत राजपाल, मीडिया प्रमुख पद पर महेंद्र यादव, शिवेन्द्र राव, नीरज गौतम, यशवन्त यादव व सौरभ, तथा मंत्री पद पर मनिराम, अजय श्रीवास्तव, कौशल कुमार, संजय जायसवाल, रवि यादव व सविता सोनकर को सर्वसम्मति से चुना गया। मनोनयन के पश्चात जिलाध्यक्ष ऋषिकेश गुप्ता और जिला महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने सभी नवनिवेशित पदाधिकारियों को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया तथा पूरी निष्ठा के साथ शिक्षक हितों की रक्षा करने और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाते हुए पद व गोपनीयता की सामूहिक शपथ दिलाई। इस गरिमामयी चुनावी प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने में चुनाव पर्यवेक्षक अभय दूबे, आनन्द पाल गौतम, अजय पाल वर्मा, वृजेश यादव, विशाल द्विवेदी, प्रदुम्मन कुमार सिंह, विपिन कुमार और राजेश कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य भूमिका निभाई, जबकि इस अवसर पर ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से आए सैकड़ों की संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## इथेनॉल टैंकर पलटा, चालक घायल दस किमी सड़क बंद

**आग के खतरे से फायर ब्रिगेड तैनात**

सुलतानपुर- भदैया स्थित दोमुहा-सुलतानपुर रोड पर मंगलवार देर रात इथेनॉल से भरा एक टैंकर पलट गया। यह हादसा छतौना गांव के पास हुआ, जिसमें टैंकर चालक गुरमीत सिंह घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बलरामपुर से इथेनॉल लेकर मिर्जापुर जा रहे दो टैंकरों में से एक, यूपी 62 एटी 9688, रात करीब 1 बजे पलट गया। चालक गुरमीत सिंह के अनुसार, सामने से आ रहे एक ट्रेलर ने साइड मारी, जिससे टैंकर का एक पहिया सड़क किनारे जल जीवन मिशन के लिए खोदी गई पाइपलाइन के गड्ढे में चला गया और टैंकर पलट गया। दूसरा टैंकर (यूपी 61 बीटी 3974) सुरक्षित रहा। टैंकर पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल चालक को बाहर निकाला। चालक ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इथेनॉल ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण, मौके पर तत्काल तीन फायर ब्रिगेड वाहन तैनात किए गए। पलटे हुए टैंकर से केमिकल की गंध आ रही थी, जिससे रिसाव की आशंका जताई गई। सुरक्षा के मद्देनजर, पुलिस और प्रशासन ने सुलतानपुर से दोमुहा रोड पर लगभग 10 किलोमीटर तक आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया। दोमुहा चौराहा और भुलकी चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस और बैरियर लगाए गए। सड़क बंद होने से स्कूली वाहनों और आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# युवा साहित्यकार 'देवेश' आज लखनऊ में होंगे सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लंभुआ (सुल्तानपुर)। प्रो. (डॉ.) विष्णु गिरि गोस्वामी साहित्य एवं संस्कृति मंच के तत्वावधान में आगामी 30 जुलाई 2026, बृहस्पतिवार को निराला सभागार, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, लखनऊ में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में लंभुआ के युवा साहित्यकार देवेश द्विवेदी 'देवेश' को सम्मानित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता पूर्व पुलिस महानिदेशक महेश चन्द्र द्विवेदी करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में भाषा विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) उषा सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मिथिलेश दीक्षित उपस्थित रहेंगी।

समारोह में समीप के देवरी निवासी युवा साहित्यकार एवं अधिवक्ता देवेश द्विवेदी 'देवेश' को विधि भूषण प्रो. डॉ. वी. जी. गोस्वामी स्मृति युवा रचनाकार सम्मान-2026 से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें सम्मान में स्मृति चिन्ह,अंगवस्त्र, साहित्य और सम्मान राशि प्रदान कर अलंकृत किया जायेगा। मालूम हो कि देवेश द्विवेदी 'देवेश' को यह सम्मान हिन्दी भाषा, साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु प्रदान किया जाएगा। उन्होंने अनेक समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं में स्वतंत्र लेखन,स्तंभ लेखन कर पहचान बनाई है जो कि युवाओं के लिए प्रेरणा है। देवेश ने अनेक कृतियों का संपादन भी किया है जिनमें वह तुम हो, जब बसंत के फूल खिलेंगे प्रमुख हैं।

उनकी गम्भीर रचनाओं में बाल मजदूर,आम इंसान,पूरी दुनिया बिक जाएगी एवं हास्य-व्यंग्य रचनाओं में बचवा कलयुग आइ गवा,दिल का दर्द, सजनी से गजनी आदि अत्यंत लोकप्रिय रही हैं। 'देवेश' आकाशवाणी लखनऊ द्वारा अवधी बोली में प्रसारित होने वाले दैनिक कार्यक्रम 'लोकायतन एवं खेती-किसानी' से कार्यक्रम प्रस्तोता के रूप में जुड़े हैं।युवा साहित्यकार एवं अधिवक्ता के रूप में स्थापित 'देवेश' को हिन्दी व अवधी में विशिष्ट योगदान हेतु उन्हें अनेक साहित्यिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# बल्दीराय शिक्षक संघ को मिला कार्यवाहक अध्यक्ष

**राजीव तिवारी को सर्वसम्मति से चुना गया, पद रिक्त होने पर हुई बैठक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बल्दीराय कार्यकारिणी की बैठक बीआरसी पर संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव तिवारी को अगले चुनाव होने तक कार्यवाहक अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक करुणा शंकर पाठक ने की। यह आयोजन जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, जिला मंत्री राम आशीष मौर्य, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी और संजय सिंह की देखरेख में हुआ। ब्लॉक बल्दीराय संगठन में अध्यक्ष पद रिक्त होने के कारण कार्यवाहक अध्यक्ष के चुनाव के लिए यह कार्यकारिणी बैठक बुलाई गई थी। बैठक के दौरान महिला उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, संगठन मंत्री शमीम, पूर्व मंत्री दूधनाथ यादव और वर्तमान मंत्री डॉ. हीरा लाल यादव सहित कई पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला पदाधिकारियों ने भी सभा को संबोधित किया। सभी शिक्षकों ने नव-निर्वाचित कार्यवाहक अध्यक्ष राजीव तिवारी को बधाई दी। उन्हें सर्वसम्मति से इस पद के लिए चुना




गया है, और वे अगले चुनाव तक संगठन का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर कदीर, अखिलेश, रामजीत, शिव कुमार, प्रज्ञा, अर्पिता विश्वकर्मा, शैलेन्द्र सिंह, बृजेश, निर्भय सिंह, अशोक, शशिकांत, जगद्यान, चन्द्रसेन, मनोज, अजय तिवारी सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी के माल सहित नाबालिग तीनों आरोपी गिरफ्तार

**कोंच(जालौन)**- गत रोज एक घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले तीन नाबालिग आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी किए गए सोने चांदी के जेवर और नगदी बरामद कर ली। पुलिस ने तीनों आरोपियों को बाल सुधार ग्रह भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला गोखले नगर निवासी किशन पुत्र दिनेश रैकवार ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि बीती 25 जुलाई को कोंच निवासी अंश उर्फ डुग्गू (14), ओमी झा उर्फ अनुराग (17), छोटू उर्फ बृजेंद्र (17) ने उसके घर में घुसकर अलमारी में रखे साढ़े 20 हजार रुपए नगदी सहित सोने की 6 अंगूठी, चांदी का कड़ा, 14 अदद बिछुआ, थापी और मोबाइल फोन कुल मिलाकर करीब 4 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने उक्त मामले में उपरोक्त तीनों के खिलाफ दफा 305 में एफआईआर दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह की अगुवाई में उप निरीक्षक सुमित पांडेय, अभिषेक सिंह, भीष्मपाल सिंह ने पुलिस बल के साथ मिलकर उपरोक्त तीनों आरोपियों को मलंगा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इनके पास से चोरी किया गया सारा माल और नगदी बरामद कर ली। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद बाल सुधार ग्रह ललितपुर भेज दिया है।

### 377 वाहनों पर एमवी एक्ट के तहत हुई कार्यवाही

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सड़क सुरक्षा एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कानपुर नगर के प्रमुख हाई-वे पर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संबंधित जोन के यातायात निरीक्षकों एवं सीसी टीम प्रभारियों द्वारा हाईवे के किनारे अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को सड़क किनारे वाहन खड़ा न करने, निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करने, वाहन खराबी की स्थिति में आवश्यक सुरक्षा संकेतक (रिफ्लेक्टर, ट्रायंगल, पार्किंग लाइट आदि) लगाने तथा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में जागरूक एवं निर्देशित किया गया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 377 वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के अंतर्गत नियमानुसार चालान की कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन व वाहन चालकों से अपील की गई है कि यातायात नियमों का पालन करें, हाईवे अथवा मुख्य मार्गों के किनारे अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा न करें तथा सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने यातायात पुलिस का सहयोग करें।

### बार कौन्सिल के पूर्व चेयरमैन अजय शुक्ला ने डी पी आर ओ के निलंबन और गिरफ्तारी की मांग

**लखीमपुर खीरी:** डीपीआरओ कार्यालय के कर्मचारी के रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार होने के बाद कार्यालय में आमजन के प्रवेश पर रोक लगाने के विरोध में बार काउंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ल ने सतर्कता विभाग के पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। उन्होंने डीपीआरओ की गिरफ्तारी, निलंबन और विभागीय कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ता महासंघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ जनपद की जनता सड़क से सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है।

# 16 वर्षीय छात्रा ने की आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- मामा के घर पर रह रही 16 वर्षीय एक किशोरी ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम निनावली थाना निवासी किशोरी ज्योति (16) पुत्री कलक्टर सिंह अपनी मां मंजेशी की मौत हो जाने के बाद बचपन से ही नया पटेल नगर कोंच स्थित काँच के मंदिर के समीप रहने वाले मामा इंद्रपाल याज्ञिक के घर पर रहती थी और इस साल वह कक्षा 9 में पढ़ती थी। बुधवार को उसके मामा जालौन कस्बा स्थित इलेक्ट्रिक स्कूटी की एजेंसी पर अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे जबकि मामी आरती पड़ोस के एक घर में सुहागलें कार्यक्रम में गई हुई थी। घर पर ज्योति और उसका मानसिक रूप से कमजोर मौसेरा भाई ही था। दोपहर करीब 12 बजे जब मौसेरा भाई सो रहा था तभी इसी बीच ज्योति ने अंदर से कुंडी लगाकर आँगन में लगे लोहे के जाल के सहारे साड़ी का फंडा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। कुछ समय बाद मामा/मामी घर लौटे लेकिन कुंडी बंद थी। काफी देर बाद मौसेरे लड़के ने उठकर कुंडी खोली जिसके बाद ज्योति को फांसी पर झूलता देख सभी के होश उड़ गए। इंद्रपाल ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह ने आवश्यक जांच पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने भी तमाम साक्ष्य संकलित किए। मौके से पुलिस ने एक मोबाइल फोन बरामद किया है जो ज्योति का बताया जा रहा है जबकि मामा ने ज्योति के पास मोबाइल फोन होने की जानकारी से इंकार किया है। मामा के अनुसार, ज्योति



का किसी लड़के से संपर्क था और हो सकता है इसी वजह से उसने फांसी लगा ली हो। पूरे मामले में कोतवाल का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### उपचार दौरान गर्भवती महिला की मौत



**कोंच(जालौन)**- कांशीराम कॉलोनी कोंच निवासी एक गर्भवती महिला की उपचार दौरान झांसी मेडिकल कॉलेज में मौत हो जाने की घटना सामने आयी है। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, कांशीराम कॉलोनी निवासी गर्भवती महिला पूनम (28) पत्नी सोनू कुशवाहा मंगलवार की शाम प्रसव से पूर्व दर्द होने पर कोंच सीएचसी पहुंची थी जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत देख उसे उरई रेफर कर दिया था लेकिन उरई से भी उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। बुधवार की सुबह उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। दोपहर में शव यहां लाया गया, सूचना पर पहुंचे क्राइम इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि पूनम के शरीर में खून की कमी थी जिससे उसकी हालत बिगड़ी और मौत हो गई। इससे पहले पूनम को एक लड़की हुई थी जिसकी कुछ समय बाद ही मौत हो गई थी। पूनम की यह दूसरी डिलिवरी थी।

# गांव कोटकी में तीन दिन से खराब पड़ा 250 केवीए ट्रांसफार्मर

## पानी की बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**टूण्डला**- विकासखंड टूण्डला क्षेत्र के गांव कोटकी में पिछले तीन दिनों से 250 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है, जिससे पूरे गांव की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। बिजली न होने से पेयजल संकट गहरा गया है और ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने खराब ट्रांसफार्मर के पास एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया और विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि पचोखरा विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई असीम बाबू से कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक ट्रांसफार्मर बदलने या मरम्मत की कोई कार्रवाई नहीं की गई,ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जेई असीम बाबू फोन तक नहीं उठाते, जबकि पूरे फीडर का कार्य निजी कर्मचारियों के भरोसे चल रहा है, जो मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं ग्रामीणों ने कहा कि प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने खराब ट्रांसफार्मर को 24 घंटे के भीतर बदलने के निर्देश दिए हैं, लेकिन कोटकी में तीन दिन बीत जाने के बाद भी आदेशों का पालन नहीं हुआ,ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो वे विद्युत विभाग के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन कारी ग्रामीण, बलबीर सिंह, देवेंद्र सिंह, संतोष कुमार मनीष, राजेश कुमार, भूरी सिंह, अशोक कुमार, अंगद सिंह, रोहताश,बच्चू सिंह आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद**- कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम बदन राम, सीएमएस नवीन जैन, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और सभी एमओआईसी ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए निम्नलिखित कड़े निर्देश जारी किए। जननी सुरक्षा योजना के तहत किसी भी पात्र लाभार्थी का भुगतान अटकना नहीं चाहिए। बैठक में यह बात सामने आई कि कई स्थानों पर आशाओं का भुगतान समय पर नहीं हो पा रहा है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को सख्त चेतावनी जारी की कि यदि भुगतान में विलंब हुआ, तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। योजना की समीक्षा के दौरान कोटला और नारखी के एमओआईसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा आवेदन लंबित पाए गए। इस पर सीडीओ ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द लंबित प्रकरणों के निस्तारण के आदेश दिए। जनपद के सभी पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप से बनाए जाएं। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संचारी रोग अभियान को निरंतर और प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने कहा कि क्षेत्रों में लगातार दवा का छिड़काव और आवश्यक निरोधात्मक कार्य होते रहने चाहिए। 14 अगस्त से शुरू हो रहे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के सुचारू व समुचित संचालन के लिए अभी से सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जन-स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी योजना में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### श्रावण मास के दृष्टिगत पुलिस उपायुक्त यातायात ने आनंदेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा आगामी श्रावण मास के दृष्टिगत आनंदेश्वर मंदिर (परमट), बनखण्डेश्वर मंदिर एवं जागेश्वर मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा मंदिरों के आसपास की यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थलों, पैदल श्रद्धालुओं की आवाजाही तथा आपातकालीन मार्गों का गहन अवलोकन किया गया व संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनी रहे। पुलिस उपायुक्त द्वारा पार्किंग व्यवस्था का भी विस्तृत जायजा लिया गया तथा उपलब्ध पार्किंग स्थलों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने, अवैध पार्किंग पर प्रभावी नियंत्रण रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### .गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ने शिव मंदिर में किया जल अभिषेक



**बरेली**/विकासखंड भदपुरा की ब्लॉक प्रमुख शंकर गंगवार ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार आज समस्त शिव मंदिरों में नेताओं पहुंचकर में मंदिर में जल अभिषेक करने एवं वाहन के पुजारी को सम्मानित करने का निर्देश जारी हुआ था। जिसके अनुसार आज यहां के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार यहां के प्राचीन शिव मंदिर महेशपुर पहुंचकर भोलेनाथ का आशीष प्राप्त किया और वहां की पुजारी को साल बढ़कर सम्मानित किया इस मौके पर भाजपा की सुंदरी मंडल अध्यक्ष ठाकुर जयदीप सिंह महामंत्री वेदपाल सिंह कनौजिया कमलेश शंखधार पाठक सेक्टर संयोजक सर्वेश कुमार नरेंद्र सिंह ग्राम प्रधान रफीक अहमद दीपू दिवाकर अन्य लोग उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा पर देवी राधिके ने बताया गुरू का महत्व



**कानपुर ग्रामीण।** नरवल तहसील के रायपुर मार्ग स्थित किशोरी कृपा फाउंडेशन में गुरू पूर्णिमा मनाई गई,,इस अवसर पर देवी राधिके ने गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला,, उन्होंने बताया कि कि गुरु,,शब्द गु, अंधकार,रू,,उसे दूर करने वाला,,से मिलकर बना है ,,जिसका अर्थ है अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाला,, देवी राधिके ने कहा कि मानव जीवन में गुरू का आशीर्वाद अत्यंत आवश्यक है,,गुरू ही व्यक्ति को सही मार्ग दिखा कर उसके जीवन को सफल बनाते हैं, उन्होंने गुरु पूर्णिमा के विशेष महत्व पर जोर देते हुए कहा कि यह परंपरा आदिकाल से चली आ रही है और हमें अपने गुरूओ का सदैव आदर सम्मान करना चाहिए,, अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए देवी राधिके ने बताया कि उन्होंने मात्र 14 वर्ष की आयु से ही श्रीमद्भागवत का स्मरण करना शुरू कर दिया था,उनके पिता नियमित रूप से श्रीमद्भागवत और रामायण का पाठ करतें थें,, जिससे उन्हें बचपन से ही अध्यात्मिक संस्कार और धार्मिक शिक्षा प्राप्त हुई,, उन्होंने किशोरी कृपा फाउंडेशन द्वारा मनाए जा रहे सामाजिक कार्यों की भी जानकारी दी,, बताया कि फाउंडेशन के अंतर्गत किशोरी कृपा गुरूकुलम में बालिकाओं को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है,, इसके अतिरिक्त परिसर में मां गायत्री गौशाला भी स्थापित है,, जहां गौशाला की सेवा और संरक्षण का काम नियमित रूप से किया जाता है,,देवी राधिके ने समाज में शिक्षा, संस्कार,और सेवा के इस अभियान से जुड़ने का आवाह्न किया,,ताकि अधिक से अधिक लोग पुनीत कार्यों का हिस्सा बन सके।

# नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ और बदसलूकी का आरोप

## पुलिस की निष्क्रियता पर एस पी कार्यालय पहुँची पीड़िता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी:** जिले के थाना मैंगलगंज क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में कथित नाबालिग किशोरी के घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास करने और जबरन उठा ले जाने लगातार पीछा करने, हाथ खींचने और अमर्यादित व्यवहार करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता और उसके परिजनों का आरोप है कि स्थानीय थाना पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई न किए जाने पर उन्हें मजबूरन उच्च अधिकारियों के पास गुहार लगानी पड़ी है।पीडिता और उसकी माँ के द्वारा लगाए गए आरोपों के मुताबिक जबरन घर में घुसकर दुष्कर्म का प्रयास करने और असफल होने पर मारपीट करने वाले दबंग लोगों पर लिखित तहरीर देने के बाद भी स्थानीय पुलिस द्वारा कारवाई न किए जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के ही एक युवक द्वारा नाबालिग किशोरी का पिछले चार-पांच दिनों से लगातार पीछा किया जा रहा था। आरोप है कि बीते शाम आरोपी युवक ने सारी हदें पार करते हुए किशोरी को उसके घर में अकेले देखकर घर में घुसकर उसका हाथ पकड़कर खींचने का प्रयास किया और अभद्रता की। जब किशोरी ने इसका कड़ा विरोध किया, तो आरोपी उसे मारने पीटने लगा शोरगुल सुनकर कई लोग व पास ही में मौजूद माँ आ गई तो उक्त हेकड़ किस्म लड़के ने अपने तीन चार साथियों को बुला लिया और जमकर हंगामा काटा और किशोरी की माँ चाची ताई की भी जमकर पिटाई कर दी जिससे तीनों महिलाओं को चोट आई है बताया जाता है कि घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुचने के बावजूद भी उक्त मारपीट कर्ता रहा और अंत में जान माल तरह जबरन उठा ले जाने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।थाना स्तर पर सुनवाई न होने का आरोप पीड़िता ने घर पहुँचकर आपबीती अपनी माँ को बताई। इसके बाद परिजनों ने स्थानीय थाना मैंगलगंज पहुँचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। परिजनों का आरोप है कि गंभीर शिकायत के बावजूद थाना प्रभारी द्वारा मामले में त्वरित और उचित कार्रवाई नहीं की गई,और न ही चोटिल महिलाओं का मेडिकल परीक्षण ही कराया गया जिससे आरोपी के हौसले और बुलंद हो गए। न्याय की आस में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे परिजन स्थानीय थाना मैंगलगंज से निराशा हाथ लगने के बाद पीड़िता अपनी माँ के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय खीरी पहुँची और न्याय की गुहार लगाई। कार्यालय से परिजनों को मामले की निष्पक्ष जाँच कर उचित कानूनी कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। अब देखना यह होगा कि मामले में पुलिस प्रशासन की ओर से आरोपी पर क्या और कितनी सख्त कार्रवाई की जाती है।

## पुलिस ने वारंटी को पकड़ कर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली**/थाना क्योलड़िया की 'मिशन शक्ति' टीम ने सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं को देखकर फब्तियां कसने और अश्लील गाने गाने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई आगामी श्रावण मास कावड़ यात्रा के मद्देनजर क्षेत्र में वीमेन फ्रेंडली माहौल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही गश्त के दौरान हुई।

घटना के अनुसार, एसएसटी स्कूल के पास गश्त के दौरान टीम को महिलाओं ने सूचना दी कि क्योलड़िया डैम पर बिहारीपुर जाने वाले मार्ग पर कुछ लड़के खड़े हैं, जो आने-जाने वाली महिलाओं को देखकर उल्टे-सीधे गाने गा रहे हैं। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर देखा कि तीन युवक वहां से गुजरने वाली महिलाओं को देखकर अश्लील टिप्पणी कर रहे थे, जिससे असहज होकर महिलाएं तेज कदमों से चली गईं। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों–प्रमोद (पुत्र रामकुमार), राकेश (उम्र 20 वर्ष, पुत्र बुद्धसेन) और अनिकेत (उम्र 22 वर्ष, पुत्र विजय), निवासीगण ग्राम कनाकोर, थाना जहानाबाद, पीलीभीत–को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ थाना क्योलड़िया में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 296 के तहत मुकदमा (मु0अ0सं0 0-257/26) पंजीकृत किया गया है। तीनों गिरफ्तार अभियुक्तों को 29 जुलाई 2026 को माननीय न्यायालय भेज दिया गया है।

### वयं सहायता समह के वर्को को नहीं मिल रहा किराए का पैसा

**बरेली**/शासन द्वारा स्वयं सहायता समूह बनाकर रोजगार देने का कार्य कर रहे ग्रामीणों को मिला धोखा यह घटना विकासखंड भदपुरा मैं सामने आई है जिन स्वयं सहायता समूहो ने बाल विकास परियोजना क्यों लड़िया से बच्चों का खाद्यान्न उठाकर आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुंचा था। उस सामग्री को ले जाने का जो भाड़ा उन्हें दिया जाना था वह 3 वर्षो से उनको नहीं दिया गया है इसकी शिकायत लेकर पीड़ित खंड विकास अधिकारी भदपुरा के पास गया यहां की बी डी ओ ने यह कहकर टाल दिया हम केवल पत्राचार कर सकते हैं पैसा शासन को देना है। इस मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार से संपर्क करना चाह परंतु उन्होंने अपना फोन नहीं उठाया इसी मामले में सुपरवाइजर कंचन गंगवार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा मेरे पास कोई जानकारी नहीं है यह कार्य विकास खंड से होना है।

# गुरु पूर्णिमा पर गुरुद्वारों में शिष्यों की उमड़ी भारी भीड

## गुरुपाद पूजन कर प्राप्त किया आशीर्वाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को यहां विभिन्न गुरुद्वारों में शिष्यों की भारी भीड़ रही, शिष्यों ने गुरुपाद पूजन कर आशीर्वाद ग्रहण किया। देवगांव के बद्रीदास आश्रम में प्रतिष्ठित परमहंस बद्रीदास महाराज के हजारों शिष्यों ने दूरस्थ क्षेत्रों से आकर उनके भव्य श्रीविग्रह का दर्शन कर आशीर्वाद लिया, आश्रम समिति ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। तहसील मुख्यालय से 12 किमी दूर देवगांव के बद्रीदास आश्रम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े और परमहंस बद्रीदास महाराज की भव्य प्रतिमा का दर्शन कर उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। गोलोकधाम से शिष्यों पर कृपा बरसा रहे श्रेष्ठ संत परमहंस बद्रीदास महाराज के दिल्ली, पंजाब, मध्यप्रदेश आदि प्रांतों से आए सैकड़ों शिष्यों ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपादित कराए। आश्रम प्रबंध समिति के तत्वाधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिये कैलिया थानाध्यक्ष अवनीश कुमार पटेल के नेतृत्व में पुलिस के जवान वहां मुस्तैदी से डटे रहे। उधर, नदीगांव से 7 किमी दूर मध्यप्रदेश की सीमा में अवस्थित सुप्रसिद्ध रावतपुरा तीर्थ क्षेत्र में धाम के अधिष्ठाता रविशंकर महाराज के शिष्यों ने वहां पहुंच कर गुरु पूजन किया और आशीर्वाद लिया। कोंच के रामलला मंदिर, नृसिंह पीठ सहित समीपस्थ बैरागढ़ धाम आदि गुरुस्थानों पर भी गुरु पूर्णिमा के कार्यक्रम हुए। प्रतापनगर स्थित कैलादेवी मंदिर पर भी सैकड़ों शिष्यों ने मंदिर के अधिष्ठाता की पाद पूजा कर आशीर्वाद ग्रहण किया। नगर के विद्यालयों में छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों से आशीर्वाद प्राप्त कर उन्हें उपहार भेंट किए। तमाम महिला पुरुष शिष्यों ने अपने गुरु के घर जाकर गुरु का पादपूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# संघर्ष से सफलता की राहः मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना ने संवारी मनीष कुमार की जिंदगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद**- जीवन में संकटों का पहाड़ जब टूटता है, तब दृढ़ इच्छा शक्ति और सही शासकीय सहायता ही व्यक्ति को नए सिरे से खड़ा करती है, कुछ ऐसी ही कहानी है मनीष कुमार की बेहद कम उम्र में माता-पिता का सिर से साया उठ जाने और भाइयों का साथ छूट जाने के बाद भी मनीष ने हिम्मत नहीं हारी, विपरीत परिस्थितियों में खुद को संभालते हुए उन्होंने माननीय ''मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना'' का सहारा लिया और आज वह सफल युवा व्यावसायिक के रूप में सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं और अन्य युवाओं को भी प्रेरित और प्रोत्साहित कर रहे हैं। मनीष के जीवन में दुखों का सिलसिला तब शुरू हुआ, जब 2015 में उनके पिता और 2016 में उनकी माता का निधन हो गया, उनके ऊपर से परिवार का संबल टूट गया और भाइयों ने भी अपनी राय अलग कर ली, अकेले पड़े मनीष के पास न तो पढ़ाई जारी रखने का रास्ता बचा था और न ही कोई दृढ़ आय का साधन, परंतु अपने स्वामित्व की थोड़ी सी भूमि पर उन्होंने हार न मानते हुए स्वयं का एक छोटा सा ''फैमिली ढाबा'' शुरू करने का निर्णय लिया, शुरुआत में संसाधनों की कमी के कारण व्यवसाय को गति देना काफी कठिन था, ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार आवश्यक उपकरण (फ्रिज, फ्रीजर) न होने से सामान जल्दी खराब हो जाता था और ढाबे के लिए राशन भी दैनिक आधार पर थोड़ा-थोड़ा खरीदना पड़ता था। ऐसे समय में माननीय मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना मनीष के लिए वरदान साबित हुई, इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने पर उन्हें बैंक के माध्यम से रू0 पांच लाख का ऋण प्राप्त हुआ, इस आर्थिक संभल से उनके व्यवसाय का पूरा परिदृश्य ही बदल दिया, अब मनीष ने इस राशि से ढाबे के लिए फ्रिज खरीदा, जिसमें ठंडा पानी और मक्खन जैसी जल्दी खराब होने वाली वस्तुओं का उचित भंडारण संभव हो सका, ढाबे पर डाइनिंग टेबल, कुर्सियां और नए बर्तन बढ़ाए गए, जिससे ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं मिलने लगी, अब वह कच्चा माल थोक में खरीद कर स्टोर कर लेते हैं, जिससे रोज-रोज की भाग दौड़ से मुक्ति मिली और थोक के सामान लेने से लागत में भी बचत होने लगी। आज मनीष का फैमिली ढाबा सुचारू रूप से संचालित हो रहा है, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होकर वह न केवल अपने दैनिक आजीविका सम्मानजनक ढंग से चला



रहे हैं, बल्कि अन्य युवाओं के लिए स्वावलंबन और उधमशीलता की नई मिसाल पेश कर रहे हैं। अपनी सफलता से उत्साहित मनीष कुमार ने माननीय मुख्यमंत्री जी योगी आदित्यनाथ और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का कोटि-कोटि आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में माननीय मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना ने मुझे नया जीवन और संबल प्रदान किया है, इस योजना के माध्यम से मुझे न केवल आर्थिक सहायता मिली, बल्कि एक सफल उद्यमी बनने की राह भी आसान हुई, मैं माननीय मुख्यमंत्री जी और जिलाधिकारी का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करता हूं, जिनकी नीतियों और कुशल मार्गदर्शन के कारण मुझ जैसे असहाय युवाओं के सपने साकार हो रहे हैं।

# एक जिला एक उत्पाद योजना से विमला देवी के हुनर को मिला नया आयाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**फ़िरोज़ाबाद** – प्रदेश सरकार की 'एक जनपद एक उत्पाद' योजना ने विमला देवी की जिंदगी में सफलता का नया उजाला भर दिया, कभी आर्थिक तंगी और संसाधनों के अभाव से जूझ रहा उनका कांच के मोतियों का व्यवसाय आज शासन की प्रोत्साहनकारी नीतियों के बल पर प्रगति के पद पर उत्तरोत्तर उन्नति कर रहा है। विमला देवी जो शिकोहाबाद की रहने वाली है, उनकी यह कहानी संघर्ष, संयम, श्रम और हुनर का एक बेहतरीन उदाहरण है, विमला देवी और उनका परिवार लंबे समय से कांच के मोतियों के निर्माण के कार्य से जुड़ा था, हुनर और मेहनत में कोई कमी नहीं थी, परंतु पूंजी की अभाव में काम अक्सर रुक जाता था और व्यवसाय को निरंतरता के साथ चला पाना असंभव लग रहा था, परंतु तभी विमला देवी को सरकार की महत्वपूर्ण 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजना के विषय में जानकारी मिली, 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजना विमला देवी के परिवार के लिए वरदान साबित हुआ, योजना के तहत जिला प्रशासन के सहयोग से उन्हें आठ लाख की सब्सिडी (वित्तीय सहायता और ऋण प्रोत्साहन) प्राप्त हुआ, इस आर्थिक संबल ने उनके ठप्प पड़ रहे काम में नई जान फूंक दी। वित्तीय मदद मिलने के बाद विमला देवी ने अपने गृह उद्योग को नए सिरे से स्थापित किया, व्यवसाय में पति-पत्नी



दोनों ने मिलकर कठोर श्रम किया, विमला देवी जहां घर पर निर्माण और उत्पादन की देखरेख करती हैं, वहीं उनके पति बाजार में विपणन और आपूर्ति का जिम्मा संभालते हैं, इस व्यवसाय से होने वाली बेहतर आय की बदौलत आज उनका परिवार न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर है, बल्कि वह अपने तीनों बच्चों को निर्वाद्ध रूप से अच्छी शिक्षा प्रदान कर पा रहे हैं। विमला देवी का कहना है कि माननीय मुख्यमंत्री जी की दूरगामी सोच और जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में जिले के छोटे उद्यमियों को सही दिशा और संबल मिल रहा है, यदि सरकार का यह सहयोग न मिलता तो हुनर होते हुए भी वह इस मुकाम तक नहीं पहुंच पाते। विमला देवी आगे कहती है कि शासन की इस योजना में हम जैसे छोटे दस्तकारों को अपने पांव पर खड़ा होने का मौका दिया है, हमारे जैसे जो भी नागरिक अपने हुनर को पहचान कर आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके लिए यह योजना एक बेहतरीन मंच है।

## संक्षिप्त खबरें

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भंडारे का आयोजन



**चुनार, मीरजापुर।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर नगर में मठों और मंदिरों पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कबीर मठ पर गुरु पूर्णिमा पर पूजन उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान नंदलाल केशरी,करतार सिंह,अनिल गुप्ता, महेंद्र वर्मा,संजय साहू,महेंद्र साहू,ब्रह्मानंद कुशवाहा,चंद्रहास गुप्ता, बृजनंदन कुशवाहा आदि व्यवस्था में।लगे रहे।नगर के सेटलमेंट एरिया स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर भी हवन पूजन के पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चों में प्रसाद ग्रहण किया रणवीर उर्फ तन्नु, दीपचंद सोनकर, छोटू, रोहित, राहुल, राजा, काजू, बल्लू सोनकर, श्यामनाथ, बल्लू, पारसनाथ इत्यादि व्यवस्था में लगे रहे। बस स्टैंड स्थित चन्द्रघंटे मंदिर राजेन्द्र बाबा द्वारा 500 महात्माओं को अंगवस्त्र भेट कर बृहद भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का समापन



**चुनार, मिर्जापुर।** गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर नगर के मुहल्ला भरपुर स्थित राजरतन लॉन में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा भक्ति यज्ञ का समापन मंगलवार की रात हुआ।अंतिम दिवस के कथा का रसपान कराते हुए श्रीधाम वृंदावन से पधारे ब्रजरज दास ने कथा प्रेमियों से कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए मन के अंदर पाप रूपी बैठे प्रदूषण को बाहर निकालना होगा।उन्होंने कहा कि जब पाप बढ़ता है तो जीवन का आनंद कम हो जाता है, जीवन में सच्चा सुख,आनंद भगवान की भक्ति से ही मिलता और भगवान उनसे प्रसन्न होते हैं जो उनके भक्तों की सेवा करते हैं।उन्होंने कहा कि बहुत ही सौभाग्यशाली वह मनुष्य है जिन्हें श्रीधाम वृंदावन में एक दिन का समय व्यतीत करने का अवसर मिला होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं ने कथा का श्रावण किया। बुधवार को भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण किए।

### गृह कलह में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मिर्जापुर।**अहरौरा थाना क्षेत्र के कस्बा चौकी अंतर्गत बूढ़ादेई मे एक युवक ने फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार बूढादेई निवासी अब्दुल कयुम उर्फ़ रहीम पुत्र अब्दुल करीम उम्र लगभग 25 वर्ष ने बीती रात्रि मे फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर विधिक कार्यवाही मे जुट गई। क़स्बा चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने बताया की एक युवक ने फांसी लगा ली है जिसकी पहचान हो चुकी है शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण की कार्रवाई के लिए शव को भिजवाया।

स्थानीय लोगो ने बताया की युवक का शादी 4वर्ष पूर्व हुआ था जिसकी एक 3वर्षीय पुत्री भी है जो अपने पिछे उसे और अपने परिवार को छोड़ दिया इसका विवाह इसी मोहल्ले मे घर के पास मे हुआ था। मोहल्ले वाले दबी जबान में अलग ही स्टोरी बता रहे थे। लोगों का कहना था कि मृतक 4 वर्ष पूर्व अपनी मर्जी से शादी कर लिया था जिसे परिवार वाले स्वीकार नहीं किये । इसलिए कयूम ससुराल में ही रह रहा था। ससुर पिंटू ऑटो ड्राइवर हैं। ज्यादा दिन ससुराल में रहने की वजह से भी काफी तनाव में था। अब मौत का असली वजह जांच पड़ताल के बाद ही पता चलेगी।

# गुरु का दर्शन प्राप्त कर धन्य हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर परमहंस आश्रम सक्तेशगढ़ के सत्संग हाल में भक्त अपने गुरु की चरण रज पाने को लालाइत आस्था से लबरेज श्रद्धालुओं का जनसैलाब कहीं हाथ जोड़े तो कहीं ध्यान मग्न भक्ति सागर में लीन अंतरमन में श्रद्धा और चेहरे पर अपने पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद पानें की लालसा की झलक कुछ ऐसा ही दृश्य बुधवार को परमहंस आश्रम का रहा। स्वामी अड़गड़ानंद महराज अपने आसन पर बैठकर भक्तों को दर्शन दे रहे थे। मन में गुरू भक्ति की ज्योति जलाएं शिष्यों का रूप रंग भले ही अलग अलग रहा लेकिन सबका मात्र एक लक्ष्य और उद्देश्य गुरु भगवान का दर्शन और चरण वंदन पाने के लिए अभूतपूर्व दृश्य देख ऐसा प्रतीत हो रहा था कि आज चुनार क्षेत्र में आने वाले हर यात्री के सफर की मंजिल यही है। स्वामी जी का एक झलक पाने को लोग आतुर दिखाई दे रहे थे।आसमान से कभी रिमझिम बारिश तो कभी अंगारे बरसा रहे सूर्यदेव की तपिश भी श्रद्धालुओं की आस्था को विचलित नहीं कर सकी और देर रात तक दर्शन पूजन का क्रम निरंतर चलता रहा। सुबह आश्रम के सत्संग हाल में पुष्पों से सुसज्जित भव्य मंच पर महराज जी विराजमान होते ही भक्तों के गगनभेदी उद्घोष से आश्रम परिसर गुंजायमान हो उठा। भक्तों की आस्था से अभिभूत स्वामी अड़गड़ानंद महराज भी सब भक्तो की मनोकामनाएं पूर्ण होने का आशीर्वाद दे रहे थे। इसके पूर्व उन्होंने देशभर से आए संत महात्माओं को आश्रम के भीतर भोर की बेला में दर्शन दिए और संत महात्मा भी अपने गुरु का दर्शन कर निहाल हो गये। स्वामी अड़गड़ानंद महराज ने कहा कि भक्त और प्रभू से मिलाने का सेतु गुरु ही है। संसार रूपी भवसागर को पार करने के लिए गुरु के पथ प्रदर्शन की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि आत्मा से परमात्मा की मिलन बिना



सच्चे गुरु की भक्ति एवं आशीर्वाद के सम्भव नहीं है।अपने शिष्यों को मुसीबत से निकाल कर सत्य के मार्ग पर ले जाने वाले को उन्होंने सच्चा गुरु बताया। स्वामी जी ने यथार्थ गीता का महात्म्य भी बताते हुए सभी शिष्यों आत्मसात करने की बात कही। इस दौरान नारद जी महाराज ,लाले बाबा, तानसेन बाबा, अशीष बाबा सहित देश विदेश से आए अन्य भक्तगण महाराज जी के सेवा भाव में लगे रहे। प्रशासनिक व्यवस्था चाक चौबंद रही।

### करंट की चपेट में आया श्रमिक की मौत



**मिर्जापुर।** अहरौरा थाना क्षेत्र के जिगना स्थित पत्थर खदान में मंगलवार को मशीन से पत्थर निकालते समय विद्युत करंट की चपेट में आने से श्रमिक की मौत हो गई। घटना के बाद खदान में काम कर रहे अन्य श्रमिकों में अफरा-तफरी मच गई। साथी श्रमिक उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नरेंद्र (30) पुत्र शिवचरण सिंह निवासी बगदरी, पोस्ट देवहारी, जिला शहडोल, मध्य प्रदेश के रूप में हुई। बताया गया कि नरेंद्र खदान में वर्षा मशीन से पत्थर निकाल रहा था। इसी दौरान वह विद्युत करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। साथियों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।नरेंद्र अपने पीछे छह वर्षीय पुत्र, नौ वर्षीय पुत्री और 11 वर्षीय पुत्री समेत परिवार को छोड़ गया है। उसके पास करीब दो एकड़ कृषि भूमि भी बताई गई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के स्वजन को जानकारी दी। थानाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि खदान में श्रमिक की करंट लगने से मौत होने की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## जयगुरुदेव आश्रम में आध्यात्मिक चेतना का संदेश

### श्रद्धालुओं ने गुरु महिमा का किया गुणगान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** बुधवार 29 जुलाई 2026 को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर जयगुरुदेव आश्रम, चकपड़ौना में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक वातावरण के मध्य विशेष सत्संग एवं गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं सत्संगी प्रेमी आश्रम पहुँचे और गुरु चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करते हुए मानव कल्याण एवं विश्व शांति की कामना की। कार्यक्रम का शुभारम्भ आश्रम की विविध सेवाओं में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान से हुआ। इसके उपरांत शब्द स्वरूप परम संत बाबा जयगुरुदेव जी महाराज की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर गुरु वंदना की गई। संस्थाध्यक्ष श्रद्धेय पंकज जी महाराज के मार्गदर्शन में बाबा जयगुरुदेव जी महाराज की अमृतवाणी का वाचन किया गया तथा उनके बताए हुए सत्य, अहिंसा, शाकाहार, सदाचार और आध्यात्मिक जीवन के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया गया। जनपद अध्यक्ष श्री प्रेमशंकर मौर्य के मथुरा में आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव में सम्मिलित होने के कारण स्थानीय कार्यक्रम का संचालन जगन्नाथ,गुलाब एवं डॉ.विजय ने किया।

मुख्य वक्ता ज्ञानप्रकाश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में



गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु ही मनुष्य को अज्ञान के अंधकार से निकालकर आत्मज्ञान के प्रकाश और ईश्वर प्राप्ति के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ण सद्गुरु का सान्निध्य मानव जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है, क्योंकि गुरु की कृपा से ही जीव जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त होकर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ सकता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से गुरु के उपदेशों को केवल सुनने तक सीमित न रखकर उन्हें अपने दैनिक जीवन में व्यवहार रूप में उतारने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना की गई तथा सभी श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, अनुशासन, सेवा और आध्यात्मिक उत्साह का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। इस अवसर पर छोटेलाल (कैशियर), इंद्रजीत, डॉ. कृपा, जगदीश चंद्र श्रीवास्तव,शंकर, अभिनन्दन, कृतिका, निधि,हर्षिता सहित जनपद के अनेक सत्संगी प्रेमी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## छात्रों पर दर्ज एफआईआर निरस्त करने की मांग, एनएसयूआई ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के जिला अध्यक्ष शक्ति मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ज्ञानपुर में छात्र आंदोलन के दौरान दर्ज एफआईआर की निष्पक्ष जांच कर उसे निरस्त करने तथा निर्दोष छात्रों के उत्पीड़न पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि 25 जुलाई को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शिक्षा संबंधी समस्याओं और अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन किया था, जिसकी पूर्व सूचना जिला प्रशासन को भी दी गई थी। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा आंदोलन को बाधित करने का प्रयास किया गया और बाद में छात्रों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी गई, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

एनएसयूआई ने मांग की कि पूरे प्रकरण की सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग एवं अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक किसी भी निर्दोष छात्र की गिरफ्तारी या उत्पीड़न न किया जाए तथा दोषमुक्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध दर्ज मुकदमे तत्काल वापस लिए जाएं। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुरेश चंद्र मिश्रा ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखना छात्रों का संवैधानिक अधिकार है। निर्दोष छात्रों पर मुकदमे दर्ज कर उन्हें भयभीत करने का प्रयास उचित नहीं है। वहीं एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शक्ति मिश्रा और जिला सचिव विशाल गौतम ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच के बाद निर्दोष छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस नहीं ली गई तो कांग्रेस और एनएसयूआई संयुक्त रूप से व्यापक आंदोलन, धरना-प्रदर्शन और सत्याग्रह करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान राजेश्वर दूबे, मनोज गौतम, सुरेश चौहान, चिंटू शुक्ला, सूबेदार गौतम, रामू कुमार, संदीप भारती, सिद्धार्थ भारती, अमन गौतम, कृष्णा, वकील चौधरी, अखिलेश राव, अनुज सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 31 जुलाई तक साथी पोर्टल पर पंजीकरण कराएं बीज विक्रेता, नहीं तो लाइसेंस होगा निलंबित

**भदोही।** भारत सरकार द्वारा बीज उत्पादन, प्रमाणीकरण और वितरण प्रक्रिया को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से विकसित 'साथी पोर्टल' पर सभी बीज विक्रेताओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। जिला कृषि अधिकारी एवं बीज निबंधन प्राधिकारी, भदोही ने जनपद के सभी बीज विक्रेताओं को 31 जुलाई 2026 तक पोर्टल पर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि साथी पोर्टल के माध्यम से बीज विक्रेता स्टॉक प्रबंधन, स्थानांतरण तथा बीज व्यवसाय से संबंधित बिक्री का कार्य ऑनलाइन करेंगे। ऐसे में सभी लाइसेंसधारी बीज विक्रेताओं का पोर्टल पर पंजीकरण आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिन बीज विक्रेताओं ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे 31 जुलाई तक जिला कृषि अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण करा लें। निर्धारित समय सीमा तक पंजीकरण न कराने वाले बीज विक्रेताओं के बीज लाइसेंस निलंबित अथवा निरस्त किए जा सकते हैं, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विक्रेता की होगी।

## फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप, पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** वेद कुमारी पत्नी स्वर्गीय जगनारायण शर्मा निवासी कलवारी थाना लालगंज जनपद मिर्जापुर ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि विपक्षीगण छोटेलाल पटेल पुत्र अज्ञात लल्लू राम पटेल पुत्र स्वर्गीय सुभाष चंद्र पटेल रामबाबू पटेल पुत्र अज्ञात रामाश्रय पुत्र अज्ञात राकेश वर्मा पुत्र अज्ञात मनीष पटेल पुत्र अज्ञात प्रार्थनी एक असहाय व विधवा महिला है प्रार्थनी दिनांक 03/03/2026 को समय लगभग 6:00 बजे शाम को अपने पुत्र सोनल शर्मा के साथ बाइक से दवा लेने के लिए डॉक्टर के पास लहगपुर जा रही थी। तभी अचानक विपरीत दिशा से पटेल नगर चौराहे के पास छोटेलाल पटेल बाइक चला रहे थे। उनका भतीजा लल्लू राम पटेल पुत्र स्वर्गीय सुभाष चंद्र पटेल बाइक के पीछे बैठे थे। दोनों विपक्षीगढ़ पहले से ही शराब पी रखे थे। कि अचानक मेरे पुत्र के बाइक में सामने से तेजी से टक्कर मार दिए। जिससे प्रार्थनी का पुत्र वहीं पर गिर पड़े इतने पर विपक्षीगण गाड़ी से उतरकर मेरे पुत्र को भद्दी -भद्दी गाली गुप्ता देते हुए मारने पीटने लगे जब हम प्रार्थिनी ने बोला कि क्यों मार रहे हो तो उक्त विपक्षीगण हम प्रार्थीना को धकेल कर मारने पीटने लगे और उनके पाटीदार सभी विपक्षीगण पहले से वहां पर बैठे थे वह भी शराब के नशे में थे वह लोग भी आकर सब मिलकर हम प्रार्थीनी के पुत्र को मारने पीटने लगे प्रार्थिनी जब अपने घर पर सूचना दी तो घर से हिमांशु शर्मा विशाल शर्मा व गोलू शर्मा पहले तो उन लोगों के समझाने बुझाने पर सभी विपक्षीगण मिलकर परिवार वालों को भी मारे पीटे जिनकी सूचना प्रार्थिनी इलाका चौकी लहंगपुर थाना लालगंज पर दी लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई बल्कि हम प्रार्थीनी के परिवार वालों के खिलाफ फर्जी एफआईआर दर्ज कर दिया गया है जो मौके पर घटना के समय उपस्थित नहीं थे उक्त तथा विपक्षीगण के खिलाफ कोई एफआईआर दर्ज नहीं किया गया प्रार्थीनी जो कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर आरजीआरएस के माध्यम से लगभग चार बार शिकायत भी कर चुकी है लेकिन उस पर भी रिपोर्ट गलत ही लगा लगाया जा रहा है लहंगपुर चौकी के दरोगा सुजीत सेट व सिपाही हरेंद्र सिंह के द्वारा पैसे की मांग की जा रही है तथा बोल रहे हैं कि जब तुम पैसा दोगे तो तुम्हारा भी एफआईआर दर्ज किया जाएगा ऐसी स्थिति में उपरोक्त प्रकरण की किसी दूसरे सक्षम अधिकारी द्वारा जांच कराते हुए उक्त विपक्षी गढ़ के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जाए।

# डायट में पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण संपन्न

### एआरपी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के दिए गए गुर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में उप शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य अनुराग श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम् पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित पांच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाता (एआरपी) एफएलएन प्रशिक्षण का सफल समापन हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य एनसीईआरटी आधारित नई हिंदी, गणित और अंग्रेजी पाठ्यपुस्तकों, शिक्षक संदर्शिकाओं तथा फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए एआरपी को दक्ष बनाना था।

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भाषा एवं गणित शिक्षण की नवीन रणनीतियां, ओपन-एंडेड प्रश्नों का निर्माण, कैच-अप शिक्षण, गतिविधि आधारित शिक्षण, सतत एवं समग्र मूल्यांकन, स्थानीय मान, जोड़-घटाव, वार्षिक शिक्षण रूपरेखा तथा अंग्रेजी विषय के प्रभावी अध्यापन की व्यवहारिक जानकारी दी गई। विभिन्न सत्रों का संचालन एसआरजी रत्नेश कुमार पाण्डेय एवं विनय शंकर पाण्डेय ने किया। प्रशिक्षण को समूह कार्य, प्रस्तुतिकरण और सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से प्रभावी बनाया गया। प्रशिक्षण के सफल संचालन में लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (एलएलएफ) एवं प्रथम संस्था का सहयोग रहा।

समापन समारोह में प्राचार्य अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि प्रशिक्षण से प्राप्त



अनुभवों का उपयोग ब्लॉक स्तर पर शिक्षक प्रशिक्षण में किया जाए, ताकि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित हो और बच्चों के सीखने के स्तर में सुधार आए। वरिष्ठ प्रवक्ता योगेन्द्र यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों एवं प्रशिक्षण संचालन में सहयोग देने वाले संदर्भदाताओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## कोन पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोन/ सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोन पुलिस द्वारा न्यायालय से निर्गत वारंटों का प्रभावी अनुपालन करते हुए 03 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। कोन पुलिस टीम द्वारा मुकदमा संख्या 1211/2020, धारा 323/504 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त– इन्दल कुमार उर्फ इन्द्र पुत्र गौरीशंकर, निवासी ग्राम खरौंधी, थाना कोन, जनपद सोनभद्र, गौरीशंकर पुत्र स्व0 रामचरित्र, निवासी ग्राम खरौंधी, थाना कोन, जनपद सोनभद्र तथा मुकदमा संख्या 466/1995, धारा 323



भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्त– अल्ताफ रजा पुत्र स्व. तौफीक, निवासी कस्बा कोन, थाना कोन, जनपद सोनभद्र। को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार सभी वारंटी अभियुक्तों को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूर्ण कर मा. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जाने हेतु रवाना किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र, थाना कोन, उ0नि0 त्रिभुवन नारायण सिंह , उ0नि0 हंसनाथ यादव , हे0का0 सुरेन्द्र चौहान, हे0का0 रामप्रवेश कुशवाहा शामिल रहे।

### जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन के आकस्मिक निधन पर कलेक्ट्रेट सभागार में शोकसभा आयोजित



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश –** जनपद सोनभद्र के जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन के आकस्मिक निधन पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में दिवंगत अधिकारी के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके निधन को प्रशासनिक सेवा के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोकसभा में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, डीसी एनआरएलएम सरिता सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए एस.के. राय, डीसी मनरेगा रविन्द्र वीर सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित जिला प्रोबेशन विभाग के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एचपीवी टीकाकरण अभियान में उत्कृष्ट योगदान पर सोनभद्र पुलिस सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जनपद सोनभद्र में किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण एवं सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से संचालित एचपीवी (HPV) टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन में सोनभद्र पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट सहयोग एवं सराहनीय योगदान के लिए राज्यपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश स्तर पर संचालित उक्त अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का सफलतापूर्वक एचपीवी टीकाकरण कराया गया। अभियान को सफल बनाने में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपसी समन्वय, जनजागरूकता एवं प्रभावी कार्ययोजना के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई।इसी क्रम में जनपद सोनभद्र में भी एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने हेतु सोनभद्र पुलिस द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सराहनीय



योगदान दिया गया।पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस परिवार की पात्र बालिकाओं सहित अन्य बालिकाओं का टीकाकरण कराया गया। सोनभद्र पुलिस द्वारा अभियान के सफल संचालन, जागरूकता प्रसार एवं आवश्यक व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।इस उत्कृष्ट कार्य एवं जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा सोनभद्र पुलिस को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान जनपद पुलिस की जनकल्याण एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना हेतु अब 7 अगस्त आवेदन की अंतिम तिथि

**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद सोनभद्र के परंपरागत कारीगरों एवं शिल्पकारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक अभ्यर्थी 07 अगस्त, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना के तहत ट्रेडवार बढ़ई, नाई, दर्जी, लोहार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, हलवाई, कुम्हार, मोची एवं धोबी सहित विभिन्न पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा आधुनिक टूलकिट उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी diupmsme.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए पासपोर्ट आकार का फोटो, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आयु एवं आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (जहां लागू हो), निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने होंगे। आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा जनपद का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, सोनभद्र में किसी भी कार्यदिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

### ओडीओपी में मिलेगा प्रशिक्षण व टूलकिट

**सोनभद्र।** प्रदेश सरकार की एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद के हस्तशिल्पियों, उद्यमियों और कारीगरों के लिए 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं निःशुल्क टूलकिट वितरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत सोनभद्र को 300 लाभार्थियों का वार्षिक लक्ष्य आवंटित किया गया है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 10 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए विभागीय वेबसाइट diupmsme.upsdc.gov.in का उपयोग किया जाएगा। आवेदन के साथ पासपोर्ट आकार का फोटो, बैंक पासबुक, आधार कार्ड तथा आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। उपायुक्त उद्योग विनोद कुमार चौधरी ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और सोनभद्र जनपद का स्थायी निवासी होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्यदिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, सोनभद्र से संपर्क कर सकते हैं।

### जिला कारागार का निरीक्षण, बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता की दी जानकारी



**भदोही।** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में बुधवार को पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार ज्ञानपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कारागार में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। सचिव ने बंदियों को बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता तथा सरकारी अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने पात्र बंदियों से इस सुविधा का आवश्यकतानुसार लाभ उठाने की अपील की। निरीक्षण के दौरान कारागार में संचालित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का भी निरीक्षण किया गया और वहां उपलब्ध विधिक सहायता संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सचिव ने महिला बंदियों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा उन्हें आवश्यक विधिक परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान किया।इस अवसर पर जेल अधीक्षक एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल, भदोही भी मौजूद रहे।

## मतदान से चुने गए छात्र नेता, शिवम बने हेड बॉय; दुर्गा ने संभाली हेड गर्ल की जिम्मेदारी

### डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी रिहंदनगर में लोकतांत्रिक चुनाव संपन्न, प्राचार्य राजकुमार ने विजयी छात्र-प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बीजपुर/सोनभद्र-** डीएवी पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी रिहंदनगर में छात्र नेतृत्व को बढ़ावा देने और लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से हेड बॉय, हेड गर्ल, डिप्टी हेड बॉय एवं डिप्टी हेड गर्ल सहित विभिन्न छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव मतदान प्रक्रिया के माध्यम से कराया गया। कक्षा 7 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाई। मुख्य चुनाव आयुक्त की भूमिका निभाते हुए विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार ने निष्पक्ष मतदान एवं मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए। चुनाव में शिवम तिवारी हेड बॉय, दुर्गा गुप्ता हेड गर्ल, श्रेयांश पांडे डिप्टी हेड बॉय, दिव्या तिवारी डिप्टी हेड गर्ल, कुमार गौरव स्पोर्ट्स कैप्टन तथा कुमारी प्रीति कल्चरल कैप्टन चुने गए।

विद्यालय के प्रार्थना सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सभी निर्वाचित छात्र-प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। साथ ही दयानंद, अरविंद, विवेकानंद एवं श्रद्धानंद सदनों के कप्तानों को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य राजकुमार ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, सेवा-भाव और विद्यालय की गरिमा बनाए रखते हुए अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में विजय तिवारी, डॉ. राजेश श्रीवास्तव, समता




सिंह, रंजना सिंह, नीरज गुप्ता, शगुफ्ता शबनम, अरुण कुमार सिंह, नम्रता चौधरी, शुभम गुप्ता, सुभेंद्र मोहन, कंचन कुमारी, पूजा सिंह, पुष्कर, पंकज मिश्रा सहित सामाजिक विज्ञान विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी शिक्षक संदीप दुबे के निर्देशन में रितांशु गुप्ता एवं कशफ ने किया, जबकि अंत में डॉ. आर.के. झा ने धन्यवाद ज्ञापित कर समारोह का समापन किया।

## संक्षिप्त खबरें


### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के आवेदकों का 3 अगस्त को साक्षात्कार

**प्रतापगढ़।** उपायुक्त उद्योग एस0एस0 रावत ने बताया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों एवं परम्परिक कारीगरों को रोजगार युक्त बनाये जाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई, धोबी, मोची ट्रेडों में आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे, इन ट्रेडों में प्राप्त आवेदन पत्रों का साक्षात्कार मूल दस्तावेजों का सत्यापन 03 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे से प्रारम्भ होगा। उन्होने बताया है कि साक्षात्कार कार्यालय उपायुक्त उद्योग-जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रतापगढ़ में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होने बताया है कि आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित हो।

### सरकारी कर्मचारियों के लिए सिविल सर्विसेज जनपदीय चयन ट्रायल 6 अगस्त को

**प्रतापगढ़।** उपक्रीड़ा अधिकारी रंजीत कुमार यादव ने बताया है कि जनपद प्रतापगढ़ में सिविल सर्विसेज जनपदीय चयन ट्रायल चयन का आयोजन 6 अगस्त को पूर्वान्ह 10 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ में किया जाएगा। उपक्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि ट्रायल में सरकारी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी 19 विभिन्न खेल विधाओं में प्रतिभाग कर सकेंगे। इनमें टेनिस, वॉलीबॉल, तैराकी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन एवं बेस्ट फिजिक, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कैरम, ब्रिज, कुश्ती, पावर लिफ्टिंग, क्रिकेट, हॉकी, खो-खो तथा योगासन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विभाग द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र, जन्मतिथि संबंधी अभिलेख, सेवा में नियुक्ति तिथि, वर्तमान तैनाती का विवरण तथा यह प्रमाणित करने वाला दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा कि वे नियमित रूप से सरकारी विभाग में कार्यरत हैं। उपक्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों का पहले फिजिकल टेस्ट लिया जाएगा, जिसमें न्यूनतम 14 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही खिलाड़ी कौशल (स्किल) टेस्ट के लिए पात्र माने जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस विभाग व निगम तथा परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी इस ट्रायल में पात्र नहीं होंगे। इनके अतिरिक्त प्रदेश सरकार के अन्य सभी विभागों के नियमित अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित तिथि एवं समय पर स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रतापगढ़ पहुंचकर ट्रायल में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### अपर पुलिस महानिदेशक ने बाबा घुइसरनाथ धाम में प्रबन्धों का लिया औचक जायजा



**लालगंज, प्रतापगढ़।** श्रावण माह को लेकर बाबा घुइसरनाथ धाम में हो रही तैयारियों का औचक जायजा लेने अपर पुलिस महानिदेशक के निरीक्षण से बुधवार को पुलिस व प्रशासनिक महकमे में हडकंप का माहौल दिखा। प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण दोपहर अचानक बाबा धाम आ पहुंचे। एडीजी ने जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के साथ यहां सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े बंदोबस्त की निगरानी की। एडीजी ने बाबा धाम में सई घाट पर नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए यहां रस्सी की घेराबंदी के साथ गोताखोर व नाव प्रबन्ध को अलर्ट रखने को कहा। गंगा सरोवर में भी उन्होंने श्रद्धालुओं के स्नान को लेकर समुचित सुरक्षा प्रबन्ध की जानकारियां ली। मुख्य मंदिर परिसर से पूरे मेला क्षेत्र में उन्होंने सीसी कैमरे के जरिए हर संदिग्ध की कड़ी निगरानी रखे जाने के मातहतों को निर्देश दिये। बाबा धाम में उन्होंने महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के बिन्दु पर एसपी से पर्याप्त संख्या में महिला पुलिस की तैनाती सुनिश्चित कराए जाने को कहा। अपर पुलिस महानिदेशक ने बाबा धाम में व्यापारियों से मिलकर उनसे भी समस्याओं की जानकारियां ली। एडीजी ने सांगीपुर एसओ को सख्त हिदायत दी कि मेला क्षेत्र में दुकानदारों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। निरीक्षण के बाद अपर पुलिस महानिदेशक ने बाबा का जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया।मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि, प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष मिश्र, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, मुन्ना पाण्डेय आदि ने अपर पुलिस महानिदेशक एवं एसपी को बाबा घुइसरनाथ धाम का चित्र एवं महोत्सव दर्पण भेंट किया। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक राजीव द्विवेदी, ईओ नगर पंचायत इंद्र प्रताप, सांगीपुर बीडीओ राजेन्द्र नाथ पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक लालगंज आलोक कुमार, सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी भी मौजूद रहे।

# अनियंत्रित ट्रेलर पलटा, युवक समेत 12 मवेशियों की मौत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र इटवा-बढ़नी मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत रामनगर में बुधवार की सुबह एक भीषण और दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहां इटवा से बढ़नी की ओर जा रहा कच्चा आयरन लदा एक अनियंत्रित ट्रक-ट्रेलर सड़क किनारे बनी घारी पर पलट गया। इस हादसे में घारी में सो रहे 20 वर्षीय युवक सूरज यादव पुत्र रामप्रसाद की मौके पर ही दबकर मौत हो गई, जबकि उनके काका हरीराम यादव और रामासरे घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस में दी गई तहरीर के अनुसार, सड़क के बिल्कुल किनारे घारी बनी थी और वहीं मवेशी बंधे हुए थे, यदि सड़क किनारे मवेशी न बंधे होते तो शायद इतना बड़ा हादसा टल सकता था; ट्रक के पलटते ही मवेशी भारी-भरकम वाहन व लोहे क्लिंकर के मलबे के नीचे दब गए, जिससे 4 गाय और 8 भैंसों की दर्दनाक मौत हो गई, दो मवेशी घायल हो गए तथा झोपड़ी, चारा मशीनें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना के तुरंत बाद मौके पर मची चीख-पुकार सुनकर दौड़े ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए भाग रहे ट्रक चालक सुजीत कुमार को पकड़ लिया और इसकी सूचना ढेबरुआ पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने चालक को अपनी हिरासत में लेकर थाने पहुँचाया। हादसे की खबर मिलते ही एसडीएम शोहरतगढ़ राजेश कुमार, सीओ मयंक द्विवेदी, राजस्व टीम, पशुचिकित्सा अधिकारी बढ़नी डॉ. राकेश कुमार गुप्ता की टीम और चार थानों ढेबरुआ, कठेला समय माता, शोहरतगढ़ व चिल्हिया की पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुँचकर जेसीबी व हाइड्रा क्रेन की मदद से ट्रक और मलबे को हटवाकर राहत-बचाव कार्य पूरा कराया। सुबह पुलिस ने मृतक युवक सूरज के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं पशु चिकित्सा विभाग द्वारा मृत मवेशियों का भी पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद पुलिस व प्रशासन के सहयोग से सभी मृत मवेशियों को ट्रैक्टर-ट्राली पर लदवाकर दफ़नाने के लिए भेजा गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है, पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बाइक सवार बदमाशों ने घर में घुसकर की लूटपाट, महिला- बच्चों को मारपीट कर किया घायल

**सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चेतिया पुलिस चौकी के ग्राम निहलवा निवासी शिवकरन निषाद का घर जिगिनिहवा चेतिया मार्ग पर बना हुआ है। उसी में उनका परिवार रहता है और शिवकरन अपने रोजी रोटी के लिए बम्बई कमाते है। मंगलवार की रात बाहर बरामदे में शिवकरन की पत्नी राधिका अपने तीन बच्चों के साथ सोई थी कि अचानक मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश पहुंचे और राधिका से जबरदस्ती करने लगे, विरोध करने पर मारने पीटने लगे और कान की झुमकी अन्य जेवरात छीन लिए जब बच्चों ने विरोध किया तो बच्चों को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिए और घर में घुस कर ट्रंक खोलकर उसमे से 1अदद हार, पायल व तीन लाकेट का मंगलसूत्र भी लुट लिए। पीड़िता ने सुबह घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राधिका व बच्चों को ले जाकर प्राथमिक उपचार अपने देखरेख में कराया। इस मामले में चौकी प्रभारी चेतिया प्रदीप कुमार चौहान का कहना है कि तहरीर भी मिली है जांच की जा रही है।

# ग्राम बरहूपुर में अवैध मेडिकल स्टोर पर बड़ी कार्रवाई, 58 हजार रुपए की दवाएं जब्त

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** औषधि निरीक्षक खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन शिव कुमार नायक ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन तथा सहायक आयुक्त औषधि प्रयागराज मण्डल प्रयागराज द्वारा कार्यवाही हेतु नामित औषधि निरीक्षक फतेहपुर संजय दत्त के साथ मंगलवार को ग्राम बरहूपुर थाना पट्टी क्षेत्र में संयुक्त छापेमारी की गयी। मौके पर बिना नाम से संचालित मेडिकल स्टोर खुला पाया गया जिसकी जांच के दौरान अवैध पाये जाने के कारण सीज कर दिया गया। फर्म का संचालक प्रदीप कुमार सरोज पुत्र अमर पाल निवासी सुलतानपुर मौके पर उपस्थित रहे। फर्म से लगभग 58000 रूपये की औषधियां जब्त की गयी। मौके पर एक संदिग्ध औषधि का नमूना जाँच विश्लेषण हेतु एकत्र किया गया। विवेचना पूर्ण होने एवं जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त नियमानुसार सक्षम न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा। छापेमारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र में संचालित अन्य औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया और कई प्रतिष्ठान तत्काल बंद कर दिए गए। मुख्यालय द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद में संचालित ऐसे सभी अवैध मेडिकल स्टोर पर मुख्यालय एवं मण्डलीय कार्यालय द्वारा टीम गठित कराकर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। औषधि विभाग ने जिले के समस्त थोक औषधि विक्रेताओं को भी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया है कि बिना वैध लाइसेंस वाले मेडिकल स्टोरों को किसी भी प्रकार की औषधियों की आपूर्ति न करें। यदि किसी थोक विक्रेता द्वारा अवैध प्रतिष्ठानों को दवा की आपूर्ति किए जाने की पुष्टि होती है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# विधायक की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज के एसी प्रकरण की जांच शुरू

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** डॉ. सोनेलाल पटेल स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में एसी किराया, महंगे बेड की खरीद और जेम पोर्टल के माध्यम से हुए अन्य अनुबंधों को लेकर उठे विवाद को शासन ने गंभीरता से लिया है। सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य की शिकायत के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग सक्रिय हो गया है। विधायक ने प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग को भेजे पत्र में मेडिकल कालेज में पिछले चार महीनों के दौरान हुई खरीद और किराया प्रक्रियाओं में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया था। उन्होंने जेम पोर्टल के माध्यम से हुए अनुबंधों, टेंडर प्रक्रिया और वित्तीय दरों की उच्च स्तरीय तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराने की मांग की थी।मामले को शासन स्तर पर संज्ञान में लेते हुए महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा ने शिकायत को एडीशनल डायरेक्टर नॉन-सर्विसेज को भेजते हुए जांच कराने के निर्देश दिए हैं। 29 जुलाई को की गई विभागीय टिप्पणी से स्पष्ट है कि शिकायत को औपचारिक रूप से जांच के लिए अग्रसारित कर दिया गया है।विधायक ने अपने पत्र में यह भी कहा था कि मेडिकल कालेज में आवश्यक दवाइयों और उपकरणों की कमी के कारण मरीजों को प्रयागराज रेफर करना पड़ता है, जबकि दूसरी ओर एसी किराये पर लेने और अन्य खरीद मामलों में लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, जिससे सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका पैदा होती है। डीजीएमई स्तर से जांच के आदेश के बाद मेडिकल कालेज प्रशासन में हलचल तेज हो गई है।यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

### जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमला केस दर्ज

**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** त्रिलोकपुर थान क्षेत्र के बुड्ढीखास गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। दबंगों ने पीड़ित को लाठी-डंडों से पीटकर बुरी तरह घायल कर दिया। विरोध करने पर दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने बुधवार सुबह स्थानीय थाने में नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस को दी गई तहरीर में बुड्ढी गांव निवासी गोवर्धन ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही विपक्षियों ने उसे घेर लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया।चीख-पुकार सुनकर जब तक ग्रामीण मौके पर जुटते, आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 323 , 504 व 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पीड़ित को डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद चोट की गंभीरता के आधार पर मामले में धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अवैध कफ सिरप कारोबार का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**प्रतापगढ़।** औषधि निरीक्षक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, प्रतापगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार फर्म मेसर्स महादेव फार्मा, स्थित ग्राम झिंगुरपुर, परगना बाबागंज, थाना महेशगंज, जनपद प्रतापगढ़ के नाम से जारी औषधि विक्रय अनुज्ञप्ति का दुरुपयोग करते हुए विभिन्न जनपदों से भारी मात्रा में कोडीनयुक्त न्यू फेन्सेडिल कफ सिरप का क्रय किया गया। विभागीय सत्यापन के दौरान उक्त पते पर कोई मेडिकल स्टोर संचालित नहीं पाया गया तथा न ही फर्म द्वारा क्रय की गई औषधियों का भौतिक सत्यापन कराया गया और न ही विक्रय संबंधी अभिलेख प्रस्तुत किए गए। जांच में प्रथम दृष्टया फर्जी दस्तावेजों के आधार पर औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त कर उसका दुरुपयोग करते हुए कोडीनयुक्त औषधियों का गैर चिकित्सकीय प्रयोजनार्थ अवैध भंडारण एवं विक्रय किए जाने के तथ्य प्रकाश में आने पर 16 दिसंबर 2025 को थाना महेशगंज पर मु0अ0सं0 318(4), 338, 336(3), 340(2), 206(ए) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।अभियोग पंजीकरण के उपरांत अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्त पर 25,000 रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया तथा गिरफ्तारी के लिए विभिन्न पुलिस टीमों का गठन कर संभावित स्थानों पर लगातार दबिश एवं तलाश की कार्रवाई की जा रही थी। थाना महेशगंज पुलिस, स्पेशल टीम एवं स्वाट टीम द्वारा सर्विलांस सेल के सहयोग से उक्त अभियोग से संबंधित 25,000 रूपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त आयुष प्रताप सिंह उर्फ सिंह आयुष प्रताप विनोद पुत्र विनोद कुमार सिंह, निवासी इटौरी, थाना सरायख्वाजा, जनपद जौनपुर, उम्र लगभग 25 वर्ष को थाना क्षेत्रान्तर्गत लालापुर बड़ी नहर के पास से गिरफ्तार किया गया।

# क्षेत्र के डेपारमऊ चौराहे पर अशोक कुमार शुक्ला द्वारा मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महराजगंज/रायबरेली:** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर क्षेत्र के डेपारमऊ चौराहे स्थित प्रकांड विद्वान पंडित अशोक कुमार शुक्ला उर्फ चौड़ा महराज के प्रतिष्ठान पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा, भक्ति और सनातन परंपरा का अनुपम संगम बन गया। मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीरामचरितमानस के अखण्ड पाठ का शुभारंभ हुआ, जिसका बुधवार को विधि-विधानपूर्वक समापन किया गया। आपको बता दें कि, अखण्ड पाठ की पूर्णाहुति के उपरांत विद्वान आचार्यों द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच हवन-पूजन संपन्न हुआ। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर विश्व शांति, समाज की सुख-समृद्धि एवं राष्ट्र के कल्याण की कामना की। इसके बाद आयोजित विशाल भंडारे में स्थानीय क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया। समाचार लिखे जाने तक भंडारे का आयोजन निरंतर जारी रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी, चंदन पाण्डेय, सूर्यभान सिंह, इन्द्रजीत सिंह, रणविजय सिंह (प्रधान प्रतिनिधि), प्रभाकर तिवारी, नरेंद्र बहादुर सिंह फौजी, लोकनाथ पाण्डेय, अजय मिश्रा, ललित मिश्रा, सियाराम यादव, पप्पू मौर्य, रामलाल, निशांत शुक्ला, रौनक दीक्षित सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजक अशोक कुमार शुक्ला उर्फ चौड़ा महराज ने कहा कि, 'गुरु पूर्णिमा केवल गुरु वंदन का पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। श्रीरामचरितमानस का अखण्ड पाठ समाज में सद्भाव, संस्कार और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। '

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी ने कहा कि, 'भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु पूर्णिमा पर आयोजित ऐसे धार्मिक अनुष्ठान हमारी सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं। समाज में धर्म, सेवा और संस्कार की भावना को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजन निरंतर होते रहने चाहिए। 'नरेंद्र बहादुर सिंह फौजी ने कहा कि, 'धार्मिक और सामाजिक आयोजन लोगों को आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देते हैं। गुरु पूर्णिमा पर आयोजित श्रीरामचरितमानस का अखण्ड पाठ और विशाल भंडारा समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने के साथ-साथ सेवा और समर्पण की भावना को भी मजबूत करता है। पूरे कार्यक्रम के दौरान आयोजक पंडित अशोक कुमार शुक्ला उर्फ चौड़ा महराज, जगदीश प्रसाद शुक्ल, जग प्रसाद शुक्ल एवं कल्पेश शुक्ला सहित परिवार के सदस्य और सहयोगी श्रद्धालुओं की सेवा-सत्कार में पूरे समर्पण के साथ जुटे रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर संत सर्वेश्वर दास का हुआ भव्य पूजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज (रायबरेली)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित बाल्हेश्वर धाम के निकट आदर्श ऋषि आश्रम में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। आश्रम में अखंड पाठ, भंडारे एवं गुरु पूजन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और शिष्यों ने भाग लिया।आश्रम के प्रबंधक संत सर्वेश्वर दास व्यास जी महाराज का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन किया गया। शिष्यों ने गुरुदेव की आरती उतारी, पुष्प अर्पित किए तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त कर गुरु के प्रति अपनी अटूट श्रद्धा और विश्वास व्यक्त किया।सुबह से ही आश्रम में भक्तों और अनुयायियों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के चरणों में नमन कर जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति की कामना की। पूरे आश्रम परिसर में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।संत सर्वेश्वर दास व्यास जी महाराज अपनी सेवा, धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध हैं। आश्रम में प्रतिवर्ष मलमास के दौरान 15 दिवसीय भक्तिमय भगवदीय अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा प्रयागराज के माघ मेले में भी उनका शिविर लगता है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर दर्शन एवं प्रसाद ग्रहण करते हैं।अनुयायियों ने बताया कि संत सर्वेश्वर दास व्यास जी महाराज एक सिद्ध संत हैं। उनके सान्निध्य से आत्मिक शांति की अनुभूति होती है तथा उनका आशीर्वाद जीवन में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।इस अवसर पर आचार्य गिरजाशंकर दीक्षित, पंडित ओमनाथ शास्त्री, शिवा शास्त्री, अमरेन्द्र गिरी, सेवादार रामकुमार दास सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू में धूम धाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

**महराजगंज/रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल, सलेथू में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर इसे श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यार्थियों ने गुरु वंदना, प्रेरक भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने गुरुजनों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक मूल्यों एवं जीवन के सही मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों का सदैव सम्मान करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। सभी विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर सम्मान किया तथा जीवन में अनुशासन, परिश्रम और संस्कारों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अदिति,ज़ारा,अवनी, अनन्या, कृति सिंह,सक्षम मिश्रा,सामर्श,जैनब आदि छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य एस. एल. प्रजापति, उप- प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, शिक्षक - शिक्षिकाएं, छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# माटीकला बोर्ड स्थापना दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» जागरूकता कार्यक्रम में मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना की दी गई विस्तृत जानकारी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के 9वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित माटीकला जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत विकास खंड शिवगढ़ की ग्राम पंचायत दादूपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ सत्यम ओझा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।कार्यक्रम में माटीकला उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री, कारीगरों का पंजीकरण एवं आंकड़ा संकलन, विभागीय योजनाओं एवं प्रशिक्षण की जानकारी, स्वरोजगार स्थापित करने हेतु ऋण आवेदन प्रक्रिया का मार्गदर्शन, विद्युत चालित चाक एवं आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन, माटीकला सहकारी समितियों के गठन तथा स्थानीय एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के उपयोग के प्रति जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कला विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर माटीकला पुरस्कार विजेता एवं कला विशेषज्ञ सुनील कुमार प्रजापति तथा धर्मेन्द्र कुमार प्रजापति ने अपनी पारंपरिक कला का सजीव प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में समाजसेवी संजय पटेल, प्रभारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रहेन्द्र कुमार शुक्ला सहित अशोक कुमार, श्याम बहादुर यादव, सिद्धान्त मौर्य सहित बड़ी संख्या में कारीगर, ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यालय प्रभारी राम अजीत पटेल ने किया।

### लोटन- मोहाना मार्ग पर जाफरजोत गांव के पास सड़क की पटरी धंसी

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** लोटन-मोहाना मुख्य मार्ग पर जाफरजोत मोड़ के पास सड़क की धंसी हुई पटरी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है।जिसको लेकर लोग परेशान हैं। जानकारी के अनुसार उक्त मार्ग पर प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन, स्कूली बच्चे, मरीज और आम नागरिक इसी मार्ग से गुजरते हैं। लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग की घोर लापरवाही के चलते आज तक इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। जबकि उक्त गंभीर समस्या की सूचना तीन दिन पहले ही पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एवं संबंधित जूनियर इंजीनियर को भी लोग दे चुकें है। लेकिन विभाग अब तक पूरी तरह मौन है। क्या किसी निर्दोष की जान जाने के बाद ही पीडब्ल्यूडी विभाग जागेगा यदि इस धंसी हुई पटरी के कारण कोई दुर्घटना होती है। तो उसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों और पीडब्ल्यूडी विभाग की होगी। चूंकि इसकी सूचना लोगों ने पहले ही विभाग को दे दिया है।

# रामपुर खास को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र बनाने का संकल्पः मोना

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा है कि रामपुरखास को बहुमुखी विकास से मजबूती प्रदान करने के लिए यहां हर परियोजनाओं का संचालन मजबूती से दिखेगा। बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए उन्होने कहा कि हाल ही में लगभग दस करोड़ की लागत से मंगापुर में स्टेडियम की मंजूरी खेल के क्षेत्र के साथ युवाओं को विभिन्न भर्तियों में भी शारीरिक ऊर्जा मिलने में लाभप्रद होगा। वहीं कृषि क्षेत्र में करोड़ो की लागत से कृषि कल्याण केन्द्र के भी निर्माण से क्षेत्रीय किसानों को खेती के क्षेत्र में सुविधाओं में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होने कहा कि सांसद प्रमोद तिवारी के सहयोग से रामपुरखास को विकास तथा सुरक्षा व शांति के वातावरण से आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। एक दिवसीय दौरे में उन्होने लालगंज में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। कार्यकर्ताओं के साथ बैठक में कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पेपरलीक पर संसद में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस छात्रों के साथ हुए अन्याय का मोदी सरकार से जबाब मांग रही है। उन्होने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार अभी भी जबाबदेही लेने से कतरा रही है। सीएलपी नेता मोना ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा चंदा चोरी के मामले को भी गंभीर ठहराते हुए कहा कि कांग्रेस विधानसभा सत्र में प्रदेश सरकार के गैर जबाबदेही का मुद्दा जोर शोर से उठाएगी। बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करते हुए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने यहां आज गुरूवार से श्रावण माह को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं का भी अवलोकन किया।इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, लालगंज प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, आशीष उपाध्याय, पप्पू तिवारी, छोटे लाल सरोज, दृगपाल यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, रवीन्द्र मिश्र, डॉ0 अमिताभ शुक्ल, रामकृपाल पासी, राकेश चतुर्वेदी, धर्मपाल गौतम, शेरू खां, महेन्द्र प्रताप सिंह, संतराम चौरसिया, लालजी पाण्डेय, इंद्र नारायण शुक्ल, त्रिभु तिवारी, मुरलीधर तिवारी, अभिनव शुक्ल, अतुल शुक्ला, अक्षत तिवारी, सिंटू मिश्र, रामू मिश्र, राजू पाण्डेय, हृदय नारायण मिश्र, बृजेश द्विवेदी, राजेश शुक्ला आदि रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर उतारी साईं बाबा की भव्य आरती

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रतापगढ़।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शहर के बलीपुर के साई बाबा मंदिर पर चल रहे तीन दिवसीय साई नाथ महोत्सव के दूसरे दिन गुरु पूर्णिमा पर बाबा का सद्गुरु के रूप में पूजन किया गया। सुबह श्री साई नारायण संस्थान उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष (साई भक्ति प्रसार भूषण) शैलेंद्र नाथ ने बाबा को स्नान कराके फूल मालाओं से सजाया और आरती उतार कर भोग लगाया। दोपहर में विशेष गुरु पूर्णिमा आरती हुई।अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने कहा कि गुरु का दर्जा भगवान से भी श्रेष्ठ बताया गया है। माता-पिता जीवन के पहले गुरु होते हैं। इसलिए हमेशा जीवन को संस्कारों के साथ जीना चाहिए। शैलेंद्र नाथ ने बताया कि महोत्सव की शुरुआत बाबा की पालकी यात्रा से धूमधाम से हुई थी।आज अंतिम दिन गुरुवार को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आरती में शामिल हुए वरिष्ठ समाज सेवी रोशन लाल उमरवैश्य ने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन जीवन को सफलता की राह पर आगे बढ़ाता है। इस अवसर पर धर्मेंद्र देव शुक्ला, अजय सिंह गुड्डन, विजय कुमार शुक्ला, शिवेंद्र नाथ मिश्रा, रिंकू सरदार, देवेश प्रताप सिंह, युवा समाजसेवी ऋषभ सिंह, अवधेश ओझा, संजीव गुप्ता डेकोरेटर समेत लोगों ने बाबा की आरती उतारी और नमन किया। शाम को साई जागरण का भी आयोजन किया गया।

### एसएसबी व इटवा पुलिस की संयुक्त टीम ने 15.47 ग्राम स्मैक(हिरोईन) के साथ एक गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के निर्देशन मे एवं प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में एसएसबी व थाना इटवा की संयुक्त टीम द्वारा थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के चौकी क्षेत्र जिगनाधाम के ग्राम सोननगर के पास से एक अभियुक्त को 15.47 ग्राम स्मैक (हिरोईन) के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त प्रदीप पुत्र रमेश निवासी ग्राम गजेड़ी थाना ढेबरुआ सिद्धार्थनगर का है, जिसे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-1702026 धारा 8/22एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन



**बिस्कोहर (सिद्धार्थनगर)।** नगर पंचायत बिस्कोहर के सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि नगर को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए घर-घर गीले व सूखे कचरे का अलग-अलग संग्रह जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों की भूमिका की सराहना करते हुए जनभागीदारी पर जोर दिया। डिवीजनल अमरेंद्र प्रताप सिंह ने वैज्ञानिक तरीके से कचरा निस्तारण, एकल उपयोग वाले प्लास्टिक के बहिष्कार और वार्ड स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। डिवीजनल कार्यक्रम प्रबंधक मनीष त्रिपाठी ने पुनर्चक्रण, जैविक कचरे से खाद बनाने तथा सफाई कर्मियों के लिए सुरक्षा उपकरणों के नियमित उपयोग की जानकारी दी। कार्यशाला में एसबीएम प्रभारी अनूप पांडेय, तकनीकी सहायक विमल सिंह, प्रो. शक्ति मिश्रा, सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारी, चालक एवं कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।

# बिहार कैबिनेट के बड़े फैसले

## आंगनबाड़ी में 22891 पदों पर होगी बहाली, नई खेल नीति पर भी लगी मुहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पटना।** प्रदेश के करीब सवा लाख आंगनबाड़ी केंद्रों के सफल संचालन के लिए राज्य में 6,141 सेविका और 16,750 सहायिका, यानी कुल 22,891 रिक्त पदों पर बहाली होगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका चयन मार्गदर्शिका-2026 को मंजूरी दे दी गई। नई चयन मार्गदर्शिका स्वीकृत होने से आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर बहाली का रास्ता साफ हो गया। आज की बैठक में कुल 24 प्रस्ताव स्वीकृत किए गए। मंत्रिमंडल ने खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभावान खिलाड़ियों को पोषित करने तथा वर्तमान खेल संरचनाओं तथा प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार के लिए खेल नीति 2026 भी स्वीकृत की है।

**बच्चों-गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली सेवाएं होंगी मजबूत**

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट के अपर मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि नई मार्गदर्शिका के तहत पोषक क्षेत्र के बहुल्य वर्ग की महिलाओं को इन नियुक्तियों में चयन में प्राथमिकता मिलेगी। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को मिलने वाली सेवाएं और मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि समेकित बाल विकास सेवाओं के तहत छह वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों, गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पूरक पोषाहार, स्कूल पूर्व शिक्षा , स्वास्थ्य जांच और पोषाहार स्वास्थ्य शिक्षा दी जाती है।

**बिहार खेल नीति 2026 को भी दी गई स्वीकृति**

मत्रिमंडल ने खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभावान खिलाड़ियों को पोषित करने तथा वर्तमान खेल संरचनाओं तथा प्रशिक्षण प्रणाली में सुधार के लिए खेल नीति 2026 स्वीकृत की है। नई नीति के चार पिलर होंगे। नीति के तहत जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में काम होगा। नीति में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देने के साथ-साथ इनके लिए पेंशन के प्रविधान भी किए गए हैं। खेल विभाग के अंतर्गत पूर्व से बनी नीति, कार्यक्रमों और योजनाओं को समेकित करते हुए बिहार खेल नीति 2026 बनाई गई है। इसमें पंचायत से राज्य स्तर तक खेल के बुनियादी ढांचे विकसित करने और खिलाड़ियों के राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने पर सर्वाधिक फोकस होगा। इसके तहत पंचायतों में सामुदायिक खेल के मैदान, प्रखंडों में मिनी स्टेडियम, जिलों में खेल भवन सह व्यायामशाला एवं जिला खेल परिसर, क्षेत्रीय स्तर पर 14 प्रमुख खेल परिसर, प्रमंडल स्तर पर खेल परिसर तथा राज्य स्तर पर उच्च प्रदर्शन केंद्र, प्रमुख खेल परिसर और राज्य खेल अकादमी होगी। खेल प्रतिभाओं की पहचान के लिए विशेष प्रणाली विकसित होगी। खिलाड़ियों के चयन के बाद उनके पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। दीर्घकालिक एथलीट विकास योजना बनेगी। विशिष्ट एथलीटों को उनके प्रतिस्पर्धी करियर के बाद दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा और गरिमा प्रदान करने के लिए पेंशन योजना की भी शुरुआत की जाएगी। 'मेडल लाओ नौकरी पाओ' योजना के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मांस एवं मछली बाजार होगा पीएचईडी परिसर में अस्थायी रूप से शिफ्ट,जाम मिलेगी राहत

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही चौक के आसपास लगातार बढ़ते अतिक्रमण और जाम की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने मांस एवं मछली बाजार को अस्थायी रूप से पीएचईडी परिसर में स्थानांतरित करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस दिशा में बुधवार को बरही एसडीओ जोहन टुडू स्वयं मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन से प्रस्तावित स्थल की साफ-सफाई कराई। प्रशासन की ओर से बाजार को स्थानांतरित करने से पहले आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पीएचईडी परिसर को साफ कराया गया। एसडीओ का मानना है कि बाजार के स्थानांतरण से बरही चौक क्षेत्र में सड़क किनारे लगने वाली दुकानों के कारण होने वाले अतिक्रमण में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु हो सकेगी। प्रशासन की यह पहल बरही चौक में लंबे समय से बनी जाम की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। बाजार के पीएचईडी परिसर में शिफ्ट होने के बाद चौक क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होने के साथ-साथ आम लोगों और वाहन चालकों को भी आवागमन में काफी सहूलियत मिलने की उम्मीद है।

### सपा द्वारा महाराजा दक्ष प्रजापति की जयंती पर बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन

**कानपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार, महाराजा दक्ष प्रजापति जी की जयंती पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर द्वारा एक बौद्धिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सपा महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आज सपा हॉल में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने महाराजा दक्ष प्रजापति के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सपा महानगर उपाध्यक्ष ने संबोधित करते हुए कहा कि महाराजा दक्ष प्रजापति ब्रह्मा जी के मानस पुत्र थे। उन्होंने अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध संदेश देकर भावी पीढ़ी को यह सीख दी कि आपस में प्रेम, सौहार्द, संस्कार, सद्भाव, गुरु आशीर्वाद और सेवा भाव से ही समाज का कल्याण संभव है। जो व्यक्ति सेवा और सद्भाव को महत्व देगा, वह समाज में अग्रणी रहकर संस्कारित जीवन व्यतीत करेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आज गुरु पूर्णिमा का पवित्र पर्व है, लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार अपनी नीति और नीयत से भटक गई है। इसके कारण जनता में आक्रोश पनपने लगा है, जो वर्ष 2027 के चुनावों में परिवर्तन का एक नया संदेश देगा।

### पति पर पत्नि ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)-** ट्रॉफिक पुलिस में पदस्थ पति पर रास्ते में गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पत्नि ने सीओ से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुनाया निवासी उमाशंकर राजपूत की विवाहित पुत्री शशि राजपूत ने सीओ परमेश्वर प्रसाद को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसका पति धर्मेंद्र निवासी ग्राम बसोब थाना कोंच ट्राफिक पुलिस में बांदा में तैनात है जिससे उसका मुकदमा चल रहा है। बुधवार को वह उरई न्यायालय से तारीख कर अपने भाई के साथ बाइक से वापस गांव लौट रही थी। इसी दौरान रास्ते में ग्राम पड़री के समीप स्थित पेट्रोल पंप के पास पति अपनी बाइक से उसकी बाइक का पीछा करता हुआ आया और बगल में आकर पैर मारकर उसकी बाइक सड़क पर गिरा दी। इस दौरान पति ने न्यायालय के मार्फत उससे भरण पोषण के रूपये लिए जाने की बात बोलते हुए उसके साथ गाली गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना उसने पीआरबी पुलिस को दी लेकिन जब तक पीआरबी पुलिस आ पाती वह मौके से भाग गया। महिला ने प्रार्थना पत्र में बताया कि उसने कोतवाली पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने उसे घर जाने को कहा। महिला ने सीओ से मामले में पति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# JPSC-JSSC परीक्षाओं में धांधली के विरोध में छात्रों का उग्र प्रदर्शन

## अल्बर्ट एक्का चौक पर जुटी भारी भीड़



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**राँची, झारखंडः-** JPSC एवं JSSC की विभिन्न परीक्षाओं में कथित धांधली, अनियमितताओं और अभ्यर्थियों के साथ हुए अन्याय के विरोध में बुधवार को राजधानी राँची के अल्बर्ट एक्का चौक पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एकत्र होकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार और आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली लागू करने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल अभ्यर्थियों का कहना था कि लगातार सामने आ रही अनियमितताओं से लाखों युवाओं का भविष्य अधर में लटक गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे योग्य अभ्यर्थियों का हक मारा जा रहा है। छात्रों ने सरकार से JPSC-JSSC की विवादित परीक्षाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा भविष्य में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान अल्बर्ट एक्का चौक पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। मौके पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा। प्रदर्शनकारी छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक बनाया जाएगा।

# बीएसएनएल सलाहकार समिति में पांच सदस्य नामित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा अनुशंसित नामों में से पांच व्यक्तियों को बीएसएनएल दूरसंचार सलाहकार समिति (टेलीकॉम एडवाइजरी कमिटी- टीएसी) का सदस्य नामित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में मंत्रालय की ओर से 27 जुलाई 2026 को आधिकारिक पत्र जारी किया गया। मंत्रालय के पत्र के अनुसार सांसद मनीष जायसवाल ने अपने लोकसभा क्षेत्र से योग्य व्यक्तियों के नाम समिति के लिए भेजे थे। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप उनकी अनुशंसा पर पांच सदस्यों का चयन कर उन्हें टीएसी सदस्य के रूप में नामित किया गया है। नामित सदस्यों में रामगढ़ जिले के भुरकुंडा मंडल निवासी योगेश कुमार दांगी, घाटो मंडल के निवासी रणधीर कुमार सिंह और हजारीबाग जिले के चौपारण मंडल निवासी राजेंद्र कुमार चंद्रवंशी (सिंह), पदमा मंडल निवासी सुरेंद्र प्रसाद करौंच और केरेडारी मंडल निवासी महेंद्र कुमार सिंह शामिल हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने सभी नव-नामित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे दूरसंचार सेवाओं से जुड़े जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से समिति के समक्ष रखेंगे तथा बीएसएनएल की सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### मध्य विद्यालय नारायणपुर में एसएमसी का हुआ पुनर्गठन



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** मध्य विद्यालय नारायणपुर में बुधवार को विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन हुआ। इस अवसर पर विभाग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक परेशनाथ दुबे, पंचायत समिति सदस्य पवन पोद्दार उपस्थित थे। सर्वसम्मति से रेशमा खातून को अध्यक्ष और किरण कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावे प्रमोद रवानी, अहमद हुसैन, सेमुन बीबी, मो शब्बीर, राजू दत्ता, लक्खी देवी, सुमिता देवी, बबिता दास समैत 15 सदस्यीय समिति का गठन हुआ। इसके अलावे प्राधानाध्यापिका संध्या कुमारी, सेख अकबर, गौरी कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका रेणु कुमारी, वार्ड सदस्य सबीरन बीबी समिति के सदस्य होंगे। नवचयनित समिति सदस्यों ने कहा कि जो जवाबदेही मिली है उस पर खरा उतरकर दिखाएंगे। विद्यालय की बेहतरी के लिए मिलकर कार्य करेंगे।

# कटकमदाग थाना का एसपी ने किया निरीक्षण

## फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने बुधवार को कटकमदाग थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना की विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान लंबित कांडों, वारंट, कुर्की, चरित्र सत्यापन एवं पासपोर्ट सत्यापन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन का निर्देश संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को दिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय ज्ञान रंजन, पेलावल अंचल के पुलिस निरीक्षक सपन कुमार महथा, कटकमदाग थाना प्रभारी पु.अ.नि. सरोज सिंह चौधरी सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र में फरार चल रहे सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विशेष रूप से अवैध मादक पदार्थ से संबंधित लंबित कांडों में अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही क्षेत्र में नशे के खिलाफ व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। एसपी ने कहा कि थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय और संबंध कायम रखा जाए। उन्होंने क्षेत्र में सक्रिय भू-माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कटकमदाग थाना क्षेत्र के कोल साइडिंग एरिया, ट्रांसपोर्टिंग क्षेत्र एवं अन्य संवेदनशील इलाकों में लगातार गश्ती जारी रखने का भी निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता के साथ कार्य करने तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# गुरु पूजन के साथ पूर्णिमा पर कानपुर के गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज यहां बुधवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर छात्रों के साथ ही गुरु में आस्था और विश्वास रखने वाले लोगों ने भी अपने गुरुओं की पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद लिया। आज गुरु पूर्णिमा के इस मौके पर विभिन्न धार्मिक संस्थाओं समेत स्कूलों में भी विशेष आयोजन किए गए। वहीं दूसरी गुरु पूर्णिमा के इस पावन मौके पर परमट और बिठूर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त आज सुबह से ही बड़ी संख्या में गंगा घाट पहुंचे और गंगा में डुबकी लगाने के साथ ही अपने गुरु का ध्यान करते हुए पूजा-अर्चना भी की। इस दौरान गंगा घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था के खासा इंतजाम देखे गए। यहां पुलिस वालों के अलावा गोताखोर भी तैनात रहे। इसी के साथ गंगा घाटों पर लोगों की सुविधा के लिए चेंजिंग रूम भी रहे। नहाते समय कोई गंगा में डूब ना जाए। इसके लिए गहरे पानी से पहले बांस-बल्ली लगाई गई थी। आज गुरु पूर्णिमा पर्व पर शिवली के शोभन मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बताते चलें कि यहां शोभन आश्रम की आधारशिला रखने वाले ब्रह्मलीन महाराज रघुनंदन दास जी महराज और शोभन को विकसित करने वाले ब्रह्मलीन विरिक्ततानंद जी महाराज के प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में अनेकों भक्त मौजूद हैं। दूसरी ओर छात्रों ने भी अपने गुरुओं के चरण छूकर आशीर्वाद लिया। इसके लिए स्कूल कॉलेज में भीसमारोह आयोजित किए गए आज गुरु पूर्णिमा और इसके बाद सावन के पहले सोमवार को लेकर तगड़ी तैयारियां पहले से ही की जा चुकी हैं।

# बुधुडीह पंचायत में संचालित हुआ विधिक सहायता केंद्र

## ग्रामीणों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) जामताड़ा के तत्वावधान में बुधवार को नारायणपुर प्रखंड के बुधुडीह पंचायत सचिवालय में स्थित विधिक सहायता केंद्र का संचालन पीएलवी शहादत अली ने किया। इस दौरान स्थानीय युवक एवं ग्रामीण केंद्र पहुंचकर निःशुल्क विधिक सहायता और कानूनी जागरूकता से संबंधित जानकारी प्राप्त की।पीएलवी शहादत अली ने ग्रामीणों को मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, महिलाओं, बच्चों,बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध विधिक सेवाओं तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर लोग बिना संकोच विधिक सहायता केंद्र से संपर्क करें, जहां पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाती है।उन्होंने बताया कि प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को बुधुडीह पंचायत सचिवालय में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया जाता है। मौके पर वार्ड सदस्य गौरीशंकर यादव समेत सुनील सोरेन,अजीत हेंब्रम, सहदेव दास,बबलू दास,अशोक यादव,बिनोद दास सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### गुरु पूर्णिमा पर बिठूर में सुरक्षा व्यवस्था परखते डीसीपी पश्चिम



**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पश्चिम एस.एम. कासिम आबिदी द्वारा थाना बिठूर क्षेत्र स्थित बिठूर घाट का गुरुपूर्णिमा के अवसर पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु तैयार रहने के लिए निर्देशित किया। साथ में सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर भी मौजूद रहे।

## सफेद कॉलोनी ध्वस्तीकरण मामला: समाजवादी पार्टी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**कानपुर।** समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के अध्यक्ष हाजी फज़ल महमूद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार प्रातः 11 बजे कानपुर नगर के जिलाधिकारी श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर किदवई नगर विधानसभा के वार्ड-38 स्थित सफेद कॉलोनी में हुए कथित ध्वस्तीकरण प्रकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि संबंधित भूमि का मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद लगभग 40 गरीब परिवारों के मकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें बेघर कर दिया गया। साथ ही आरोप लगाया कि प्रभावित परिवारों को लगातार डराया-धमकाया जा रहा है तथा मलबा हटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। समाजवादी पार्टी ने मांग की कि न्यायालय का अंतिम निर्णय आने तक विवादित भूमि पर किसी भी प्रकार की जबरन कार्रवाई रोकी जाए तथा पुलिस प्रशासन को गरीब परिवारों पर अनावश्यक दबाव बनाने से रोका जाए। इसके अलावा बरसात के मौसम को देखते हुए बेघर हुए परिवारों के लिए राहत शिविर लगाकर भोजन, आवश्यक राहत सामग्री एवं अन्य सरकारी सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बात गंभीरता से सुनते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,सुधाशु मिश्रा,रामगोपाल पुरी,के के शुक्ला,मेराज अहमद सहित सभी पीडित पीडीए परिवार उपस्थित रहे।

# सियार के हमले में महिला सहित दो जख्मी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)-** तहसील क्षेत्र के ग्राम भड़ारी में मंगलवार देर शाम सियार के हमले में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। घायलों को देर रात 10 बजे परिजनों और ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के मुताबिक पहली घटना में 40 वर्षीय सुशीला पत्नी भारत सिंह अपने खेत में बकरियां चरा रही थी। तभी एक सियार ने बकरियों पर हमला कर दिया। बकरियों को बचाने के प्रयास में सुशीला भी सियार के हमले का शिकार हो गई। वहीं दूसरी घटना में 38 वर्षीय राजेंद्र सिंह पुत्र मंशाराम खेत पर चारा काटने गए थे। जब वह मेंड़ पर बैठे थे उसी समय अचानक सियार ने उन पर हमला कर दिया जिससे उनके हाथ में गंभीर चोटें आई। शोर सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक सियार जंगलों की ओर भाग गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। उनकी हालत स्थिर बताई गई है और निगरानी की जा रही है। लगातार बढ़ते जंगली जानवरों के हमलों से भड़ारी सहित आसपास के गांवों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, सियार को पकड़ने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो बड़ी जनहानि की आशंका बनी रह सकती है।

# साइबर जागरूकता और एंटी रोमियो अभियान के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** एसआरपी इंटर कॉलेज में बुधवार को कोतवाली पुलिस ने कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को साइबर जागरूकता एवं एंटी रोमियो अभियान के बारे में बताया। कोतवाली के अतिरिक्त निरीक्षक अरुण यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित इंटरनेट उपयोग और महिला सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी देना है। अतिरिक्त निरीक्षक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति से सोशल मीडिया पर दोस्ती करने, ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी या व्यक्तिगत दस्तावेज साझा करने से बचने की जरूरत है। यदि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि का सामना हो तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराएं। इस दौरान पुलिस टीम के रजनेश कुमार, उपेंद्र सिंह, कुमकुम यादव और पूजा ने छात्राओं को एंटी रोमियो अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, स्कूल-कॉलेज या रास्ते में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या उत्पीड़न की स्थिति में बिना डर के पुलिस को सूचना दें। पुलिस ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई करती है। अधिकारियों ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी पूर्वक उपयोग करने, अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या फर्जी कॉल के झांसे में न आने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से जुड़े सवाल पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल और व्यावहारिक तरीके से उत्तर दिया। विद्यालय प्रशासन ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## फिल्म स्टार हॉबी धालीवाल ने ब्लाइंड और डिसेबल्ड स्कूल का दौरा किया




**मालेरकोटला।** पंजाब के मशहूर फिल्म आर्टिस्ट हॉबी धालीवाल आज अपने परिवार के साथ ब्लाइंड और डिसेबल्ड स्कूल, मालेरकोटला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अपने विचार रखे और कहा कि स्कूल की मैनेजमेंट कमेटी की तरफ से स्कूल को बहुत अच्छे से चलाया जा रहा है। जिसे देखकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि ये मेरी ज़िंदगी के सुनहरे पल हैं जो मैं स्कूल में बिता रहा हूं, यहां आकर मुझे मन की शांति मिलती है। उन्होंने स्कूल के बारे में डिटेल में जानकारी मांगी, जिस पर उन्होंने खुशी जताई। उन्होंने स्कूल को 30 हजार रुपये का चेक भी दिया। मिस्टर धालीवाल ने कहा कि हमें अपनी खुशी डिसेबल्ड स्टूडेंट्स के साथ बांटनी चाहिए ताकि वे बेवफाई का शिकार न बनें। रोटरी क्लब, मालेरकोटला जिस तरह से इस स्कूल को चला रहा है, वह सच में तारीफ के काबिल है। यह सही मायने में इंसानियत की सेवा है। हमें कभी-कभी अपनी ज़िंदगी का कुछ समय इन डिसेबल्ड स्टूडेंट्स के साथ बिताना चाहिए ताकि हम इन लोगों की परेशानियों से वाकिफ हो सकें। इस मौके पर मिस्टर होबी धालीवाल की पत्नी भी उनके साथ थीं। स्कूल की मैनेजमेंट कमिटी के को-चेयरमैन निसार अहमद थिंड, कैशियर मोहम्मद जमील, हरीश पासी, मैडम अकबरी बेगम ने इस विज़िट के लिए मिस्टर होबी धालीवाल को धन्यवाद दिया।

## 10 साल से फरार वारंटी चढ़ा जीआरपी के हत्थे

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने की कार्रवाई चोरी और धोखाधड़ी समेत तीन मुकदमों में था वांक्षित,, आपको बताते चलें कि करीब दस सालों से से फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को जीआरपी कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन ने बिहार के मुंगेर जिले से गिरफ्तार कर लिया है,,आरोपी के खिलाफ कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन जीआरपी थाने में चोरी, धोखाधड़ी, और एनडीपीएस एक्ट सहित तीन मुकदमें दर्ज हैं, अदालत से गैर जमानती वारंट और सीआरपीसी की धाराओं के तहत् नोटिस जारी होने के बावजूद वह लगातार फरार चल रहा था,, जीआरपी के अनुसार फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है,इसी अभियान के तहत् प्रभारी निरीक्षक ओम् नारायण सिंह के नेतृत्व में टीम ने बिहार के मुंगेर जिले के साफियासराय थाना क्षेत्र स्थित परहम गांव निवासी जफर पुत्र ऐनुल अली 38 वर्ष को 27 जुलाई को गिरफ्तार किया, पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वर्ष 2017 में जीआरपी कानपुर सेंट्रल थाने में धारा 328/380,411/414,, आईपीसी तथा एनडीपीएस एक्ट से मुकदमे दर्ज हैं,,गैर जमानती वारंट जारी किया गया था, गिरफ्तारी के बाद रिमांड पर उसे कानपुर लाया गया, और बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया, जीआरपी का कहना है कि आरोपी की तलाश में काफी समय से कई टीमें लगी थी,,उसकी लोकेशन का पता इलैक्ट्रोनिक सर्विलांस और मुखबिर की मदद से लगाया गया, जिसके बाद उसे बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता मिली,, गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक ओम् नारायण सिंह,, उपनिरीक्षक विनोद कुमार यादव, अरविंद गुप्ता , शिवबाबू यादव,हेड कांस्टेबल चंद्रेश सिंह, आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## सिद्ध श्री बिलवेशवरी धाम बिलाहरी मंदिर पर भंडारे का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** गोला तहसील के बिलाहरी गाँव मे बने सिद्ध श्री बिलवेशवरी धाम मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों की सांख्य मे श्रद्धांलुओं ने पहुँच कर प्रशाद ग्रहण किया मंदिर के पुजारी स्वामी श्री योगानंद ने बताया गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उनके गुरु श्री हरिओम तीर्थ स्वामी महाराज ( महाराष्ट्र )के आगमन पर मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमे दूर दूर से आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## बिना पंजीकरण और मानकों विपरीत चल रहा सनाया हेल्थ केयर' हॉस्पिटल

**लखीमपुर खीरी।** शहर में वर्मा होटल के सामने स्थित 'सनाया हेल्थ केयर' पिछले 3-4 दिन से चल रही खबर अभी तक अधिकारियों के कंफर्म में नहीं हुआ खबर का असर रजिस्ट्रेशन और बिना डॉक्टर के धड़ल्ले से चल रहा है। सरकार के स्पष्ट आदेश हैं कि बिना पंजीकरण और योग्य डॉक्टर के कोई भी क्लिनिक/ हॉस्पिटल नहीं चल सकता। बावजूद इसके यहां मरीजों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खबर चलने के बाद भी जिलाधिकारी और CMO साहब का इस ओर ध्यान नहीं गया है। जिससे सवाल उठता है कि क्या प्रशासन की मिलीभगत से ये अवैध क्लिनिक चल रहा है जनता ने मांग की है कि अविलंब इस अवैध क्लिनिक को सील कर कार्रवाई की जाए।

# नफरत की राजनीति नहीं चलेगी: मान

## पंजाब की धरती पर हर बीज उग सकता है, सिवाय नफरत के बीज के: भगवंत मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटियाला-** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज राज्य में बहुत मेहनत से मिली शांति, राष्ट्रीय सद्भाव, भाईचारा और शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार की पक्की प्रतिबद्धता दोहराई। पटियाला में 'एक शाम शिव के नाम' प्रोग्राम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए दिन-रात काम कर रही है और एक ऐसा बराबरी का समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां सभी धर्मों के लोग आपसी सम्मान और सद्भाव के साथ एक साथ रहें। भक्तों की एक बड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, 'पंजाब एक ऐसी उपजाऊ ज़मीन है जहाँ हर बीज उग सकता है, सिवाय नफरत के बीज के। हमारे राज्य में एकता का रिश्ता बहुत मज़बूत है क्योंकि लोग हर त्योहार एक साथ मनाते हैं। मैं इस मंच पर मौजूद सभी पूज्य संतों और आध्यात्मिक गुरुओं के सामने सिर झुकाता हूँ। हमारी सरकार हर धर्म की भलाई के लिए दिन-रात काम कर रही है, हर धर्म का बराबर सम्मान कर रही है।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'इस जगह पर आना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है, जो हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रही है और इस पवित्र कार्यक्रम में शामिल होना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। मैं आप सभी के बीच मौजूद होकर और इंसानियत, एकता और प्यार का संदेश शेयर करके बहुत गर्व महसूस कर रहा हूँ। मैं इस कार्यक्रम में इतनी बड़ी भीड़ को शामिल होते देखकर बहुत खुश हूँ।' मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की भारी भागीदारी सरकार के और भी ज़्यादा समर्पण के साथ सेवा करने के इरादे को मज़बूत करती है।



उन्होंने कहा, 'पंजाब भाईचारे और आज़ादी की ज़मीन है और बांटने वाली ताकतें यहां कभी कामयाब नहीं हो सकतीं। हालांकि आज का प्रोग्राम भगवान शिव को समर्पित है, लेकिन यहां सभी धर्मों के लोग इकट्ठा हुए हैं, जो पंजाब की सच्ची भावना को दिखाता है।' लोगों की भलाई के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ज़िक्र करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा, 'लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, हमने 19 टोल प्लाज़ा बंद कर दिए हैं, जिससे आम आदमी को रोज़ाना लगभग 70 लाख रुपये की बचत हो रही है। पूरी तरह से ट्रांसपेरेंट प्रोसेस के ज़रिए युवाओं को 68,000 से ज़्यादा सरकारी नौकरियां दी गई हैं। लगभग 90 प्रतिशत घरों को मुफ्त बिजली मिल रही है, किसानों को दिन में बिजली मिल रही है, लगभग 44,000 ग्रामीण सड़कें बनाई जा रही हैं और नहर सिंचाई सिस्टम को मज़बूत किया गया है ताकि खेती के लिए नहर के पानी की कमी न हो।' 'मावां-धीयां सत्कार योजना' का ज़िक्र करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, '1 जुलाई से महिलाओं को सीधे उनके बैंक अकाउंट में पैसे मिलने शुरू हो गए हैं। मावां-धीयां सत्कार योजना के तहत, हर योग्य लाभार्थी महिला को हर महीने 1,000 रुपये मिलते हैं, जबकि अनुसूचित जाति की महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये मिलते हैं। 1 अगस्त को यह रकम भी सीधे उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दी जाएगी। जो महिलाएं पहले से सोशल सिक्योरिटी पेंशन ले रही हैं, वे भी इस स्कीम के तहत योग्य होंगी।' मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पंजाब में लगभग 97 प्रतिशत महिलाएं इस स्कीम का फ़ायदा उठा रही हैं और राज्य सरकार ने इसके लिए बजट में 9,300 करोड़ रुपये दिए हैं।

# राष्ट्रीय ग्रीन यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में असम विश्वविद्यालय 11 वें स्थान पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** पर्यावरण संरक्षण, जलवायु अनुकूल पहल और हरित परिसर के विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए असम विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बनाई है। यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त पर्यावरणीय संस्था ग्रीन मेंटर्स की नेशनल ग्रीन यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में विश्वविद्यालय को देशभर में 11वां स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। परिसर के पर्यावरणीय प्रदर्शन और आवश्यक दस्तावेजों के विस्तृत मूल्यांकन के आधार पर जारी इस रैंकिंग में असम विश्वविद्यालय ने 100 में से 92.9 अंक अर्जित किए हैं। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय को गोल्ड रेटिंग से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन उच्च शिक्षण संस्थानों को दिया जाता है जो शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ पर्यावरणीय उत्तरदायित्व, कार्बन उत्सर्जन में कमी और जलवायु जागरूकता को प्रभावी ढंग से बढ़ावा देते हैं। ग्रीन मेंटर्स की मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह तथ्य एवं साक्ष्य आधारित रही।100 अंकों की रैंकिंग 10 प्रमुख मानकों पर निर्धारित की गई, जिनमें परिसर की जैव विविधता एवं हरित क्षेत्र, कार्बन और जलवायु कार्ययोजना, पर्यावरण-अनुकूल अवसंरचना, ऊर्जा दक्षता, जल प्रबंधन,



अपशिष्ट प्रबंधन तथा सामाजिक सहभागिता जैसे पहलू शामिल थे। यह मूल्यांकन ढांचा भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) तथा यूनेस्को के ग्रीनिंग हायर एजुकेशन फ्रेमवर्क के अनुरूप तैयार किया गया है। इस राष्ट्रीय उपलब्धि के बाद असम विश्वविद्यालय को आगामी सितंबर में न्यूयॉर्क में आयोजित होने वाले 10वें एनवाईसी ग्रीन स्कूल कॉन्फ्रेंस 2026 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। सम्मेलन में दुनिया भर के शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और पर्यावरण विशेषज्ञों की उपस्थिति में विश्वविद्यालय को सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदोष किरण नाथ ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी और छात्र लंबे समय से परिसर को पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

## गोला सावन मेला के द्रस्टिगत सिकंदराबाद मे हुई पीस कमेटी की बैठक

**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** 30 जुलाई से चालू हो रहा गोला का सावन कांवड मेला मे शान्ति बनाये रखने के लिये सिकंदराबाद चौकी स्थित मैरिज लान मे पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया जिसमे सभी धर्मो के लोग मौजूद रहे, इस अवसर पर सभी धर्मो के लोगो को संबोधित करते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी मितौली यादवेन्द्र सिंह ने बताया की भड़काऊ गाने बजाने व ओवर हाइट डीजो पर पूर्णतया बंद रहेगा,कोई भी अश्लील गाने नही बजने दिये जायेगे, इस दौरान थानाध्यक्ष नीमगांव प्रवीर गौतम ने बताया कि अनुशाशन हीनता बर्दाश्त नही की जायेगी, उपद्रव फैलाने बालो पर तत्कालीन कार्रवाई की जायेगी,वही गोला तहसील के नारे तहसील दार भानू प्रताप ने बताया कि किसी भी कांवडियो को अश्लील गाने व उपद्रव फैलाने नही दिया जायेगा,सभी कांवडियो को सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सीसीटीवी से निगरानी रखी जायेगी, चौकी इंचार्ज सिकंदराबाद राम गौरब ने बताया की चौकी पर कांवडियो की सेवा मे हर समय पर्याप्त पुलिस फोर्स मौजूद रहेगी।

## काम करने वाली सरकार चाहता है पंजाब: पवन मानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बठिंडा।** पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीपीसीसी) के वरिष्ठ सदस्य पवन मानी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस नेतृत्व से मजबूत, लोकप्रिय और जनता से जुड़े उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की अपील की। उन्होंने कहा कि पंजाब को ऐसी सरकार की जरूरत है जो केवल वादे नहीं, बल्कि धरातल पर काम करे। पवन मानी ने आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की जनता मौजूदा सरकार की कार्यशैली से निराश है। उनका आरोप है कि सरकार कर्मचारियों, किसानों, युवाओं, व्यापारियों और आम लोगों से जुड़े मूलभूत मुद्दों का समाधान करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों में अधूरे वादों और लंबित समस्याओं को लेकर असंतोष है। उनका कहना था कि किसी भी राज्य की प्रगति उसके कर्मचारियों के विश्वास और मनोबल पर निर्भर करती है, लेकिन सरकार इस दिशा में सफल नहीं रही। कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर चिंता जताते हुए मानी ने कहा कि बढ़ते अपराधों से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि नागरिकों



की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की पहली जिम्मेदारी है और इस मोर्चे पर सरकार अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से उम्मीदवारों के चयन में जनता की भावनाओं को प्राथमिकता देने की अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ छवि, मजबूत जनाधार और जनता के मुद्दों के प्रति प्रतिबद्ध उम्मीदवार ही पार्टी को मजबूती देंगे। उन्होंने गुटबाजी से ऊपर उठकर संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच कांग्रेस का विश्वास बढ़ाने पर जोर दिया। पवन मानी ने कहा कि पंजाब की जनता रोजगार, आर्थिक सुधार, बेहतर जनसेवाओं, किसानों के हितों और जवाबदेह शासन की अपेक्षा रखती है। उनका दावा है कि कांग्रेस के पास प्रदेश को स्थिर और जिम्मेदार नेतृत्व देने का अनुभव और क्षमता है।

# 45 गांवों में दिखाई गई गुरु रविदास पर वृत्तचित्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मालेरकोटला-** पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित राज्य स्तरीय जागरूकता अभियान के तहत, मानवता के लिए समर्पित गुरु रविदास जी महाराज के जीवन, संघर्ष, दर्शन और महान शिक्षाओं पर आधारित एक खास डॉक्यूमेंट्री फिल्म अब तक मालेरकोटला विधानसभा क्षेत्र के 45 गांवों में सफलतापूर्वक दिखाई जा चुकी है। इस फिल्म के ज़रिए बड़ी संख्या में लोग, खासकर युवा, गुरु साहिब के बराबरी, भाईचारा, इंसानियत, मेहनत, सच्चाई और सामाजिक न्याय के हमेशा रहने वाले संदेश से जुड़ रहे हैं। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (डेवलपमेंट) रिम्पी गर्ग ने कहा कि पंजाब सरकार का मकसद श्री गुरु रविदास जी महाराज के महान जीवन और शिक्षाओं को घर-घर तक पहुंचाना और युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध आध्यात्मिक और सामाजिक विरासत से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब द्वारा दिया गया बराबरी, मेलजोल, इंसानियत और सामाजिक न्याय का संदेश आज के समय में और भी ज़्यादा ज़रूरी है और यह समाज को आपसी भाईचारे और एकजुटता की मज़बूत नींव देता है। उन्होंने कहा कि यह खास डॉक्यूमेंट्री फिल्म पंजाब सरकार द्वारा मोबाइल स्क्रीन वैन के ज़रिए राज्य के हज़ारों गांवों में दिखाई जा रही है, जिसके तहत मलेरकोटला विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को इस कैंपेन से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 30 जुलाई को गांव भूदान और तखर कलां में और 31 जुलाई को बुक्कनवाल और रुड़की में शाम को इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म की खास स्क्रीनिंग होगी। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (डेवलपमेंट) रिंपी गर्ग ने सभी गांववालों, पंचायत प्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं और समाज के हर वर्ग से अपील की कि वे ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में आकर इस प्रेरणा देने वाली डॉक्यूमेंट्री फिल्म को देखें। उन्होंने कहा कि यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म न सिर्फ़ श्री गुरु रविदास जी महाराज के जीवन के बारे में जानकारी देती है, बल्कि सामाजिक बराबरी, इंसानी मूल्यों और आपसी मेलजोल का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का एक असरदार ज़रिया भी है। उन्होंने कहा कि ऐसी कोशिशें समाज में आपसी प्यार, एकता और भाईचारे को और मज़बूत करने में अहम भूमिका निभा रही हैं।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हार्टा बदला/होशियारपुर।** पंजाब स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार तथा सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मंदीप कमल के मार्गदर्शन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हार्टा बदला के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर मंगलवार को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों को हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण, बचाव, समय पर जांच और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. मनप्रीत सिंह बैंस ने बताया कि हेपेटाइटिस यकृत (लीवर) से जुड़ी गंभीर बीमारी है, जिसकी समय पर पहचान और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि हेपेटाइटिस पांच प्रकार (ए, बी, सी, डी और ई) का होता है। इनमें ए और ई दूषित भोजन व पानी से फैलते हैं, जबकि बी और सी असुरक्षित रक्त चढ़ाने, संक्रमित सुई, गुदवाने के अस्वच्छ उपकरण तथा असुरक्षित यौन संबंधों के कारण फैलते हैं। उन्होंने बताया कि आंखों व त्वचा का पीला पड़ना, अत्यधिक थकान, भूख कम लगना, पेट दर्द, उल्टी, मतली तथा गहरे रंग का मूत्र इसके प्रमुख लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सरकारी अस्पतालों में हेपेटाइटिस-बी और हेपेटाइटिस-सी की जांच एवं उपचार निःशुल्क उपलब्ध है। किसी भी प्रकार का संदेह होने पर तुरंत निकटतम सरकारी स्वास्थ्य संस्थान में जाकर जांच करानी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ क्षय रोग पर्यवेक्षक (एसटीएस) भूपिंदर कौर ने कहा कि हेपेटाइटिस से बचाव के लिए केवल जांचा हुआ सुरक्षित रक्त ही चढ़वाएं, सुई या सिरिंज का दोबारा उपयोग न करें तथा टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने स्वच्छ जीवनशैली अपनाने, सुरक्षित चिकित्सीय प्रक्रियाओं का पालन करने, समय-समय पर जांच कराने तथा शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक रहने, अफवाहों से बचने, समय पर जांच कराने और आवश्यकता पड़ने पर निःशुल्क उपचार का लाभ उठाकर स्वयं, अपने परिवार और समाज को इस बीमारी से सुरक्षित रखने की अपील की।



# नीट टॉपर आर्यन गुप्ता का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना।** आतम नगर के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने मंगलवार को नीट-2026 में अखिल भारतीय स्तर पर प्रथम स्थान (एआईआर-1) प्राप्त करने वाले आर्यन गुप्ता को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लुधियाना के एक छात्र का देश में पहला स्थान हासिल करना पूरे शहर और पंजाब के लिए गर्व की बात है। विधायक ने कहा कि आर्यन गुप्ता उनके विधानसभा क्षेत्र आत्म नगर के निवासी हैं, जिससे यह उपलब्धि और भी विशेष बन जाती है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देशभर के लगभग 20 लाख विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा दी, जिनमें पंजाब के सरकारी विद्यालयों के रिकॉर्ड 882 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों, निःशुल्क प्रशिक्षण, उचित मार्गदर्शन और बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था को दिया। उनका कहना था कि इन प्रयासों



से सरकारी और निजी विद्यालयों के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। कुलवंत सिंह सिद्धू ने कहा कि आर्यन गुप्ता सहित नीट में सफल सभी विद्यार्थियों ने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक में सफलता हासिल कर पंजाब का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि 26 जुलाई को मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने नीट में सफल विद्यार्थियों से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित भी किया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में पंजाब देश में 27वें स्थान पर था, जबकि आज शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश अग्रणी राज्यों में शामिल होकर नई पहचान बना रहा है।

## गरीब महिला की मदद कर कांस्टेबल करुणेश वर्मा ने पेश की मानवता की मिसाल

मितौली थाना क्षेत्र के पुलिस पिकेट पिपरझला पर तैनात कांस्टेबल करुणेश वर्मा का मानवीय चेहरा एक बार फिर क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। दरी गांव की रहने वाली एक महिला अपने पति द्वारा मारपीट किए जाने की शिकायत लेकर पुलिस पिकेट पहुंची। महिला की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय थी। उसके पैरो में चप्पल तक नहीं थी और गोद में मौजूद छोटा बच्चा भूख-प्यास से व्याकुल था। महिला की यह स्थिति देखकर कांस्टेबल गणेश वर्मा का हृदय द्रवित हो गया। उन्होंने तुरंत अपने स्तर से आर्थिक सहयोग किया तथा पास की दुकान से महिला और उसके बच्चे के लिए खाने-पीने की सामग्री मंगवाकर दिया इसके साथ ही महिला को आवश्यक सहायता भी उपलब्ध कराई। कांस्टेबल गणेश वर्मा के इस मानवीय और संवेदनशील कार्य की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस का ऐसा व्यवहार समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना को और मजबूत करता।

## स्वच्छ वातावरण में सभी की भागीदारी जरूरी: डीसी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तरनतारन।** उपायुक्त राहुल ने जिलेवासियों से स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से घरों में कचरे का पृथक्करण करने, प्लास्टिक का अनावश्यक उपयोग बंद करने, पानी का संरक्षण करने तथा स्वच्छता और जल संरक्षण अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन तथा जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन' के अंतर्गत जिले के सभी गांवों में विभिन्न विभागों के सहयोग से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान सरपंचों, ग्राम पंचायत सदस्यों, जलापूर्ति एवं स्वच्छता समितियों, स्वयं सहायता समूहों, विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जल बचत के प्रति जागरूक किया जा रहा है। विभिन्न विभागों की ओर से संगोष्ठियों, जागरूकता शिविरों, रैलियों और जनसंवाद



कार्यक्रमों के माध्यम से गीले, सूखे, स्वच्छता संबंधी और विशेष प्रकार के कचरे को अलग-अलग एकत्रित करने तथा उसके वैज्ञानिक निस्तारण के महत्व की जानकारी दी जा रही है। उपायुक्त ने बताया कि लोगों को एकल-उपयोग प्लास्टिक के प्रयोग से बचने, प्लास्टिक कचरे का उचित प्रबंधन करने, व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाने, घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'कैच द रेन' अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण तथा जल के जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

# डीएसएसएसबी टीजीटी भर्ती में एकमुश्त आयु सीमा में छूट

## शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने अभ्यर्थियों से किया था एकमुश्त आयु सीमा में छूट दिलाने का सार्वजनिक आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड डीएसएसएसबी की प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक टीजीटी भर्ती विज्ञापन संख्या 06/25 में एकमुश्त आयु सीमा में छूट की मांग को लेकर आज लगभग 100 अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद के कार्यालय पहुँचा। प्रतिनिधिमंडल ने लगभग 100 अभ्यर्थियों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन शिक्षा मंत्री कार्यालय में सौंपते हुए मामले में शीघ्र कार्रवाई की मांग की अभ्यर्थियों ने बताया कि वे पिछले कई महीनों से इस विषय को लेकर विभिन्न सरकारी विभागों के लगातार चक्कर लगा रहे हैं तथा शिक्षा मंत्री से कई बार मुलाकात भी कर



चुके हैं। प्रत्येक मुलाकात के दौरान शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि एकमुश्त आयु सीमा में छूट का निर्णय लिए बिना टीजीटी भर्ती परीक्षा आयोजित नहीं की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अब तक उक्त भर्ती परीक्षा का आयोजन भी नहीं किया गया है।ज्ञातव्य है कि 26 दिसंबर 2025 को शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने राष्ट्रीय मीडिया के समक्ष सार्वजनिक रूप से आश्वासन दिया था कि डीएसएसएसबी टीजीटी भर्ती विज्ञापन संख्या 06/25 के अभ्यर्थियों को एकमुश्त आयु सीमा में छूट प्रदान करने तथा भर्ती एवं सेवा नियमों में आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। इसी आश्वासन के आधार पर अभ्यर्थी आज भी सरकार से अपने वादे को पूरा करने की अपेक्षा कर रहे हैं। अभ्यर्थियों के अनुसार एकमुश्त आयु सीमा में छूट से संबंधित प्रस्ताव सभी आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद उपराज्यपाल कार्यालय से स्वीकृति प्राप्त कर संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी को भेजा गया था। वहाँ से सकारात्मक टिप्पणी के साथ यह प्रस्ताव पुनः शिक्षा निदेशालय को प्राप्त हो चुका है। ऐसे में अभ्यर्थियों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि वे इस विषय में व्यक्तिगत रूप से संज्ञान लेते हुए शेष प्रशासनिक प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराएं, ताकि आयु सीमा में छूट प्रदान करने के पश्चात ही भर्ती परीक्षा आयोजित की जा सके अभ्यर्थियों का कहना है कि एकमुश्त आयु सीमा में छूट मिलने से हजारों योग्य एवं लंबे समय से डीएसएसएसबी टीजीटी भर्ती की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों को भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। यह निर्णय न केवल हजारों युवाओं को न्याय दिलाएगा, बल्कि सरकार द्वारा अभ्यर्थियों से किए गए सार्वजनिक वादे को भी साकार करेगा। प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा मंत्री आशीष सूद से आग्रह किया कि वे अपने द्वारा दिए गए सार्वजनिक आश्वासन का सम्मान करते हुए इस विषय में तत्काल हस्तक्षेप करें तथा आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराकर एकमुश्त आयु सीमा में छूट लागू करवाएं, ताकि वर्षों से अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हजारों अभ्यर्थियों को न्याय मिल सके।

# वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीयूष मोर्डिया बने प्रयागराज के नए पुलिस कमिश्नर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पीयूष मोर्डिया को प्रयागराज का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति को प्रशासनिक और पुलिस महकमे में महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले वह अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी), वाराणसी जोन के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब वह प्रयागराज कमिश्नरेट की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था की कमान संभालेंगे। पीयूष मोर्डिया एक अनुभवी एवं कुशल पुलिस अधिकारी माने जाते हैं। अपने लंबे प्रशासनिक अनुभव के दौरान उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों और महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आधुनिक पुलिसिंग को प्रभावी ढंग से लागू करने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। वाराणसी जोन में एडीजी के रूप में उन्होंने संवेदनशील धार्मिक आयोजनों, त्योहारों और वीआईपी कार्यक्रमों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सफलतापूर्वक संचालित किया। प्रयागराज जैसे संवेदनशील एवं धार्मिक महत्व वाले शहर में उनकी नियुक्ति को विशेष महत्व दिया जा रहा है। महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद भी शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, संगठित अपराध पर नियंत्रण, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाना तथा जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और मजबूत करना उनके सामने प्रमुख चुनौतियां होंगी।

# 10 करोड़ रुपये खर्च होने के बाद भी प्रयागराज की सड़कें बनीं तालाब

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** शहर में बरसात के दौरान जलभराव की समस्या एक बार फिर नगर निगम की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है। करोड़ों रुपये खर्च कर नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के दावों के बावजूद कई प्रमुख सड़कें और चौराहे बारिश के बाद तालाब में तब्दील हो गए। लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जबकि दोपहिया और चारपहिया वाहन जलभराव में फंस रहे हैं। नगर निगम द्वारा मानसून से पहले नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था सुधारने के लिए लगभग 10 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। इसके बावजूद शहर के कई इलाकों में बारिश के कुछ ही घंटों बाद सड़कें पानी से लबालब भर गईं। इससे नगर निगम की तैयारियों और कार्यों की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न उठने लगे हैं। जलभराव की बढ़ती शिकायतों और आमजन की नाराजगी को देखते हुए नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों और अभियंताओं के साथ विभिन्न जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा तत्काल जलनिकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि जहां भी लापरवाही या कार्य में अनियमितता पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बारिश के कारण शहर के कई प्रमुख मार्गों, बाजारों और आवासीय क्षेत्रों में लोगों को घंटों तक जलभराव की समस्या झेलनी पड़ी। व्यापारियों का कारोबार प्रभावित हुआ, जबकि स्कूली बच्चों, नौकरीपेशा लोगों और मरीजों को अस्पताल पहुंचने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

# नैनी में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का किया भव्य स्वागत



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नैनी, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य का मंगलवार को जमुनापार क्षेत्र के कार्यक्रम में जाते समय नैनी के सब्जी मंडी तिराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा प्रयागराज महानगर के पूर्व जिला अध्यक्ष नरसिंह ने किया। इस अवसर पर सत्यम शुक्ला सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजन शुक्ला, टीनू अग्रवाल, पार्षद रणविजय (डब्बू) सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रवि मिश्रा, नैनी मंडल महामंत्री सुरेंद्र गुप्ता, दिनेश सिंह पटेल (मंडल उपाध्यक्ष), श्याम मिश्रा, कृष्णा केसरवानी, उमा धनपाल तथा गुडविल गैरेज सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शादी का मतलब कभी भी अपने सपनों को छोड़ना नहीं होना चाहिए : आरती बिराजदार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दया शंकर त्रिपाठी**



**ब्यूरो प्रयागराज।** शादी को जिंदगी की नई शुरुआत माना जाता है। लेकिन कई लड़कियों के लिए यह ऐसा समय भी होता है जब वे अपने सपनों को पूरा करने के साथ-साथ अपनी जिम्मेदारियां भी निभाती हैं। सन नियो के शो थोड़ी सी उम्मीद, थोड़ा सा आसमान में इन दिनों यही कहानी दिखाई जा रही है। शो में वैदेही की शादी होने वाली है, लेकिन साथ ही वह अपनी पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी भी कर रही है। वह शादी, पढ़ाई और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही है। यह कहानी उन महिलाओं की हिम्मत और मेहनत को दिखाती है, जो अपनी जिम्मेदारियों के साथ अपने सपनों को भी नहीं छोड़तीं। इस ट्रैक के बारे में बात करते हुए वैदेही का किरदार निभा रहीं आरती बिराजदार ने कहा कि मैं यह कहानी पर्दे पर निभा रही हूं, लेकिन असल जिंदगी में भी बहुत-सी लड़कियां पढ़ाई, नौकरी, शादी और परिवार की जिम्मेदारियों को एक साथ संभालती हैं। घर और परिवार की जिम्मेदारियों के साथ अपने सपनों को पूरा करना आसान नहीं होता, लेकिन फिर भी कई महिलाएं हर दिन यह सब करती हैं।

मैंने ऐसी लड़कियों की कहानियां भी सुनी हैं, जो अपनी शादी के जोड़े में ही परीक्षा देने पहुंचीं, परीक्षा खत्म की और फिर वापस अपनी शादी में शामिल हो गईं। ऐसा करने के लिए जितनी हिम्मत और लगन चाहिए, वह सच में प्रेरणा देने वाली है। ऐसी हर लड़की को मेरा दिल से सलाम, जो अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी अपने सपनों को नहीं छोड़ती। वे भले ही आम लड़कियां हों, लेकिन उनके हौसले और मेहनत उन्हें खास बनाते हैं। शादी का मतलब कभी भी अपने सपनों को छोड़ना नहीं होना चाहिए। ' थोड़ी सी उम्मीद, थोड़ा सा आसमान' हर सोमवार से शनिवार शाम 7:30 सन नियो पर प्रसारित होता है।

# एसडीएम व तहसीलदार शारदा पार के ग्राम श्रीनगर स्थित राजस्व चौकी का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** उपजिलाधिकारी व तहसीलदार ने ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्राम श्रीनगर स्थित राजस्व चौकी का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बाढ़ से बचाव के लिए की जाने वाली तैयारी की समीक्षा की। साथ ही संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रभावित क्षेत्र की स्थिति का जायजा लेते हुए प्रभावित व्यक्तियों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। तहसील पूरनपुर के उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा ग्राम श्रीनगर शारदा पार स्थित राजस्व चौकी का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ संबंधी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान बाढ़ से संभावित प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों के लिए पक्का भोजन उपलब्ध कराने हेतु नामित ठेकेदारों द्वारा चिन्हित भोजन वितरण स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा निर्देश दिए गए कि आवश्यकता पड़ने पर निर्धारित स्थलों पर समयबद्ध, स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक आयोजित कर बाढ़ की संभावित स्थिति, राहत एवं बचाव कार्यों तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से समन्वय बनाए रखते हुए किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराने का आह्वान किया गया। साथ ही सभी से प्रशासन का सहयोग करने एवं अफवाहों से बचने की अपील की गई।

# प्रयागराज में आरआरसी इलाहाबाद द्वारा शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी), इलाहाबाद द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा (Physical Efficiency Test-PET) का आयोजन दिनांक 25 जुलाई से प्रयागराज स्थित डीएसए ग्राउंड में किया जा रहा है। रेल भर्ती प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कंप्यूटर आधारित परीक्षा में 225 महिला अभ्यर्थियों सहित कुल 3736 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुये थे । भर्ती प्रक्रिया को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से संपूर्ण परीक्षा की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। शारीरिक दक्षता परीक्षा भर्ती प्रक्रिया का महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें प्रत्येक परीक्षार्थी को निर्धारित मानकों के अनुसार अपनी शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करना अनिवार्य है । परीक्षा के दौरान महिला परीक्षार्थियों को 5 मिनट 15 सेकंड के भीतर 1000 मीटर की दौड़ पूरी करनी होती है। इसके अतिरिक्त उन्हें 20 किलोग्राम भार उठाकर 100 मीटर की दूरी 2 मिनट में तय करनी होती है । भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण में पात्रता प्राप्त करने के लिए इन दोनों मानकों को सफलतापूर्वक पूरा करना आवश्यक है। आज आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में 124 महिला अभ्यर्थियों ने भागीदारी की जिसमें 74 महिला अभ्यर्थी सफल रही । शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक, रजनीश अग्रवाल; अपर मंडल रेल प्रबंधक/सामान्य दीपक कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी वैभव कुमार गुप्ता तथा सहायक कार्मिक अधिकारी रुपेश कुमार सुमन के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है। परीक्षा स्थल पर सुरक्षा, अनुशासन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पर्याप्त तैनाती की गई है। परीक्षा की प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जा रही है, जिससे पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं विश्वसनीय बनी रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने पांच मंदिरों में की पूजा।

**नैनी, प्रयागराज।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने नैनी क्षेत्र के पांच प्रमुख मंदिरों में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने संत-महात्माओं का सम्मान करते हुए उनका पूजन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत नैनी बाजार स्थित श्री राम-जानकी मंदिर में भी विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर के प्रबंधक त्रिभुवन चौरसिया एवं मंदिर के महंत नन्दू महाराज उपस्थित रहे।



# जनता के बीच पहुंचे ऋषि राज, कार्यालय से बाहर आकर सुनीं फरियादें

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के उपाध्यक्ष ऋषि राज ने मंगलवार को इंदिरा भवन स्थित पीडीए कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक सराहनीय पहल करते हुए अपने कार्यालय कक्ष से बाहर निकलकर सीधे आम नागरिकों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने फरियादियों से आमने-सामने संवाद कर उनकी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने भूमि एवं भवन संबंधी विवाद, मानचित्र स्वीकृति, अवैध निर्माण, संपत्ति से जुड़े प्रकरणों सहित विकास कार्यों से संबंधित विभिन्न शिकायतें उपाध्यक्ष के समक्ष रखीं। ऋषि राज ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपाध्यक्ष ने कहा कि जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना प्रयागराज विकास प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में अनावश्यक विलंब या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी संवेदनशीलता के साथ नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें तथा शिकायतकर्ताओं को की गई कार्रवाई की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के दौरान प्राधिकरण के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। उन्होंने भी शिकायतों से संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की। पीडीए की इस पहल से जनसुनवाई में पहुंचे लोगों ने संतोष व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।

# कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम व एसपी ने मंडी स्थल व मंदिरों का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पीलीभीत।** कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों और कांवड़ यात्रा मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले पीलीभीत के प्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर पहुँचकर श्रद्धालुओं द्वारा किए जाने वाले जलाभिषेक के लिए की गई तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर में भीड़ नियंत्रण और सुगम दर्शन के लिए लगाई गई बैरिकेटिंग व्यवस्था, सुरक्षा इंतजामों तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दुग्धेश्वर नाथ मंदिर पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। सुरक्षा और स्वच्छता के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए मंदिर प्रबंधन और पुलिस बल को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। दूर-दराज से आने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं के विश्राम हेतु मंडी स्थल में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए जिलाधिकारी ने पेयजल, लाइट, मोबाइल शौचालय, साफ-सफाई और ठहरने की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने शहर के मुख्य मार्गों से लेकर शाही चौकी मार्ग तक के पूरे यात्रा मार्ग (कांवड़ रूट) का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि कांवड़ मार्ग और प्रमुख मंदिरों पर पर्याप्त पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं की कतारें सुव्यवस्थित रहें, इसके लिए मजबूत बैरिकेटिंग की जाए। मार्गों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और पीने के पानी आदि व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाए।

# चोरी का विरोध करने पर पिता-पुत्र पर चाकू से हमला, पिता घायल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र की एडीए कॉलोनी में चोरी का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। देर रात घर में घुसे एक चोर ने पकड़े जाने पर पिता-पुत्र पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में पिता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका स्वरूप रानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।थाना नैनी में दर्ज एफआईआर के अनुसार, एलआईजी-295 एडीए कॉलोनी निवासी रौनक पाल पुत्र राकेश कुमार पाल ने बताया कि 26 जुलाई की रात करीब 2:30 बजे एक अज्ञात युवक उनके घर में घुस आया और घर में रखे दो मोबाइल फोन चोरी कर लिए।आहट मिलने पर रौनक के पिता राकेश कुमार पाल की नींद खुल गई। इसके बाद पिता-पुत्र ने चोर का पीछा किया और फोर्ड स्कूल के पीछे जवाहर नगर क्षेत्र में उसे पकड़ लिया। आरोप है कि पकड़े जाने पर चोर ने दोनों मोबाइल फोन वापस कर दिए, लेकिन इसी दौरान वह गाली-गलौज करने लगा और अचानक अपने पास मौजूद चाकू से हमला कर दिया। हमले में रौनक पाल के गाल और दोनों हाथों में चोटें आईं, जबकि राकेश कुमार पाल के गले पर गंभीर वार हुआ। वारदात के बाद आरोपी मौके का फायदा उठाकर रौनक का एक मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया।घटना के बाद परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। राकेश कुमार पाल की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। उपचार के बाद 27 जुलाई को रौनक पाल ने नैनी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक बृजकिशोर गौतम ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नैनो उर्वरकों का प्रयोग , पर्यावरण एवं भारतीय कृषि के लिए लाभदायक : डॉ. विवेक दीक्षित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ब्यूरो प्रयागराज।** इफको के नैनो उर्वरक वर्तमान कृषि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं, इनके प्रयोग से सस्ती एवं टिकाऊ खेती करने में सफलता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह पर्यावरण के भी अनुकूल है। उक्त बातें , डॉ.विवेक दीक्षित, प्रधानाचार्य, मोतीलाल नेहरू फार्मरस ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट कॉर्डेट इफको फूलपुर ने मुख्य अतिथि ग्राम गधिना (लोहार का पूरा )वि.खं. मऊआयमा प्रयागराज के कृषकों के बीच आयोजित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कहीं । उन्होंने उपस्थित कृषक प्रतिभागियों को कार्डेट एवं इफको के क्रियाकलाप से परिचित कराया तथा धान की फसल में नैनो यूरिया प्लस, नैनो कॉपर, नैनो जिंक, एवं नैनो डीएपी के प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी। नैनो डीएपी से बीज/जड़/कंद/सेट शोधित कर बुवाई/रोपाई करने की सलाह दी। दानेदार डीएपी की मात्रा आधी प्रयोग करें नैनो डीएपी 500 मिलीलीटर की बोतल मात्र ?600 की है जो कि दानेदार डीएपी से काफी सस्ता है। नैनो यूरिया फसल की पत्तियों पर ञ्च4 द्रव्य प्रति लीटर पानी से घोल बनाकर स्प्रे करें। इसी क्रम में संस्थान की वरिष्ठ अधिकारी सविता शुक्ला ने फल संरक्षण एवं खाद्य प्रसंस्करण एवं स्वयं सहायता समूह से संबंधित जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि विभिन्न प्रकार के अचार मुरब्बा और जूस बनाकर के हम अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं । समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने खेती में जैव उर्वरकों एवं जैव अप घटकों के प्रयोग की जानकारी दी। प्रभारी प्रशिक्षण मुकेश तिवारी ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं स्वस्थ व टिकाऊ खेती के लिए मृदा परीक्षण के महत्व को बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को कारडेट की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण भी कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु बेल की पौध का निःशुल्क वितरण किया गया।

# डीएम ने स्वच्छ हरित विद्यालय पुरस्कार पाने वाले प्रधानाध्यापक को किया सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** जिलाधिकारी ने स्वच्छ हरित विद्यालय पुरस्कार पाने वाले शिक्षक को कलेक्ट्रेट में सम्मानित किया। विकास क्षेत्र पूरनपुर के प्राइमरी स्कूल चोखा पुरी के प्रधानाध्यापक मुनीश कुमार भारद्वाज को स्वच्छ हरित विद्यालय पुरस्कार मिलने पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, सीडीओ सतीश प्रसाद मिश्रा ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह की मौजूदगी में स्मृति चिन्ह देकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्राइमरी स्कूल चोखा पुरी विद्यालय को स्वच्छ हरित विद्यालय पुरस्कार के लिए पहले जिला स्तर पर कई स्कूलों की प्रति स्पर्धा में जिले का नंबर वन स्कूल चयनित किया गया। उसके बाद राज्य स्तर पर सभी मानकों पर स्कूल खरा उतरने के बाद बनारस में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रमाण पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग की विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान प्रधानाध्यापक मुनीश कुमार भारद्वाज को गांधी सभागार में सम्मानजनक तरीके से बुलाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जब चोखा पुरी स्कूल ने इतनी बढ़िया परफॉर्मेंस दी है तो फिर बाकी स्कूल पीछे क्यों हैं ? स्वच्छ हरित विद्यालय पुरस्कार में राष्ट्रीय स्तर पर प्राइमरी स्कूल चोखा पुरी ने 25 वीं रैंक पाई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के लिए एक गौरव की बात है कि तराई के जंगल से सटे गांव चोखा पुरी के स्कूल में जो संसाधन है, वह देखने लायक हैं। प्रधान अध्यापक के व्यक्तिगत प्रयासों का यह परिणाम है। जिले के अन्य स्कूल भी चोखा पूरी स्कूल से प्रेरणा लें और आगे बढ़े। इस दौरान जिले भर के खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मलिहाबाद में जमीन विवाद को लेकर पीड़ित परिवार ने लगाया पुलिस पर दबाव बनाने का आरोप, जान का खतरा बताया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद, लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम रामपुर बस्ती में जमीन विवाद का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय पुलिस लीपापोती कर रही है और उन पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। परिवार का कहना है कि उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार के अनुसार, परिवार के सदस्य करन रावत, धर्म रावत, राजवीर रावत, नैना रावत इस विवाद से प्रभावित हैं। उनका आरोप है कि गांव में जहां एक बिस्वा जमीन की कीमत करीब 5 लाख रुपये है, वहीं उनके बड़े भाई को शराब पिलाकर बहला-फुसलाकर बेहद कम कीमत पर जमीन का बैनामा करा लिया गया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में ग्राम प्रधान रामशंकर की भूमिका संदिग्ध रही और उन्होंने साजिश के तहत जमीन का बैनामा कराया। और पूरा पैसा हड़प कर लिया उनका कहना है कि इस मामले की निष्पक्ष आर्थिक एवं दस्तावेजी




जांच कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। परिवार का यह भी आरोप है कि मलिहाबाद थाने में मामले की निष्पक्ष सुनवाई नहीं हो रही है। उनका कहना है कि एक दरोगा, जिसका वर्तमान में संबंधित हल्के से तबादला हो चुका है, फिर भी उन्हें फोन कर थाने बुला रहा है और जांच के नाम पर दबाव बना रहा है। पीड़ितों ने सवाल उठाया कि यदि जांच दस्तावेजों और बैंक खातों से संबंधित है तो उन्हें बार-बार थाने बुलाने की आवश्यकता क्यों पड़ रही है। पीड़ित परिवार ने मांग की है कि पूरे मामले में बैंक खातों, जमीन के बैनामे और अन्य दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है, जिससे परिवार भय के माहौल में जी रहा है द्य मामले की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

पीड़ित परिवार के अनुसार, परिवार के सदस्य करन रावत, धर्म रावत, राजवीर रावत, नैना रावत इस विवाद से प्रभावित हैं। उनका आरोप है कि गांव में जहां एक बिस्वा जमीन की कीमत करीब 5 लाख रुपये है, वहीं उनके बड़े भाई को शराब पिलाकर बहला-फुसलाकर बेहद कम कीमत पर जमीन का बैनामा करा लिया गया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि इस पूरे प्रकरण में ग्राम प्रधान रामशंकर की भूमिका संदिग्ध रही और उन्होंने साजिश के तहत जमीन का बैनामा कराया। और पूरा पैसा हड़प कर लिया उनका कहना है कि इस मामले की निष्पक्ष आर्थिक एवं दस्तावेजी जांच कराई जानी चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके। परिवार का यह भी आरोप है कि मलिहाबाद थाने में मामले की निष्पक्ष सुनवाई नहीं हो रही है। उनका कहना है कि एक दरोगा, जिसका वर्तमान में संबंधित हल्के से तबादला हो चुका है, फिर भी उन्हें फोन कर थाने बुला रहा है और जांच के नाम पर दबाव बना रहा है।

# पत्रकारिता से शिक्षा जगत तक: वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा बने टीजीटी हिंदी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** निगोहां क्षेत्र में वर्षों से पत्रकारिता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम करते हुए उत्तर प्रदेश टीजीटी परीक्षा-2022 में हिंदी विषय के सहायक अध्यापक (इंटर कॉलेज) पद पर सफलता हासिल की है। उनके चयन की खबर मिलते ही निगोहां और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल बन गया तथा शुभचिंतकों ने उनके आवास पहुंचकर बधाई दी। मुकेश मिश्रा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता एवं काशीश्वर इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बृजेश कुमार मिश्र, माता, बड़े भाई मनोज मिश्र, गुरुजनों तथा शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने बताया कि प्रयागराज स्थित 'हिंदी संसार ऑनलाइन' के निदेशक डॉ. अशोक स्वामी के मार्गदर्शन में नियमित और योजनाबद्ध तैयारी के परिणामस्वरूप उन्हें यह सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उनका मानना है कि शिक्षा ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है। चयन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, एसीपी रजनीश वर्मा, निगोहां थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार, इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय, प्रधानाचार्य डॉ. रितेश मिश्र, डॉ. रामराजन द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश द्विवेदी, प्रधान अभय दीक्षित सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।यदि चाहें, इसे हिन्दुस्तान अखबार की स्थानीय रिपोर्टिंग शैली में और भी अधिक प्रभावशाली तथा प्रथम पृष्ठ स्तर की भाषा में तैयार किया जा सकता है।



**मुकेश मिश्र ने बताया कि 'यह सफलता मेरे माता-पिता, बड़े भाई, गुरुजनों और सभी शुभचिंतकों के आशीर्वाद, विश्वास एवं सहयोग का परिणाम है। विशेष रूप से 'हिंदी संसार ऑनलाइन', प्रयागराज के निदेशक डॉ. अशोक स्वामी के मार्गदर्शन ने मेरी तैयारी को सही दिशा दी। शिक्षक के रूप में मेरा प्रयास रहेगा कि विद्यार्थियों को गुणवाापूर्ण शिक्षा, अच्छे संस्कार और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित कर सकूं। मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपनी जिमेदारियों का निर्वहन करूंगा।**

# जाति के नाम पर गाली देने वाले देश के गद्दार हैं : भारतीय जन समाज पार्टी

## 'पहले जातियां मिटाओ, फिर आरक्षण हटाओ - हम समर्थन करेंगे' : बृजमोहन सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में भारतीय जन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने आज जाति के नाम पर अपमानजनक नारे देने वालों की कड़ी निंदा करते हुए देश में 'सामाजिक समानता' का रोडमैप पेश किया। अध्यक्ष जी का बयानः 'कुछ अनुभवहीन और बुद्धि के अभाव वाले लोगों ने 'तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूता चार' जैसा घटिया नारा दिया है। ये लोग समाज में नफरत फैलाकर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। ' 'पहले इन्हें अपनी बुद्धि शुद्ध करनी चाहिए। ये भूल गए हैं कि इस देश में हर धर्म, हर जाति के लोग मिलकर रहते हैं। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, दलित, पिछड़ा - सब भारत माता की संतान हैं। किसी की जाति को लेकर गाली देना सबसे बड़ा पाप और देशद्रोह है।'



**भारतीय जन समाज पार्टी का 'राष्ट्रीय एकता एजेंडा ':**

1. कानूनी कार्रवाई - जाति के नाम पर गाली-गलौज और नफरती नारों पर NSA लगाया जाए। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट पर तुरंत FIR हो। 2. पहले जातियां मिटाओ - सरकारी दस्तावेजों, स्कूल फॉर्म से 'जाति' कॉलम हटे। सिर्फ 'भारतीय' लिखा जाए। अंतरजातीय विवाह पर सरकार 10 लाख दे। 3. फिर आरक्षण हटाओ - जब देश में 100% सामाजिक बराबरी आ जाए, तब जाति आधारित आरक्षण की समीक्षा हो। BJSP इस समर्थन करेगी। 4. आर्थिक आधार पर मदद - आरक्षण गरीबी से लड़ाई है, जाति से नहीं। गरीब जनरल को भी मिले, अमीर को नहीं। **डॉ. कलाम और डॉ. अंबेडकर का हवालाः**अध्यक्ष जी ने कहा 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का सपना था 'विकसित भारत' और डॉ. भीमराव अंबेडकर जी का सपना था 'भेदभाव मुक्त भारत'। नफरत के नारे देने वाले दोनों महापुरुषों के सपनों के दुश्मन हैं। '

**भारतीय जन समाज पार्टी के नारेः**

1. 'जाति तोड़ो, भारत जोड़ो ',2. 'गाली नहीं, गले लगाओ ',3. 'पहले समानता, फिर समीक्षा ' , 4. 'न कोई अगड़ा, न कोई पिछड़ा - सब भारत के लाड़ला' भारतीय जन समाज पार्टी सरकार से मांग करती है कि 30 दिन में 'सामाजिक सद्भाव कानून' लाया जाए और स्कूलों में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' पाठ्यक्रम अनिवार्य किया जाए। 'हम बंटेंगे तो कटेंगे। हम एक रहेंगे तो विश्वगुरु बनेंगे। '

# आरएसएस नेता की जंतर मंतर आंदोलन पर अत्यंत आपत्तिजनक टिप्पणी,जाँच के आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** आरएसएस विचारक और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी ) के पूर्व राज्य बौद्धिक सेल के प्रमुख टी.जी. मोहनदास के अत्यंत आपत्तिजनक और हिंसक बयानों को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले पर राजनीतिक व सामाजिक प्रतिक्रियाओं के बाद केरल पुलिस ने जांच के आदेश दे दिए हैं।ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन (AIYF) के नेता टी.टी. जिस्मन, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (AISF), और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (PDP) के महासचिव वी.एम. अलियार समेत कई नेताओं ने केरल के राज्य पुलिस प्रमुख और गृह मंत्री के समक्ष आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की। शिकायतों में कहा गया कि मोहनदास के बयान शांतिपूर्ण और संवैधानिक लोकतांत्रिक प्रदर्शनों पर सीधा हमला हैं तथा ये हिंसा भड़काने, भय फैलाने और अराजकता को बढ़ावा देने वाले हैं।शिकायतों का संज्ञान लेते हुए केरल गृह विभाग ने मामले की जांच साइबर सेल के आईजी पी. प्रकाश को सौंपी है। आरोप है कि टी.जी. मोहनदास ने अपने यूट्यूब चैनल 'पत्रिका' (Pathrika) पर जारी एक वीडियो में कहा कि यदि दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहे छात्र आंदोलनों को रोकने की जिम्मेदारी उन्हें दी गई होती, तो वे कठोरतम हिंसक कार्रवाई करते। मोहनदास के अनुसार, 'मैं जंतर-मंतर के 4 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में कर्फ्यू लगा देता। फिर लाउडस्पीकर पर भीड़ को हटने की तीन चेतावनियां देता। इसके बाद गोली चलाने का आदेश देता। लोग इधर-उधर भागते, कुछ मरते, कुछ गंभीर रूप से घायल होते। चार घंटे के भीतर स्थिति शांत हो जाती और फिर हम शवों को उठाकर अस्पताल पहुंचा देते। ' एक अन्य वीडियो क्लिप में उन्होंने आंदोलन में शामिल महिला प्रदर्शनकारियों को लेकर बेहद आपत्तिजनक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 'वहां सामूहिक बलात्कार और हत्याएं होंगी। बलात्कार की कोई शिकायत दर्ज नहीं होगी, क्योंकि प्रदर्शनों में शामिल होने वाली धर्मनिरपेक्ष और वामपंथी महिलाएं बलात्कार पसंद करती हैं। ' री विरोध के बीच RSS के केरल इकाई के पदाधिकारियों ने मोहनदास के बयानों से खुद को अलग कर लिया। संघ ने स्पष्ट किया कि मोहनदास संगठन के किसी आधिकारिक पद पर नहीं हैं और ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं। संघ ने इन बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की। कांग्रेस पार्टी ने इन बयानों को 'घृणास्पद और महिला विरोधी मानसिकता' का प्रतीक बताते हुए तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, DYFI के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद ए.ए. रहीम ने भी कहा कि इस मामले से राजनीतिक और कानूनी दोनों स्तरों पर निपटा जाएगा। टी.जी. मोहनदास पेशे से इंजीनियर और वकील रहे हैं। वे केरल में भाजपा और संघ परिवार से जुड़े बौद्धिक मंचों पर सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं तथा भाजपा के राज्य बौद्धिक प्रकोष्ठ (Intellectual Cell) के संयोजक भी रह चुके हैं। कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग, तिरुवनंतपुरम से ग्रेजुएशन करने के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियर के तौर पर उन्होंने महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड और केल्ट्रॉन के साथ काम किया है।

ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के नेता टी.टी. जिस्मन, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन , और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के महासचिव वी.एम. अलियार समेत कई नेताओं ने केरल के राज्य पुलिस प्रमुख और गृह मंत्री के समक्ष आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की।

62 साल की उम्र में, वे गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, एर्नाकुलम में रेगुलर स्टूडेंट थे। बहरहाल, अब वो यूट्यूब चैनल चलाते हैं। दिनेश बिवाल और विकास बिवाल उन 13 आरोपियों में शामिल हैं जिन्हें सीबीआई ने तय परीक्षा की तारीख से पहले नीट-यूजी पेपर लीक करने के कथित अपराध में गिरफ्तार किया था। सभी आरोपी 6 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में हैं। 12 मई को एक सरकारी अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई थी। 23 जुलाई को राऊज एवेन्यू कोर्ट में 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) एक्ट-2024' और इससे जुड़े अन्य अपराधों की सुनवाई के लिए एक फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई गई। इससे जुड़े सभी मामले फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर कर दिए जाएंगे।

## श्री राम जानकी मंदिर में अखंड पाठ, हवन पूजन गुरुपूजन एवं पूर्णाहुति का हुआ आयोजन

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** श्रीराम जानकी मंदिर पर गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में हुए अखण्ड पाठ के पश्चात हवन पूजन गुरुपूजन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन हो गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पूरनपुर के रामलीला मैदान के सामने श्रीराम जानकी मंदिर के महंत बाबा राघवदास के द्वारा गुरुपूर्णिमा के उपलक्ष्य में 28 जुलाई से अखण्ड पाठ का शुभारंभ हुआ था। अखण्ड पाठ के पश्चात हवन पूजन, गुरुपूजन एवं पूर्णाहुति के साथ धार्मिक कार्यक्रम का समापन हो गया। महंत बाबा राघवदास ने भोग लगाकर भंडारे का शुभारंभ किया। महंत बाबा राघवदास ने दूर-दराज से आए हुए सन्त महात्माओं का स्वागत किया। भंडारे में कई जिलों के महात्माओं एवं श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# राम मंदिर चंदा गबन मामला: सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी में फॉरेंसिक ऑडिटर जोड़ने का दिया निर्देश, मांगी स्टेटस रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट को मिले चंदे के कथित गबन के आरोपों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश सरकार को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) में एक फॉरेंसिक ऑडिटर को शामिल करने का निर्देश दिया। साथ ही, अदालत ने SIT से जांच की प्रगति पर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। चीफ़ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहन की खंडपीठ राम मंदिर को मिले चंदे के कथित गबन की सीबीआई जांच और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वित्तीय लेन-देन के ऑडिट की मांग वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ के आईजी एस. किरण की अध्यक्षता में एक स्ढ्ढञ्ज गठित की है। खंडपीठ के सुझाव पर उन्होंने फॉरेंसिक ऑडिटर को भी जांच में शामिल करने पर सहमति जताई।

याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने दलील दी कि देशभर से राम मंदिर निर्माण के लिए प्राप्त चंदे का ऑडिट होना चाहिए और ट्रस्ट को प्राप्त राशि का विवरण सार्वजनिक किया जाना चाहिए ताकि दानदाताओं को पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इस पर चीफ़ जस्टिस ने कहा कि फिलहाल अदालत का पूरा ध्यान तेज और गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करने पर है।

उन्होंने कहा कि SIT अपनी रिपोर्ट दाखिल करे, उसके बाद पारदर्शिता और अन्य सुधारात्मक उपायों पर विचार किया जाएगा।

सुप्रीमकोर्ट का मानना है कि जब मामला करोड़ों रुपये के दान और उसके इस्तेमाल से जुड़ा हो, तब केवल आपराधिक जांच पर्याप्त नहीं होती।पैसों का पूरा हिसाब भी वैज्ञानिक तरीके से खंगालना जरूरी होता है। यही वजह है कि इस मामले में फॉरेंसिक ऑडिटर की भूमिका चर्चा में आ गई है।

# प्रदर्शनकारी छात्रों को सुप्रीम राहत, एफआईआर पर दंडात्मक कार्रवाई पर रोक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शनों से जुड़ी जनहित याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने पैलेट गन के इस्तेमाल, इलेक्ट्रिक बैटन, गंभीर रूप से घायल प्रदर्शनकारियों, वकीलों और मीडिया कर्मियों पर हमलों जैसे मुद्दों का उल्लेख किया। प्रदर्शनकारियों को कोर्ट से राहत मिली है। स्न्ढ्ढक्र पर दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है और साथ ही केंद्र समेत 7 राज्यों को नोटिस जारी किया गया है। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सभी मामलों में लगभग समान मुद्दे सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि याचिकाओं में पैलेट गन के इस्तेमाल से एक 19 वर्षीय युवक की आंखों की रोशनी जाने, इलेक्ट्रिक बैटन के कथित उपयोग, एक युवती के गंभीर रूप से घायल होकर आईसीयू में भर्ती होने, वकीलों के साथ मारपीट और एक पत्रकार पर हमले जैसे आरोप शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इन मामलों पर लंबी बहस की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि विवाद का मूल मुद्दा स्पष्ट है। उन्होंने यह भी दोहराया कि छात्र अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे और शांतिपूर्ण विरोध करना मौलिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हालिया छात्र विरोध प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा की सभी घटनाओं की निष्पक्ष, पारदर्शी और गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जा सकता है।शीर्ष अदालत ने कहा कि 'निर्धारित प्रोटोकॉल' का उल्लंघन होने पर कानून को अपना काम करना चाहिए। सुनवाई के शुरुआत में न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की सदस्यता वाली पीठ ने सवाल किया कि इन आरोपों की स्वतंत्र जांच क्यों नहीं होनी चाहिए।प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''जिस किसी ने भी ज्यादती की है या कानून अपने हाथ में लिया है, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।'' वकीलों की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए पीठ ने कहा कि विरोध कर रहे नीट छात्रों पर पुलिस की ज्यादतियों से जुड़े सभी आरोपों की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच जरूरी है।

# ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** कार्यकाल समाप्त होने के उपरांत शासन द्वारा प्रशासक बनाए जाने के बाद गांव के मुखिया द्वारा ग्राम वासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने की नीयत से निरंतर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में गांव में लगे कूड़े के ढेर को जेसीबी से हटवा कर निस्तारण हेतु गांव के बाहर फिकवाया गया है। ग्राम पंचायत शेरपुर कलां ग्राम पंचायत शेरपुर कलां में स्वच्छता और जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए एक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान गांव के मुख्य किनारों और सार्वजनिक स्थानों पर लंबे समय से पड़े कूड़े के ढेरों को हटाकर क्षेत्र को साफ-सुथरा और सुगम बनाया गया। सफाई अभियान की कमान प्रशासक प्रधान जाने आलम खान और ग्राम पंचायत सदस्य सैफ रजा मोन्टू वार्ड मेंबर शकूर मो0 ने संभाली। गांव के किनारे जमा कूड़े और गंदगी को



साफ करने के लिए जेसीबी मशीन का इस्तेमाल किया गया। जेसीबी के जरिए भारी मात्रा में कूड़े को उठाकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में भरवाया गया और फिर उसे गांव की सीमा से काफी दूर सुरक्षित स्थान पर फेंकवाया गया, ताकि गांव में किसी प्रकार की दुर्गंध या बीमारी फैलने का खतरा न रहे। विशेष सफाई अभियान के दौरान जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए उन्हें स्वच्छता का महत्व समझाया। ग्राम प्रधान जाने आलम खान ने ग्रामीणों से अपील की कि वह अपने घरों के आस-पास गंदगी न फैलने दें और कूड़े को निश्चित स्थानों या कूड़ेदानों में ही डालें।

# घर में घुसकर युवती व परिजनों से मारपीट सात नामजद समेत अन्य पर मुकदमा दर्ज

## .......आपसी विवाद में महिलाओं से मारपीट का आरोप, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच; आरोपियों की तलाश जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के हुलासखेड़ा गांव में आपसी विवाद के चलते घर में घुसकर युवती व उसके परिजनों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सात नामजद आरोपियों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हुलासखेड़ा गांव निवासी अंजली पुत्री स्वर्गीय सोहनलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार देर शाम वह अपनी बहन कविता और मां मुन्नी के साथ घर पर मौजूद थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोस के रहने वाले श्यामू, राजू, राहुल, सुशील, दीपांशु, रिया, रूपरानी, चंदन समेत अन्य




लोग घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर अंजली, उसकी बहन और मां के साथ मारपीट कर दी, जिससे तीनों घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर मोहनलालगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच के साथ आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

**एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।**

# अभियान के तहत संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के पास दो बच्चों को बाल श्रम से कराया मुक्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पीलीभीत।** अभियान के तहत संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के पास दो बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया। इस दौरान टीम ने प्रतिष्ठान संचालकों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ दिया। वहीं बच्चों के परिजनों को भी भविष्य में उनसे बाल श्रम न कराने की हिदायत दी। जिलाधिकारी के निर्देश पर पीलीभीत रेलवे स्टेशन परिसर के आस-पास बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने दो बालकों को बाल श्रम से मुक्त कराकर अग्रिम कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति ने दोनों बच्चों के परिजनों को भविष्य में बच्चों से बाल श्रम नहीं कराने की सख्त हिदायत देते हुए उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया। अभियान के दौरान आस-पास के प्रतिष्ठानों के संचालकों को भी बाल श्रम न कराने की चेतावनी दी गई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला ने बताया कि बाल श्रम कराने वाले सेवायोजकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला एवं अंजू अग्रवाल के निर्देशन में चलाया गया। संयुक्त टीम में चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, एएचटी प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह, जीआरपी प्रभारी ओम कुमार, आरपीएफ के एएसआई, कांस्टेबल अमित तथा महिला कांस्टेबल संध्या गहलोत सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

